सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
21.03.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित — सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net | चैत्र, कृष्ण पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 245



12 ईद पर रिलीज होगी सलमान की फिल्म सिकंदर




### राज्य में मेडिकल टूरिज्म विकसित किया जायेगा, रिम्स की क्षमता बढ़ेगी : इरफान

# हेल्थ विभाग में 10 हजार नियुक्तियां शीघ्र : मंत्री

### अनुदान मांग पारित, स्वास्थ्य मंत्री के भाषण के दौरान विपक्ष का वॉक आउट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने बजट सत्र में गुरुवार को भोजनावकाश के बाद स्वास्थ्य विभाग के बजट पर चल रहे वाद-विवाद के बाद राज्य के लोगों के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं। स्वास्थ्य विभाग में जल्द ही सरकार 10 हजार नियुक्तियां करेगी। सरकार राज्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई नये काम करेगी। जनता को 300 बाइक एम्बुलेंस मिलेगी। सभी अस्पतालों में आंख की जांच होगी। दुमका, कोडरमा, चाईबासा में नर्सिंग कॉलेज खोला जायेगा। सहिया बहनों के लिए 42 हजार टैब एक महीने के अंदर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि राज्य में मेडिकल टूरिज्म को विकसित किया जाएगा। इसके लिए 85 एकड़ में मेडिको सिटी बनेगी। इसके बाद सदन में स्वास्थ्य विभाग का 74 अरब 70 करोड़ 50 लाख, 86 हजार का अनुदान मांग ध्वनिमत से पारित हो गया। विभाग के बजट पर कटौती का प्रस्ताव भाजपा के विधायक मनोज कुमार यादव ने रखा था, लेकिन स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने उसे अस्वीकृत कर दिया। इस दौरान भाजपा ने सदन से वाकआउट किया।

**झारखंड के लोगों को मुफ्त दवा मिलेगी :** स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि झारखंड के लोगों को मुफ्त दवा मिलेगी। 10 रुपये में मलेरिया, क्रिटनीन और ईसीजी जैसे टेस्ट होंगे। गर्भवती महिलाओं का मुफ्त अल्ट्रासाउंड होगा। झारखंड में एआई टेक्नोलॉजी स्वास्थ्य विभाग अपनायेगा। रोबोटिक सर्जरी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल आपरेशन में होगा। 25 हेल्थ कॉटेज राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में बनेगा। सुदूरवर्ती ट्राइबल क्षेत्र में खुलेगा हेल्थ कॉटेज। अगले दो वर्ष 1258 नये स्वास्थ्य उपकेंद्र खोले जायेंगे। सरकारी डॉक्टरों की इच्छानुसार पोस्टिंग होगी। मेडिको सिटी का निर्माण रांची में होगा। इससे मेडिकल टूरिज्म को लाभ मिलेगा।

(शेष पेज 11 पर)

### हेमंत झारखंड के राम हैं, हनुमान हमेशा साथ रहेगा

सदन में चर्चा के दौरान स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड के राम हैं। वह अंदर से बिल्कुल साफ हैं। हेमंत सोरेन शाहरुख खान की तरह चमकते हैं। इरफान अंसारी ने कहा कि राम को हनुमान से जुदा करने का प्रयास किया। हनुमान कभी राम से जुदा नहीं हो सकता है। एक समय मैं राजनीतिक चक्रव्यूह में फंस गया था। मुझ पर घिनौने आरोप लगे। मैं नौ-छह नहीं जानता। उस जगह पर दुबारा वापस आया। सीएम ने अपने हुनुमान पर भरोसा किया। मेरे तीसरी बार विधायक बनने का श्रेय कल्पना भाभी को जाता है। चुनाव के दौरान हमारे खिलाफ घिनौने आरोप लगाये गये। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश असम के लोग 10-10 हेलीकॉप्टर उड़ाये, पर पब्लिक जुट नहीं पायी।


फाईल फोटो

### 6500 करोड़ से रिम्स का पुनरुद्धार होगा

इरफान अंसारी ने कहा कि 6500 करोड़ से रिम्स का रिडेवलपमेंट होगा। 2200 बेड की क्षमता को बढ़ाकर 3500 किया जायेगा। 5000 क्षमता का ओपीडी हॉल बनेगा। यूजी और पीजी स्टूडेंट्स के लिए हॉस्टल बनेगा। डॉक्टरों के लिए फ्लैट बनाया जायेगा। इसके पहले नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सूचना के तहत पूछा कि डाकिया योजना के तहत लिप्तीपाड़ा में 2023 से पहाड़िया जनजाति को राशन नहीं मिला है। इसके पीछे क्या कारण है और दोषी अधिकारियों पर कारवाई करने की आवश्यकता है। विधायक प्रदीप यादव ने ब्लड बैंक में ब्लड की कमी पर चिंता जताई। ब्लड डोनर को 25 रुपया के स्थान पर 100 रुपया देने की मांग करते हुये ब्लड डोनर कार्ड देने की मांग की। विधायक नवीन जायवाल ने कहा कि नगड़ी प्रखंड में सीएचसी नहीं है। स्वास्थ्य विभाग अनुबंधकर्मी के भरोसे चल रहा है। यह अबुआ सरकार कब तक बबुआ बनायेगी। 108 डायल कर एम्बुलेंस बुलाकर देख लीजिये, कब आता है।

## न्यूज डायरी

### बर्फ की सफेद चादर से ढका बद्रीनाथ धाम



**नयी दिल्ली।** उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में बीते दिनों हुई जमकर बर्फबारी से भगवान बद्री विशाल का मंदिर बर्फ की चादर से ढक गया है। मंदिर के चारों ओर बर्फ की कई फीट मोटी परत जम गयी है, जिसे हटाने का काम किया जा रहा है। बर्फबारी के चलते भगवान बद्री विशाल का मंदिर बर्फ की चादर से ढक गया है। भगवान बद्री विशाल के धाम के कपाट खुलने में अभी दो माह का समय बचा हुआ है, लेकिन इस बार सभी तीर्थ यात्रियों को भगवान बद्री विशाल के धाम के कपाट खुलते समय चारों तरफ सुंदर बर्फ के नजारे भी देखने को मिल सकते हैं।

### नारे लिखे शर्ट पहन कर आने से संसद ठप

**नयी दिल्ली।** नारे लिखी हुई टी-शर्ट के कारण गुरुवार को संसद की कार्यवाही नहीं चल सकी। राज्यसभा में शुरूआती मिनटों की कार्यवाही के बाद न तो कोई प्रश्न पूछा जा सका, न ही किसी विषय पर सदन में कोई चर्चा हुई। कुछ यही हाल लोकसभा का भी रहा। दोनों सदनों की कार्यवाही बाद में शुक्रवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी। डीएमके के सांसद परिसीमन के संबंध में नारे लिखी हुई टी-शर्ट पहनकर सदन में पहुंचे।

### वित्त मंत्री की अनुपस्थिति में सुदिव्य सोनू अधिकृत

**रांची।** विधान सभा के बजट सत्र में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर के अस्वस्थ हो जाने के कारण उनकी अनुपस्थिति में उनसे संबंधित विधायी कार्यों के लिए मंत्री सुदिव्य कुमार को प्राधिकृत किया गया।

### राईस मिलों की संख्या बढ़ेगी : मुख्यमंत्री

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि धान क्रय की प्रक्रिया एक रोटेशन सिस्टम है। उस हिसाब से धान का उठाव होता है। कभी-कभी किसी वर्ष अधिक समय लग जाता है। इसे ले कर राइस मिलों की संख्या बढ़ायी जा रही है। वह सदन में विधायक जयराम महतो के सवाल का जवाब दे रहे थे।

## गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 80200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 104000 रु./प्रति किलो |




# बदला मौसम का मिजाज गरज के साथ हुई बारिश

### अचानक अंधेरा छाया, वज्रपात की घटना में दो की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची समेत संथाल परगगना, जमशेदपुर, हजारीबाग, धनबाद समेत राज्य के कई इलाकों में गुवार को दोपहर बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। दोपहर बाद अंधेरा छा गया और हल्की बारिश शुरू हो गयी। जो फिर तेज हो गयी। तेज गर्जन भी और बारिश के दौरान ठनका गिरने से से अबतक राज्य भर से तीन लोगों की मौत की भी खबर है। राजधानी में अंधेरा छाने से सड़क पर चल रहे वाहनों को लाईट जलानी पड़ी। बारिश के बाद तापमान में थोड़ी कमी आयी है, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है।



**तेज हवा, ठनका को लेक अलर्ट :** मौसम विभाग के अनुसार 21 मार्च को दक्षिणी और इससे जुड़े मध्यवर्ती भागों में कहीं-कहीं गर्जन, ओलावृष्टि और 50-60 की गति से हवा चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 22 मार्च को भी उत्तरी भाग के कुछ हिस्सों में कहीं-कहीं गर्जन और 40-50 किमी की गति से हवा चलने को लेकर अलर्ट किया गया है। (शेष पेज 11 पर)

### झारखंड के सीइओ से साइबर ठगी का प्रयास, जांच में जुटी क्राइम ब्रांच!

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** वीआईपी और आम लोगों के साथ ठगी करनेवाले साइबर अपराधियों ने झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी(सीइओ) के रवि कुमार से साइबर ठगी का प्रयास किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के नाम पर उनके बेटे और कुछ करीबीओं से ठगी का प्रयास किया। मामले को लेकर के रवि कुमार के द्वारा रांची के साइबर थाना में शिकायत दर्ज करायी है। पूरे मामले की जांच में क्राइम ब्रांच के अधिकारी जुट गये हैं। सीइओ के द्वारा यह बताया गया है कि साइबर ठगों ने उनकी तस्वीर व्हाट्सएप के डीपी में लगाकर उनके कुछ परिचितों को मैसेज भेजा। उनसे विभिन्न तरह के कारण बताकर 50-50 हजार रुपये मांगे। कुछ परिचितों ने जब उनसे संपर्क कर इसकी जानकारी दी तब उन्हें यह पता चला कि साइबर अपराधी उनके करीबियों से ठगी का प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने रांची के साइबर थाना में मामला दर्ज कराया। (शेष पेज 11 पर)



### आज मशाल जुलूस 22 को चक्का जाम

**रांची।** केन्द्रीय सरना स्थल सिरम टोली बचाओ मोर्चा के तत्वावधान में विभिन्न आदिवासी संगठनों ने गुरुवार को करम टोली धुमकुड़िया में पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान सामाजिक अगुवाओं ने कहा कि झारखंड सरकार आदिवासियों को आन्दोलन करने पर विवश कर रही है। फ्लाईओवर के रैंप को सरना स्थल के सामने से हटाना ही होगा। नहीं तो आदिवासी समाज फ्लाईओवर को कभी कम्पलीट करने नहीं देगा। विरोध स्वरूप वे लोग 21 मशाल जुलूस निकालेंगे। साथ ही 22 मार्च को सुबह छह बजे सड़क पर उतर कर चौक चौराहों में चक्का जाम करेंगे। आवश्यक सेवाओं एंबुलेंस, अस्पताल, दवा दुकान और मरीजों को जाम से मुक्त रखा जायेगा।

# छत्तीसगढ़ में 30 नक्सली ढेर, एक जवान भी शहीद

### बीजापुर में 26, कांकेर में 4 नक्सलियों के शव मिले, हथियार बरामद

**एजेंसी**


**बीजापुर/कांकेर।** छत्तीसगढ़ में दो अलग अलग मुठभेड़ों में सुरक्षाबलों ने 30 नक्सलियों को मार गिराया। बीजापुर जिले में 26 नक्सली मारे गये जबकि कांकेर इलाके में बीएसएफ और राज्य पुलिस के डीआरजी कर्मियों की संयुक्त टीम ने चार माओवादियों को मार गिराया। सभी के शव भी बरामद कर लिये गये हैं। बीजापुर में मुठभेड़ में एक पुलिस जवान भी शहीद हो गया। शहीद डीआरजी जवान राजू ओयम भैरमगढ़ के निवासी थे। वहीं नयी दिल ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नक्सलमुक्त भारत अभियान की दिशा में आज हमारे जवानों ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है।



**सर्च अभियान जारी :** बस्तर रेंज आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि बस्तर संभाग के अंतर्गत बीजापुर और कांकेर में अलग अलग एनकाउंटर हुआ। बीजापुर मुठभेड़ में बीजापुर डीआरजी, सुकमा डीआरजी, कोबरा सीआरपीएफ बल शामिल रहा। बीजापुर दंतेवाड़ा सुकमा के सरहदी इलाके में मुठभेड़ हुई। इन इलाकों में पश्चिम बस्तर माओवादी डिवीजन कमेटी और पीएलजीए कंपनी नंबर 2 की मौजदूगी रहती है। बीजापुर की मुठभेड़ में 26 नक्सली मारे गये हैं। वहीं मुठभेड़ के दौरान एक जवान शहीद हुआ है। कांकेर एनकाउंटर में अब तक कुल 4 नक्सलियों के शव बरामद किये गये हैं। सुरक्षा बल लगातार सर्चिंग कर रहे हैं। अभियान में एसटीएफ कोबरा, बस्तर फाइटर सहित सीआरपीएफ के जवान शामिल थे। सुबह 7 बजे से मुठभेड़ शुरू हुई, जों शाम 7 बजे तक चला। बड़े कैडर की मौजूदगी की सूचना पर संयुक्त बलों की टीम रवाना की गयी थी।

**कई अत्याधुनिक हथियार मरामद :** बीजापुर के एसपी ने बताया कि एनकाउंटर केबाद मुठभेड़ स्थल से 26 वदीर्धारी माओवादियों के शव और भारी मात्रा में एके 47, एसएलआर, इंसास राइफल, थ्री नॉट थ्री रायफल, रॉकेट लांचर और बीजीएल लांचर बरामद हुआ है। भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ भी बरामद हुआ है। बस्तर रेंज आईजी ने बताया कि कांकेर नारायणपुर सरहदी इलाके में उत्तर बस्तर माड़ डिवीजन कमेटी और पीएलजीए कंपनी नंबर 5 की मौजूदगी की सूचना पर कांकेर डीआरजी और बीएसएफ का बल रवाना किया गया था।

### केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दी बधाई



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने इसे नक्सल मुक्त भारत अभियान की दिशा में एक बड़ी सफलता बताया है। सोशल मीडिया एक्स पर अपने पोस्ट में कहा मोदी सरकार नक्सलियों के खिलाफ कड़े रुख के साथ से आगे बढ़ रही है। समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपना रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सल मुक्त होने वाला है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि क्रूर, निरंकुश नक्सलवाद का अंत उचित है। भयमुक्त होगा बस्तर 2026 तक, यह सुनिश्चित है। हमारे जवानों के हौसले बढ़े हुए हैं। नक्सली बैकफुट पर हैं और आने वाले समय में पूरा हमारा क्षेत्र नक्सल मुक्त राज्य के रूप में स्थापित होगा।

### विधान परिषद में राबड़ी देवी के आरोप पर भड़के नीतीश, कहा

# छोड़ा न, तोहरा कौन चीज मालूम है आप क्या थे, कउची के लिए सीएम बने

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना ।** बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के 13वें दिन गुरुवार को दोनों सदनों में अपराध और कानून व्यवस्था पर दोनों सदनो में सियासी संग्राम का नजारा दिखा। विधानसभा में विपक्षी दलों ने नारेबाजी और हंगामा करते हुए वाक आउट किया तो विधान परिषद में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राबड़ी देवी आपस में भिड़ गये। दोनों के बीच जमकर नोक झोंक हुई। राबड़ी देवी ने सरकार पर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया तो नीतीश कुमार उनपर बरस पड़े। खांटी अंदाज में नीतीश कुमार ने राबड़ी देवी से कहा, छोड़ा न, तोहरा कौन चीज मालूम है। आप क्या थे, कउची के लिए मुख्यमंत्री बने। आपके पति जब हटाये गये तो आप बन गये। हटे तो घरवे के आदमी को बना दिया। सभापति के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ।



**एक काम भी जनहित में नहीं किया :** राबड़ी देवी की ओर इशारा करते हुए मुख्यमंत्री ने पूछा कि आज तक इन लोगों ने किसी के लिए कोई काम किया? एक काम भी जनता की भलाई के लिए नहीं किया। इनके राज में हिंदू मुस्लिम के बीच कितना झगड़ा होता था। जब हम लोग आये तो काम शुरू किया। (शेष पेज 11 पर)

### सदन में मोबाइल देख विफर पड़े सीएम

वहीं बिहार विधानसभा में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भड़क उठे। सदन में एक विधायक के मोबाइल देखने पर सीएम ने नाराजगी जतायी और विधानसभा अध्यक्ष से अपील की कि सदन में मोबाइल पूरी तरह प्रतिबंधित किया जाये। सीएम गुस्सा भड़क उठा। उन्होंने सदन में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर विधायकों को फटकार लगायी। उन्होंने सख्त लहजे में विधानसभा अध्यक्ष से अपील की कि सदन में मोबाइल फोन के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाये। उन्होंने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, मोबाइल पर बात कर रहा है यह कोई बात नहीं है। अध्यक्ष जी, आप कहिए कि कोई मोबाइल लेकर नहीं आये। 10 साल नहीं, उससे पहले धरती खत्म हो जायेगी। पहले हम खूब देखते थे, अब हम छोड़ दिये। मोबाइल प्रतिबंधित है। जो लेकर आयेगा, उसे बाहर निकाल दिया जाये। अपनी बात बोलिए, मोबाइल लेकर क्यों खड़े हो जाते हैं।

## आंखें ना दिखायें, बंद कर देंगे दिल्ली का बोरिया बिस्तर : इरफान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने भाजपा और केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि दिल्ली में बैठे उनके नेता हमें आंखें न दिखायें, वरना हम दिल्ली का बोरिया बिस्तर बंद कर देंगे। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि हमारी भी दिल्ली और भाजपा पर पैनी नजर है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता तुहिन सिन्हा द्वारा दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर झारखंड में भ्रष्टाचार और घुसपैठ का सवाल उठाये जाने स्वास्थ्य मंत्री काफी नाराज दिखे। उन्होंने कहा कि हम अपने पांच साल के कार्यकाल और उपलब्धियों का लेखा-जोखा तैयार कर रहे हैं। दिल्ली में बैठे भाजपा नेता हमें दोष न दें।

**दिल्ली हमारे कोयले, लोहे से चलती है :** इरफान अंसारी ने कहा कि भाजपा एक आदिवासी सीएम के नेतृत्व में राज्य में चल रही सरकार को पचा नहीं पा रही है। यही कारण है कि दिल्ली में बैठे उसके नेता बेबुनियाद बयानबाजी कर रहे हैं।

इरफान अंसारी ने कहा कि दिल्ली हमारे कोयले और लोहे से चलती है, जिस दिन हमने आंखे दिखायी, दिल्ली बंद हो जायेगी। उन्होंने कहा, अगर भाजपा दिल्ली से बार-बार प्रेस कॉन्फ्रेंस कर झारखंड पर आरोप लगायेगी तो हम पूरे भरोसे के साथ कह रहे हैं कि हम दिल्ली का बोरिया बिस्तर समेट देंगे और बिजली गुल कर देंगे। उन्होंने कहा कि खनिज संपदा को बंद करके हम यह मैसेज देंगे कि हमें आंखे दिखाना बंद करो।

भाजपा विधायक नीरा यादव ने मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए दिया सुझाव, कहा

# सत्यापन शिविर लगा कर करें त्रुटि दूर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा विधायक नीरा यादव ने गुरुवार को सदन में कहा कि मंईयां सम्मान योजना के तहत विधानसभा चुनाव से पहले तीन महीने की राशि बगैर सत्यापन के दे दी गई। अब सत्यापन के नाम पर महिलाओं के नाम काटे जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि सत्यापन होना चाहिये। लेकिन जरूरतमंद महिला इसके लाभ से वंचित न हों, इसे भी सरकार सुनिश्चित करे। उन्होंने शिविर लगाकर सत्यापन का कार्य त्वरित ढंग से करने का सुझाव दिया। जवाब में प्रभारी मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि इसमें सुधार करने का प्रयास किया जायेगा। इसी बीच भाजपा के मनोज यादव ने कहा कि लाभुकों की सूची नोटिस बोर्ड में लगाया जाना चाहिये।



**24 घंटे में ट्रांसफार्मर नहीं बनने पर हर्जाना का प्रविधान :** राज्य सरकार ने बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने पर 24 घंटे के भीतर उसे दुरुस्त करने या बदलने की अनिवार्यता लागू की है। इस अवधि में ट्रांसफार्मर नही बनने पर प्रभावित उपभोक्ताओं को 25 रुपये की दर से हर्जाना देने का प्रविधान है। लेकिन 2015 में लागू इस नियम के तहत संबंधित मामले में निर्धारित अवधि में ट्रांसफार्मर दुरुस्त नहीं होने या नहीं बदलने पर किसी लाभुक को हर्जाना नहीं दिया जा सका है। प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने गुरुवार को विधानसभा में विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के सवाल पर इसे स्वीकार करते हुये कहा कि कोई दावा या आपत्ति ही नहीं आई। उन्होंने कहा कि दावा करने पर हर्जाना मुहैया कराये जाने की पहल की जायेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इतना गंभीर विषय होने के बाद भी मंत्री सदन को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। मंत्री ने जवाब में कहा कि ट्रासफार्मर खराब होने पर निर्धारित समय पर दुरुस्त करने का प्रयास किया जायेगा।

**मॉडल कोल्ड स्टोरेज के लिये तैयार है प्रस्ताव :** कृषि एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि उनके विभाग ने मॉडल कोल्ड स्टोरेज के निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया है। इसके लिये वित्त विभाग से राशि की मांग की गई है। वित्त की स्वीकृति मिलने के बाद इस योजना को लागू किया जायेगा। उन्होंने झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू के एक सवाल पर जवाब दिया।

**बिहार से उद्योगों की परिसंपत्ति बंटवारे पर विशेष अधिवक्ता करेंगे पैरवी :** राज्य सरकार बिहार उद्योग निगम ;बीएसआइडीसीद्ध की परिसंपत्ति के बंटवारे के लिए गंभीरता से पहल करेगी। भाकपा माले विधायक अरूप चटर्जी के सवाल के उत्तर में मंत्री संजय प्रसाद यादव ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मामला सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में है। राज्य सरकार ने अपना पक्ष बेहतर तरीके से रखने के लिए विशेष अधिवक्ता की प्रतिनियुक्ति की है।

## जल नीति की समीक्षा करेगी सरकार, झालको होगा पुनर्जीवित



मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि झारखंड सरकार राज्य के जल नीति की समीक्षा करेगी। दरअसल, डॉ रामेश्वर उरांव के ध्यानाकर्षण सूचना के जवाब में मंत्री ने यह जानकारी दी। रामेश्वर उरांव ने जल संसाधन आयोग बनाने की पूर्व की घोषणा का हवाला देते हुये कहा कि वे पूरे मन से सरकार को आधा आशीर्वाद देंगे। क्यों सरकार ने घोषणा तो की, लेकिन इसे पूरा नहीं किया। राज्य सरकार को पानी प्रबंधन का उपाय करना चाहिये। उन्होंने सुझाव दिया कि बड़ी सिंचाई परियोजनाओं की बजाय लघु सिंचाई परियोजना पर राज्य सरकार फोकस करे। इस संदर्भ में स्वर्णरेखा परियोजना का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि यह वर्ष 1978 में आरंभ हुआ था। अभी भी काम जारी है। बड़े प्रोजेक्ट का खर्च अधिक होता है। परियोजनायें लेते समय कमांड एरिया को लेकर बड़ी बातें होती है। लेकिन आधा भी पूरा नहीं होता। नहर में गाद आ जाता है तो वह आधा भी खत्म हो जाता है। गाद की सफाई की जाये। सरकार सीमांत किसानों के लिये कुंआ बनाये। इस पर मंत्री ने कहा कि झारखंड हिल एरिया लिफ्ट इरिगेशन (झालको) को फिर से जीवित करेंगे।सरकार जल नीति की भी समीक्षा करेगी।

## खबर एक नजर में

### कंप्यूटर ऑपरेटर को बढ़े दर से मानदेय का भुगतान हो : अमित यादव

**रांची।** भाजपा विधायक अमित यादव ने कहा कि सचिवालय और इसके संलग्न कार्यालयों में कंप्यूटर ऑपरेटर को 40900 रुपये और क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों को 38500 रुपये मानदेय मिल रहा है। लेकिन महिला बाल विकास के कार्यालयों में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों को बढ़े दर से मानदेय का भुगतान नहीं हो रहा है। इस पर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि एक महीने के अंदर इस समस्या का समाधान कर लिया जायेगा। वहीं, विधायक समीर कुमार मोहंती ने पूछा कि पूर्वी सिंहभूम के बहरागोड़ा, धालधूमगढ़, गुडाबांदा, पोटका और डुमरिया में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का भवन तैयार है। पढ़ाई कब शुरू होगी। इस पर मंत्री चंमरा लिंडा ने कहा कि जल्द शुरू होगा। विधायक सुरेश बैठा ने परिवहन दर में वृद्धि का मुद्दा उठाया। इसपर मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि टेंडर के जरिये 30 रुपये में ही काम हो जाता है तो 50 रुपये कैसे करेंगे। विधायक रामचंद्र सिंह के सवाल पर मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि प्रखंड परियोजना सहायकों के समायोजन के मामले को आदे बढ़ा रहे हैं। राज सिन्हा के कार्यस्थगन प्रस्ताव को अमान्य कर दिया गया।

### कई आपराधिक मामलों में संलिप्त शूटर वैभव यादव को हाईकोर्ट से मिली बेल

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने वैभव रंगदारी के किए हत्या करने के आरोपी वैभव यादव को जमानत दे दी है। वैभव यादव गैंगस्टर अमन सिंह का शूटर था, उसने वर्ष 2022 में रंजीत कुमार साव की गोली मारकर हत्या कर दी थी। रंजीत साव झरिया का बड़ा टायर व्यवसाई था। उससे अमन सिंह ने दस लाख रुपए की रंगदारी मांगी थी। इस संबंध में झरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वैभव के ऊपर धनबाद और बोकारो जिले के अलग थानों में कई केस दर्ज हैं। सुनवाई के दौरान यह बात सामने आई कि वैभव के ऊपर कुल लगभग 50 आपराधिक मामले चल रहे हैं। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट के सुनवाई हुई। कोर्ट ने उसे 50-50 हजार के दो निजी मुचलके भरने की शर्त पर बेल दी है। वैभव यादव की ओर से अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने बहस की।

### राधाकृष्ण किशोर की अनुपस्थिति में विधायी कार्यों के लिये सुदिव्य सोनू अधिकृत

**रांची।** विधान सभा के बजट सत्र में वित्त विभाग, वाणिज्य कर विभाग, योजना एवं विकास विभाग तथा संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर के अस्वस्थ हो जाने के कारण उनकी अनुपस्थिति में उनसे संबंधित विधायी कार्यों के लिये नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार को प्राधिकृत किया गया। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है।

### छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री सीएम से मिले



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में छत्तीसगढ़ के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने औपचारिक मुलाकात की। इस दौरान उनके बीच विभिन्न विषयों व मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मौके पर मंत्री इरफान अंसारी, शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक रामचन्द्र सिंह एवं विधायक सोनाराम सिंकू भी मौजूद थे।

### स्वास्थ बीमा योजना के खिलाफ कर्मचारियों में रोष : अजय साह

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कर्मचारी स्वास्थ्य बीमा योजना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह योजना कई खामियों से भरी हुई है। इससे राज्य के कर्मचारियों में गहरी नाराजगी है। उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुये कहा कि योजना को पूरी तरह लागू करने से पहले ही पुरानी मेडिकल रीइंबर्समेंट योजना को खत्म कर दिया गया। इससे कर्मचारी बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के रह गये हैं। यह सरकार की लापरवाही को दर्शाता है। उन्होंने कि इस योजना का लाभ उठाने के लिये कर्मचारियों को हेल्थ कार्ड बनवाना अनिवार्य है। लेकिन योजना लागू हुये 20 दिन हो चुके हैं, फिर भी मात्र 2,000 कर्मचारियों के हेल्थ कार्ड ही बनाये गये हैं। जबकि झारखंड में 1.6 लाख से अधिक सरकारी कर्मचारी अभी भी इससे वंचित हैं। इसके बावजूद सरकार ने उनकी पहले से मौजूद स्वास्थ्य सुविधाओं को समाप्त कर दिया है। इससे हजारों कर्मचारियों को चिकित्सा सेवाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों में मेडिका और मेदांता जैसे प्रमुख अस्पतालों का नाम नहीं है। जबकि गंभीर बीमारियों के इलाज के लिये आमतौर पर लोग इन्हीं अस्पतालों पर निर्भर रहते हैं। उन्होंने इस योजना के वित्तीय पहलू पर भी सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार इसे अपनी उपलब्धि बताकर वाहवाही लूट रही है। लेकिन इस योजना के तहत सरकारी कर्मचारियों से 500 प्रीमियम वसूला जा रहा है। जबकि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना में यह प्रीमियम सरकार द्वारा वहन किया जाता है। इससे कर्मचारियों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि जब 99 प्रतिशत कर्मचारियों के हेल्थ कार्ड ही नहीं बने हैं, तो फिर सरकार ने मार्च का प्रीमियम इंश्योरेंस कंपनी को किस आधार पर भुगतान किया। उन्होंने कहा कि यह पूरी योजना केवल दिखावे के लिए चलाई जा रही है। जबकि कर्मचारियों की वास्तविक जरूरतों को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने झारखंड सरकार से इस योजना की खामियों को तुरंत दूर करने और कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने की मांग की।

### जानलेवा हमले के आरोपियों का बयान दर्ज

रांची। सनमाईका कारोबारी हरमू रोड निवासी सौरव साहू पर जानलेवा हमला करने के मामले में अपर न्यायायुक्त पवन कुमार की अदालत ने ट्रायल फेस कर रहे पांच आरोपियों चंदन दास, अमन कुमार, अब्दुल नबी सैयद, गणेश सिंह और बिप्तू उर्फ करण रविदास का बयान दर्ज किया। आरोपियों ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताया। मामले में अब 11 अप्रैल से बहस प्रारंभ होगी। मेन रोड के विष्णु गली स्थिति मंगलमय प्लाई के दुकानदार विष्णु चौधरी से कारोबार को लेकर बातचीत चल रहा था। उसी दौरान ग्राहक के रूप में पहुंचे अपराधियों ने 21 अक्तूबर 2022 को जानलेवा हमला किया था। इसमें सौरव साहू को गोली लगी थी। घटना को लेकर डेली मार्केट में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी कांड संख्या 51/2022 के तहत दर्ज कराई गई थी।

### आरोपियों को वीसी के जरिये कोर्ट में किया पेश

रांची। बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले में आरोपियों को पुलिस पेपर सौंपा जाना है। मामले के कुछ आरोपियों ने अब तक पुलिस पेपर नहीं प्राप्त किया है। ऐसे आरोपियों को पुलिस पेपर अब तीन अप्रैल को सौंपा जा सकता है। मामले में सुनवाई के दौरान पीएमएल कोर्ट में अगली तारीख 3 अप्रैल निर्धारित की है। मामले में बीते 5 फरवरी को कुछ आरोपियों को पुलिस पेपर को सौंपा गया था। वहीं, जेल में बंद आरोपियों की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी की गई। जमानत पर चल रह आरोपियों की ओर से अधिवक्ता एवं सशरीर उपस्थित होकर हाजिरी दी। हेमंत सोरेन जमानत पर चल रहे हैं। उनकी ओर से वकील ने हाजिरी दी। मामले में हेमंत सोरेनए बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद, झामुमो नेता अंतु तिर्की, मो सद्दाम, मो अफसर अली, विपिन सिंह, प्रियरंजन सहाय, इरसाद अख्तर, शेखर कुशवाहा, मो इरशाद, कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के कर्मी तापस घोष और चौकीदार संजीत कुमार को पुलिस पेपर सौंपा जाना है।

# 11 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ ने विधानसभा के समक्ष दिया महाधरना

## बजट के सत्र के दौरान सदन के बाद कर्मी लगाते जिंदाबाद-मूर्दाबाद के नारे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार झारखंड राज्य कर्मचारी महासंघ ने अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर झारखंड विधानसभा के समक्ष राज्यस्तरीय महाधरना दिया। इसकी अध्यक्षता महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने की। इसमें महासंघ के सभी 24 जिलों एवं 72 संघों, यूनियनों, संस्थाओं के सचिवालय से लेकर मुफस्सिल तक के सैकड़ों राज्यकर्मी और शिक्षक शामिल हुए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव से गुहार लगाकर अपने 11 सूत्री मांगों को पूरा करने की जोरदार मांग की। इसमें राज्यकर्मियों की सेवानिवृत्ति की उम्र सीमा 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 वर्ष करने, योग्यता धारी चतुर्थ वर्गीय कर्मियों को बिना विभागीय परीक्षा के लिपिक संवर्ग में केंद्र एवं बिहार के तर्ज पर प्रोनोति देने, रिम्स के नर्सों सहित अन्य को ओ पी एस का लाभ देकर पुरानी पेंशन योजना में समाहित करने, शिक्षकों को एम ए सीपी का लाभ देते हुए गैर शैक्षणिक कार्य से मुक्त करने, लिपिकों को प्रोन्नती के पश्चात 2000 के जगह 2400 ग्रेड पे देने, जन सेवकों को प्रोन्नति देकर एमएसीपी का लाभ देने, श्रम नियोजन प्रशिक्षण विभाग के प्रशिक्षण अधिकारियों का डीजीटी पत्र के आलोक में ग्रेड पे 4200 के जगह 4600 देने, मोटर चालक अनुदेशक का ग्रेड पे प्रशिक्षण अधिकारी के समतुल्य देने, कोरोना काल के 18 महीने का महंगाई भत्ता एक मुश्त देने, 25-30 वर्षों से वन विभाग में कार्यरत श्रम पुस्त कर्मी, अनुबंध कर्मी कंप्यूटर ऑपरेटर, पारा स्वास्थ्य कर्मी, पारा शिक्षक, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका, चालक, नगर परिषद के कर्मियों और अनुबंध कमीर्यों को नियमित करने, एएनएम, जीएनएम की नियुक्ति नियमावली प्रोन्नति प्रदान करने के साथ बेरोजगारों को सरकारी रिक्त पद के विरुद्ध बहाल करने और बेरोजगारी भत्ता देने की मांग शामिल है।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर ने कहा कि आज का महाधरना ऐतिहासिक और अभूतपूर्व रहा, जो समस्त राज्यकर्मियों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासचिव साहेब राम भोक्ता ने कहा कि महासंघ पूरी ताकत के साथ राज्यकर्मियों की मांगों को उठाता रहेगा। इसलिए हम सबों को चप्तानी एकता के साथ एकजुट रहना होगा। आज की सभा को संबोधित करने वालों में महासंघ के राज्य अध्यक्ष आदिल जहीर, महासचिव साहेब राम भोक्ता, सम्मानित अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, संयुक्त महासचिव आतिश झा, उप महासचिव जितेंद्र सिंह, राज्य सचिव सुशील कुमार सिंह, रामरेखा राय, सुरेंद्र कुमार, रामसेवक महतो, राजेश्वर चौधरी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष मृत्युंजय झा, अखिलेश कुमार, जयराम सिंह, रामविलास शाह, निवारण महतो, रवि भूषण, सुबोध कुमार के अलावा सुजय राय शामिल हैं। इनके अलावा जेनरल कामगार यूनियन के महासचिव अंजनी कुमार पांडे ने महासंघ के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि महासंघ हमेशा से कर्मचारियों के लिए लड़ता रहा है। साथ ही मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में जावेद अनवर, अमरनाथ पांडे, समीउल्लाह, सतनारायण महतो, राम लखन यादव, प्रदीप मंडल, नौशाद अहमद, सुबोध कुमार, अमुन तिर्की, संतोष कुमार, श्रीनिवास माइकल कुजूर, राजेश कुमार, शैलेश कुमार सिंह एवं प्रमोद कुमार सहित सैकड़ो कर्मचारीगण उपस्थित थे। अंत में सरकार के प्रतिनिधि को मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा गया और धन्यवाद ज्ञापन कर सभा समाप्त की गई।

## बिमार वित्त मंत्री को देखने अस्पताल पहुंचे मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की अचानक तबीयत खराब हो गयी। खांसी की शिकायत काफी बढ़ने के बाद उन्हें बुधवार की रात ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां फिलहाल उन्हें विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। गुरुवार को मंत्री से मिलने नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी भी हॉस्पिटल पहुंचे। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष ने राज्यसभा सांसद महुआ माजी से भी मुलाकात की। उनका हाल-चाल पूछा।



**24 घंटे तक डॉक्टरों की निगरानी में रहेंगे मंत्री :** जानकारी के अनुसार बीते कुछ दिनों से मंत्री को खांसी की शिकायत थी। बुधवार की रात सांस लेने में तकलीफ होने और खांसी की समस्या काफी बढ़ जाने के बाद उन्हें ऑर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां वे विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में हैं। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, मंत्री राधाकृष्ण किशोर ओपीडी के छाती रोग विशेषज्ञ डॉ निशीथ कुमार की परामर्श और निगरानी में है। उनकी छाती का सीटी स्कैन किया गया है, जिसमें हल्का इंफेक्शन पाया गया है। फिलहाल उन्हें पल्मोनोलॉजी विभाग में रखा गया है। अगले 24 घंटे तक मंत्री डॉक्टरों की निगरानी में ही रहेंगे।

### नाबालिग संग दुष्कर्म करने का दोषी करार

रांची। शादी का झूठा आश्वासन देकर नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म करने से जुड़े 12 साल पुराने मामले में ट्रायल फेस कर रहा अभियुक्त कमलेश कुमार सिंह उर्फ कमलेश कुमार मुंडा को पोक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने गुरुवार को दोषी करार दिया है। साथ ही, उसकी सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिये 26 मार्च की तारीख निर्धारित की गई है। अभियुक्त डोरंडा थाना क्षेत्र के काली मंदिर हिनू निवासी है। अभियुक्त को पुलिस ने मामले में 8 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया था। घटना को लेकर पीड़िता की मां ने डोरंडा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें कहा गया है कि अभियुक्त नियमित रूप से उसकी बेटी को बहला फुसलाकर ले जाता था और धमकी देकर शादी करने का आश्वासन देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता था।

### गैरिसन इंजीनियर से चार दिन तक पूछताछ करेगी सीबीआई

**रांची।** रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार इंडियन डिफेंस सर्विस ऑफ इंजीनियर्स के गैरिसन इंजीनियर साहिल रातूसरिया से सीबीआई चार दिनों तक पूछताछ करेगी। गिरफ्तार इंजीनियर को गुरुवार को सीबीआई कोर्ट में पेश किया। साथ ही सीबीआई ने पूछताछ के लिये पुलिस रिमांड की मांग की। सुनवाई पश्चात अदालत ने चार दिनों की पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति दी। उसको सीबीआई ने बुधवार को आर्मी के आधारभूत संरचना का निर्माण देखने वाली कंपनी से बिल का भुगतान करने के एवज में 2 प्रतिशत का घूस मांगा था। इसे सीबीआई ने 40 हजार 500 रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। आरोपी ने 54 हजार की मांग की थी।

# झारखंड तसर रेशम उद्योग में देश का अग्रणी राज्य : राज्यपाल

### झारखंड में तसर रेशम उद्योग की महत्ता

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने कहा कि झारखंड इस उद्योग में देश का अग्रणी राज्य है और बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की आजीविका इससे जुड़ी हुई है। उन्होंने तसर रेशम उद्योग को पर्यावरण-संवेदनशील एवं सतत विकास का उदाहरण बताते हुए कहा कि इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलता है, बल्कि वन संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

**तसर रेशम उद्योग में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा :** राज्यपाल ने कहा कि तसर रेशम उत्पादन से लगभग 10 मिलियन लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। भारत सरकार द्वारा केंद्रीय रेशम बोर्ड एवं कपड़ा मंत्रालय के माध्यम से विभिन्न योजनाओं को लागू किया जा रहा है। इससे इस क्षेत्र में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा है।

**वैज्ञानिकों एवं शोधकताओं से आह्वान :** राज्यपाल ने वैज्ञानिकों एवं शोधकताओं से आह्वान किया कि वे तसर रेशम के उप-उत्पादों एवं उत्पाद विविधीकरण पर विशेष ध्यान दें, जिससे स्थानीय कारीगरों एवं बुनकरों की आय में वृद्धि हो सके।




### आदिवासी भूमिज मुंडा चुआड़ सेना ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन, हस्तक्षेप की मांग

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को आदिवासी भूमिज मुंडा चुआड़ सेना (झारखंड प्रदेश) द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया है। इसमें झारखंड विधानसभा सभा कक्ष में रघुनाथ महतो का चित्र लगाने के विरुद्ध आपत्ति दर्ज की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 10 मार्च 2025 को अमित महतो, विधायक, झारखंड विधानसभा ने विधानसभा परिसर में रघुनाथ महतो का चित्र लगाने की मांग की थी। इससे संबंधित झारखंड विधानसभा के प्राधिकरण को पत्र भी प्रस्तुत किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि रघुनाथ महतो को चुआड़ आंदोलन का नेता मानने का कोई ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध नहीं है। और यह विषय पूर्णतः काल्पनिक है। भूमिज आंदोलन को ही चुआड़ आंदोलन के रूप में जाना जाता है और इस संदर्भ में कई ऐतिहासिक प्रमाण उपलब्ध हैं। साथ ही, रघुनाथ महतो को चुआड़ आंदोलन का नेता घोषित करने की सत्यता को चुनौती देते हुए नागरिक न्यायालय, रांची में एक मामला (सूट/503/2024) लंबित है। ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से आग्रह किया गया है कि झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष को यह निर्देश दिया जाये कि जब तक न्यायालय का अंतिम निर्णय नहीं आ जाता, तब तक इस विषय को लंबित रखा जाये।

## राज्यपाल से मिले सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के प्रभारी वीसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय (एसकेएमयू) दुमका के प्रभारी कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने राजभवन में भेंट की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय की अद्यतन शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान की।



**विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का दिया निर्देश :** राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए व्यापक प्रयास करने कहा। उन्होंने विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ कराने, एकेडमिक कैलेंडर का पालन सुनिश्चित करने एवं सत्र को नियमितीकरण के लिए निर्देश दिया।

**शैक्षणिक वातावरण विकसित करने का निर्देश :** राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय में ऐसा शैक्षणिक वातावरण विकसित किया जाए, जो ज्ञान, नवाचार एवं शोध को प्रोत्साहित करे, जिससे विद्यार्थी न केवल अपने विषयों में दक्ष बनें, बल्कि समाज एवं राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान दें।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...




उत्तर प्रदेश संघ जमशेदपुर, झारखंड के जमशेदपुर शहर में स्थित एक प्रमुख संगठन है, जो उत्तर प्रदेश राज्य के मूल निवासियों और वहां से संबंधित व्यक्तियों के सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य हितों की रक्षा करता है। यह संघ उत्तर प्रदेश के लोगों के बीच एकजुटता और भाईचारे को बढ़ावा देता है। उत्तर प्रदेश संघ जमशेदपुर का स्थापना दिवस हर साल 15 जुलाई को मनाया जाता है। यह दिन विशेष रूप से इस संघ के उद्देश्यों और कार्यों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश संघ का मुख्यालय जमशेदपुर के नार्दन टाउन साकची में स्थित है

# टाटा स्टील ने फर्नेस ऑयल की जगह क्लीनर फ्यूल अपनाया

## भारत के फेरोक्रोम उद्योग में पहली पहल, सतत समाधान की दिशा में अग्रणी कदम

>> बीपीसीएल टाटा स्टील के फेरो एलॉयज प्लांट को पीएनजी की आपूर्ति करेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**भुवनेश्वर/जमशेदपुर।** पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए, टाटा स्टील ने ओडिशा के जाजपुर जिले में स्थित अपने फेरो एलॉयज प्लांट (एफएपी) में फर्नेस ऑयल की जगह पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) का उपयोग शुरू किया है। यह सतत पहल, जो भारत के फेरोक्रोम उद्योग में अपनी तरह की पहली है, टाटा स्टील को कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी लाने में मदद करेगी और देश के हरित औद्योगिक भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देगी। टाटा स्टील के फेरो एलॉयज और मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के तहत संचालित इस प्लांट में पीएनजी फैसिलिटी स्थापित की गई है। अब यह



**एफएएमडी के ईआइसी पंकज सतीजा प्लांट के उद्घाटन समारोह में सहयोगी पदाधिकारियों संग।**

प्लांट क्रोम अयस्क के प्रीहीटिंग के लिए क्लीनर फ्यूल का उपयोग करेगा, जिसे क्रोम अयस्क ब्रिकेट बनाने में इस्तेमाल किया जाता है।

यह सुविधा टाटा स्टील को फर्नेस ऑयल की जगह पूरी तरह प्राकृतिक गैस अपनाने में सक्षम बनाएगी, जो क्लीनर और अधिक सतत औद्योगिक संचालन की दिशा में एक महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी कदम है। पीएनजी सुविधा का उद्घाटन करते हुए, पंकज सतीजा, एग्जीक्यूटिव-इन-चार्ज, एफएएमडी, ने कहा, प्राकृतिक गैस फर्नेस ऑयल की तुलना में कहीं अधिक स्वच्छ रूप से जलती है और विशेष रूप से फर्नेस ऑयल में मौजूद उच्च सल्फर सामग्री के कारण होने वाले हानिकारक उत्सर्जन को काफी कम करती है। फर्नेस ऑयल को पीएनजी से बदलकर, हम न केवल ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों को कम करने में योगदान दे रहे हैं, बल्कि कम कार्बन फुटप्रिंट वाले ऊर्जा विकल्पों की ओर भी बढ़ रहे हैं।

हमारा लक्ष्य एक स्वच्छ, हरित और अधिक सतत भविष्य सुनिश्चित करना है, और इस दिशा में हमारी प्रतिबद्धता अटूट रहेगी। टाटा स्टील ने सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी तेल और गैस कंपनी, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे ताकि पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। एमओयू के तहत, बीपीसीएल निर्धारित मात्रा में प्राकृतिक गैस को अपनी पाइपलाइन के माध्यम से फेरो एलॉयज प्लांट तक पहुंचाएगा। यह बदलाव न केवल प्लांट के कार्बन फुटप्रिंट को काफी हद तक कम करेगा, बल्कि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में भी कमी लाएगा, जिससे टाटा स्टील की सस्टेनेबिलिटी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता और मजबूत होगी। एफएपी जाजपुर में आयोजित उद्घाटन समारोह में बीडी नंदा (चीफ-ऑपरेशंस, एफएपी जाजपुर, एफएपी गोपालपुर, एफएपी आथागढ़), आलोक कुमार पांडा (हेड, एफएपी जाजपुर), गणेश मिश्रा (हेड, ह्यूमन रिसोर्स बिजनेस पार्टनर, एफएएमडी), रवनीत सिंह (टेरीटरी मैनेजर, गैस), राजेश नायक (एसोसिएट इंजीनियर) और अस्मान सामल (एक्जीक्यूटिव, बीपीसीएल, ओडिशा) सहित टाटा स्टील के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

स्पीड न्यूज

### नमन की अखंड तिरंगा यात्रा 23 को



जमशेदपुर। 'नमन' द्वारा 23 मार्च को आयोजित दसवीं अखंड तिरंगा यात्रा सह शहीद सम्मान यात्रा के तहत जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय के बिष्टुपुर कार्यालय, सिदगोड़ा, श्री श्री शिव मंदिर, भालूबासा श्री श्री विजय हनुमान मंदिर जंबू अखाड़ा, साकची गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, साकची, शहीद चौक, नमन कार्यालय, झारखंड प्रदेश वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति, टेल्को, टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन, टाटा मोटर्स चेचिस ड्राइवर यूनियन, बिरसानगर जोन नंबर 9 श्री श्री हनुमान मंदिर समिति , टेल्को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, सिदगोड़ा मार्केट, बाराद्वारी, देवनगर, गोलपहाड़ी, गायत्री शक्तिपीठ, भुइंयाडीह, ब्राह्मण टोला, केबुल टाउन, हरिजन बस्ती, नंद नगर, ग्वाला बस्ती, बमार्माइंस, भक्तिनगर, गम्हरिया, जगन्नाथपुर, भुइंयाडीह ग्वाला बस्ती सहित अन्य क्षेत्रों में बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने नागरिकों, युवाओं और महिलाओं को तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर नमन संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने अपने संबोधन में कहा, हमारी तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति के जज्बे को और मजबूत करना है। साथ ही उन शहीदों को सम्मानित करना है जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें स्वतंत्रता और शांति की सौगात दी। यह यात्रा हम सभी को यह याद दिलाती है कि हम एक राष्ट्र के रूप में एकजुट हैं। नौजवानों के भविष्य को सुरक्षित रखना है तो बलिदानियों को अपना रोल मॉडल बनाना होगा। उन्होंने यह भी कहा, समाज के हर वर्ग को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना होगा और इस यात्रा के माध्यम से हम यही संदेश देना चाहते हैं कि हर व्यक्ति को अपनी स्वतंत्रता की रक्षा के लिए योगदान देना चाहिए।

### 24-25 की बैंक हड़ताल के समर्थन में बिष्टुपुर में रैली व धरना आज

जमशेदपुर। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस यानी यूएफबीयू के आह्वान पर आगामी 24 और 25 मार्च को दो दिनों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के मद्देनजर दिनांक 21 मार्च शुक्रवार को संध्या 5.15 बजे भारतीय स्टेट बैंक के नजदीक पोस्टल पार्क, बिष्टुपुर से रैली एवं धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में यूएफबीयू जमशेदपुर के सभी घटक दल के नेतृत्व एवं कामरेड हिस्सा ले रहे हैं।
यूएफबीयू के रिंटु रजक ने बताया कि मुद्दो की जानकारी सर्कुलर के माध्यम से दी जा चुकी है जो कि काफी संवेदनशील है। शुक्रवार को ही दिन के 11.30 बजे चीफ लेबर कमिश्नर,आई बी ए और डी एफ एस के बीच अंतिम दौर की बातचीत दिल्ली में होनी है अब भारत सरकार की पुरी जिम्मेदारी है कि हमारी जायज मांगों के समर्थन में अपना निर्णय दें। ताकि बैंकिंग श्रमिक संगठनों की दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल को देशहित में रोका जा सके। अगर यह वार्ता असफल होती है तो हड़ताल निश्चित है और इसकी पुरी जिम्मेदारी भारत सरकार की होगी। आज मजबूर होकर बैंकिंग संगठनों को कठोर निर्णय लेने के लिए सरकार ने बाध्य किया है।

### विधायक सविता महतो नें विधानसभा में उठाया चांडिल डैम का मामला

चांडिल। ईचागढ़ के विधायक सविता महतो नें विधानसभा के तारांकित प्रश्न में चांडिल डैम के विस्थापितो का मामला प्रमुखता से उठाया। जिसमे उन्होंने चांडिल डैम का निर्माण वर्ष 1985 में किया गया है उत्तर अस्वीकारात्मक, लगभग 40 वर्ष पूर्व चांडिल डैम निर्माण के लिए अधिगृहित 116 गांव के विस्थापित को भू अर्जन कर मुआवजा अबतक लंबित है, सरकार के उदासीन रवैया के कारण विस्थापितों को संपूर्ण मुआवजा भुगतान के अभाव में दर दर कि ठोकरे खा रहे है।

# पूर्वी सिंहभूम का सीडी रेसियो 73.66 प्रतिशत हुआ, झारखंड में अव्वल

## बैंकों की जिला परामर्शदात्री समिति और जिला स्तरीय समीक्षा बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में हुई बैंकों की जिला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी) और जिला स्तरीय समीक्षा बैठक (डीएलआरसी) आहूत की गई। परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री दीपांकर चौधरी की अध्यक्षता में आहूत बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 की तृतीय तिमाही का वित्तीय लेखा जोखा प्रस्तुत किया । बैठक में वार्षिक जमा ऋण अनुपात में बैंकों द्वारा समकक्ष तृतीय तिमाही में 51.62% के मुकाबले 57.96%



**बैठक की अध्यक्षता करते आईटीडीए निदेशक।**

की उपलब्धि प्राप्त की गई। जबकि धन उपयोग स्थान के अनुसार पूर्वी सिंहभूम जिले का वार्षिक जमा ऋण अनुपात 73.66% हो जाता हैं, जो कि पूरे झारखंड राज्य में अव्वल हैं। परियोजना निदेशक आईटीडीए ने कहा की इससे संतुष्ट नहीं होना हैं और भी बेहतर करने की जरूरत पर बल दिया । प्रधानमंत्री जन धन योजना के कुल 8,87,368 खातों में से 63,389 शून्य राशि के थे और आधार सीडिंग प्रतिशत 89.38% रहा। सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में बैंकों को परस्पर सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया गया। प्राथमिकता क्षेत्र में कृषि ऋण में सुधार, जमा साख में वृद्धि, मुद्रा योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवेदनों का शीघ्र ऋण संवितरण सुनिश्चित करने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। पीएमएफएमई महोत्सव का आयोजन रविवार को गोपाल मैदान में किया जा रहा है जिसमें उद्योग मंत्री, झारखंड शिरकत करेंगे। अग्रणी जिला प्रबंधक संतोष कुमार ने कुछ बैंकों के प्रायोरिटी सेक्टर ऋण वितरण की कमी को स्वीकार करते हुए वार्षिक साख लक्ष्य को तर्कसंगत वितरण के आधार पर तय करने की आवश्यकता बताई । बैंकों को पंचायत स्तरीय सभी कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित करने और ग्रामीण लोगों की समस्याओं का समाधान त्वरित रूप से करने का निर्देश दिया। उन्होंने केसीसी ऋण धारकों योजना का लाभ का दायरा बढ़ाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ देने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि किसी किसान को इस लाभकारी योजना से वंचित रखना उचित नहीं है । बैठक में विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

एक नजर में

### हिंदू उत्सव समिति ने एमजीएम मैदान में किया ध्वज पूजन, 29 मार्च को निकलेगा शोभा यात्रा



**जमशेदपुर।** गुरुवार को हिन्दू उत्सव समिति द्वारा नववर्ष यात्रा के पूर्व आज ध्वज पूजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या में मानगो सहित शहर के हिंदूवादी लोग सम्मलित हुए। नववर्ष के अवसर पर पूरे शहर को जिस ध्वज से सजाया जाएगा उन सभी भगवा ध्वज का सनातन विधि विधान से पूजन किया गया। पूजन में हिन्दू उत्सव समिति के संरक्षक उपेंद्र सिंह मस्तान, श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के अध्यक्ष बापी पात्रों, कन्हैया जी,संजीत शर्मा, कविता परमार, मंजू, समाजसेवी हेतराम शर्मा, मृत्युंजय सिंह, पप्पू, हेमंत सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक वृन्द, मातृ शक्ति युवा शक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से श्याम सिंह,बाला प्रसाद, सत्येंद्र सिंह,राजू जी,सुमित कुमार, अक्षय कौड़ा, विक्की तारवे, अनिशा सिन्हा, सुभम राज आदि जुटे रहे। यात्रा के बाद उपस्थित सभी जन ने यह संकल्प लिया कि 29 मार्च को जो नववर्ष यात्रा निकलने वाला है उसे तन मन धन से सफल बनाएंगे ।

### स्वदेशी जागरण मंत्र का श्री अन्न व्यंजन सम्मेलन संपन्न

जमशेदपुर। स्वदेशी जागरण मंच जमशेदपुर महानगर की ओर से गुरुवार को जिला कार्यालय बिष्टुपुर सीबीएमडी में श्री अन्न व्यंजन सम्मेलन कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि एमजीएम कें डॉ वासंती सहाय, मंजु ठाकुर, वंदेशंकर सिंह, मनोज सिंह, डॉ जटाशंकर पांडेय, के पी चौधरी, कंचन सिंह, रिंकू दुबे, दुर्गा सैनिक, प्रतिमा सिंह, ममता सिंह, मीना प्रसाद, माधुरी सिंह, शारदा सिंह, अनिता देवी, हेमा देबी, श्वेता सिंह, अशोक कुमार, मुकेश ठाकुर, विकास साहनी, संजीत सिंह राजाराम कुमार जय प्रकाश सिंह जे,के,एम, राजू पंकज सिंहआदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिलाओं के द्वारा मोटे अनाज जैसे मक्का, ज्वार, बाजरा, तीसी, रामदाना, चीना, मडुआ इत्यादि का अपने-अपने घरों से विभिन्न प्रकार का पकवान बनाकर लाया गया था और उस पकवान का प्रदर्शनी लगाई गई और विभिन्न प्रकार के बनाए गए पकवान कि लोगों को विशेषता एवं उसे खाने के शारीरिक फायदे बताईक गई। जिससे कि लोग उसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं और श्री अन्न का उपयोग करें,विलुप्त हो रहे मोटे अनाजों का फिर से किसान खेती कर सके और किसान का अधिक से अधिक फायदा हो। इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय स्तर के पदाधिकारी के साथ-साथ महानगर एवं नगर के पदाधिकारी के साथ-साथ स्वदेशी समर्थक शामिल हुए ।कार्यक्रम के अंत में श्री अन्न (मोटे अनाज) से बने पकवानों का स्वाद भी चरवा गया। जो महिलाएं सबसे अच्छा और स्वादिष्ट पकवान बनाकर लाई थी उन्हें जमशेदपुर महानगर के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## पटना वीमेंस कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन का होली मिलन





खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पटना वीमेंस कॉलेज एलुमनाई एसोसिएशन जमशेदपुर द्वारा सोनारी स्थित एक रेस्टोरेंट में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सदस्यों ने एक दूसरे से अबीर की होली खेली, होली पर आधारित नाच गाना के साथ लजीज व्यंजनों का भी लुत्फ लिया। कई मजेदार गेम रखे गए थे जिसमें विजेताओं को मटर-टमाटर की माला पहनाई गई और सदस्यों को उपहार स्वरुप गोभी, कद्दू आदि सब्जियां दी गईं। सचिव पूनम माहथा, अध्यक्ष विद्या तिवारी के अलावा मंजू सिंह, सुमिता आनंद, जूही समर्पिता, आशा सिन्हा, रूबी सिन्हा, सुधा राय, दीपाली डोकानिया, अनुपमा सहगल, प्रतिमा सिन्हा, शिल्पी सिन्हा दत्ता एवं निधि श्रीवास्तव ने इस आयोजन का आनन्द लिया।

## पार्वती घाट श्मशान गृह में गेल प्राकृतिक गैस वाले फर्नेस में होगा अब अंतिम संस्कार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के पार्वती घाट श्मशान गृह ने पर्यावरण अनुकूलता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है और अब वह गेल प्राकृतिक गैस का उपयोग करेगा। यह प्राकृतिक गैस से चलने वाला झारखंड का पहला श्मशान गृह है जिससे समुदाय को अधिक पर्यावरण अनुकूल अंतिम संस्कार का विकल्प मिलने की उम्मीद है। गौरी शंकर मिश्रा, गेल के महाप्रबंधक और जीए इन्चार्ज ने बताया कि कमीशनिंग समारोह में प्रमुख हितधारकों, पार्वती घाट समिति के सदस्यों और गेल




अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें गौरी शंकर मिश्रा, दुर्गा अम्बेडकर, मिथलेश सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे। यह जमशेदपुर में गेल द्वारा कमीशन किया गया 33वां कमर्शियल कनेक्शन है। इस विकास के साथ, पार्वती घाट अब प्राकृतिक गैस से अंतिम संस्कार की सुविधा प्रदान करेगा। इसके अलावा, गेल ने पी एंड एम मॉल के पास आने वाले रेडिसन होटल को भी प्राकृतिक गैस से संचालित किया है, जिससे क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा स्त्रोत को बढ़ावा मिलेगा। बता दें कि इसके पूर्व पार्वती घाट पर बिजली से चलने वाले फर्नेस के अलावा गोबर के कंडे से भी अंतिम संस्कार की सुविधा है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा



जमशेदपुर। पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने आज देश के माननीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके नई दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर मुलाकात की। अर्जुन मुंडा ने इस दौरान समसामयिक मुद्दों के साथ-साथ जनजातीय विषयों विशेषकर, सीमा क्षेत्र के जनजातीय गांवों को फर्स्ट विलेज का दर्जा देते हुए उनके विकास के लिए बनाई गई कार्ययोजना पर चर्चा हुई। देश में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में इसे लागू किया जा रहा है जो अत्यंत सराहनीय है। इस योजना के अंतर्गत इन गांवों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और आवागमन की स्थिति में भी सुधार हुआ है,ऐसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

## अरुण बने पोद्दार वैश्य कल्याण समिति के अध्यक्ष, श्रीकांत देव बने महामंत्री




खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पोद्दार वैश्य कल्याण समिति कोल्हान द्वारा समिति अध्यक्ष अरुण पोद्दार जी की अध्यक्षता में आयोजित होली मिलन सह आमसभा के दौरान सर्वसम्मति से उपस्थित सदस्यों ने नयी कमेटी बनाने के लिए समिति अध्यक्ष एवं महासचिव को अधित किया जिसके आधार पर नयी कमेटी गठित किया गया। पोद्दार भवन मानगो में श्रीकांत देव ने बताया कि नयी कमेटी में कई नए सदस्यों को भी जोड़ा गया है। समिति के मुख्य संरक्षक शंकर पोद्दार जी ने सभी पदाधिकारियों को बधाइयां दी। मुख्य संरक्षक - शंकर पोद्दार, संरक्षक-महेश पोद्दार, रामलखन पोद्दार, रामानुज पोद्दार, शिव शंकर प्रसाद देव, दयाशंकर पोद्दार, सलाहकार-नंद किशोर पोद्दार आदि बनाये गये है।

### क्षत्रिय महिला संघ की सिदगोड़ा इकाई का होली मिलन संपन्न



जमशेदपुर। झारखंड क्षत्रिय महिला संघ सिदगोरा इकाई के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम से सेलिब्रेशन हॉल बारीडीह में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में संघ की संरक्षिका सुमित्रा देवी, अध्यक्ष डॉ कविता परमार, महासचिव मंजू सिंह, एवं सभी 12 इकाई की अध्यक्ष, महासचिव एवं केंद्रीय पदाधिकारी शामिल हुई, सभी को सम्मानित किया गया एवं सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर फगुआ गीतों का खूब आनंद लिया। महिलाओं ने चैता भी गई। कार्यक्रम का संचालन प्रीति चौहान ने किया। आयोजन अध्यक्ष मनोरमा सिंह ने अपनी पूरी टीम के साथ की।

## साकची हाई स्कूल के लिए बड़ा दिन, ऑटो प्रोफाइल ने 13.30 लाख रुपये का दिया अनुदान


खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** साकची हाई स्कूल में ऑटो प्रोफाइल लिमिटेड कंपनी ने अपनी सीएसआर गतिविधियों के तहत गुरुवार को स्कूल प्रबंधन को 13 लाख 30 हजार रुपए का अनुदान दिया। यह राशि स्कूल के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए दी गई है। इस अवसर पर ऑटो प्रोफाइल लिमिटेड के सीएमडी और साकची हाई स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विकास मुखर्जी, निदेशक मंडल के सदस्य श्यामली मुखर्जी, बिप्लव मुखर्जी, मौमिता मुखर्जी और श्याम सुंदर ने स्कूल प्रबंधन समिति को चेक सौंपा। विकास



मुखर्जी ने बताया कि बीते तीन वर्षों में ऑटो प्रोफाइल कंपनी द्वारा स्कूल विकास कार्यों के लिए कुल 55 लाख रुपए का सहयोग दिया जा चुका है। उन्होंने सभी पूर्व छात्रों (एलुमनी) और जमशेदपुर के कॉरपोरेट घरानों से स्कूल के विकास कार्यों में आगे आने की अपील की। इस कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव देवदास विश्वास, उपाध्यक्ष प्रवीर चक्रवर्ती, कोषाध्यक्ष अजय चक्रवर्ती, प्रधानाध्यापक प्रणब कुमार घोष, पूरबी घोष, कौशिक डे, कुणाल कर, शांतनु बोस, सुभेंदु विश्वास, शिवानी घोष, सुब्रतो सहित स्कूल के शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### कोमात्सु कंपनी ने साकची हाई स्कूल को प्रदान किये 13 कंप्यूटर और अन्य उपकरण



जमशेदपुर। जापानी बहुराष्ट्रीय कंपनी कोमात्सु ने सीएसआर के तहत जमशेदपुर स्थित साकची हाई स्कूल को 13 उच्च गुणवत्ता वाले कंप्यूटर सहित अन्य आवश्यक उपकरण प्रदान की। स्कूल के पूर्व छात्र सोमनाथ चक्रवर्ती, जो वर्तमान में कोमात्सु कंपनी में सहायक महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत हैं, ने यह सामग्री स्कूल प्रबंधन को हस्तांतरित की। इस अवसर पर उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी स्कूल के विकास में हर संभव सहयोग करेंगे। साथ ही, उन्होंने सभी पूर्व छात्रों से विद्यालय के उत्थान में योगदान देने की अपील की। कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विकास मुखर्जी, सचिव देवदास विश्वास, उपाध्यक्ष प्रवीर चक्रवर्ती, कोषाध्यक्ष अजय चक्रवर्ती, प्राचार्य प्रणब कुमार घोष, पूरबी घोष, कौशिक डे, कुणाल कर, शांतनु बोस, सुभेंदु विश्वास, शिवानी घोष, सुब्रतो सहित शिक्षकगण आदि उपस्थित थे।

### टाटा स्टील ने स्कूली बच्चों के लिए आयोजित की चित्रकला प्रतियोगिता



गम्हरिया। अंतर्राष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस व विश्व जल दिवस विषय पर टाटा स्टील ईडीआइसी इंजीनियरिंग एवं प्रोजेक्ट विभाग की ओर से टाटा स्टील फाउंडेशन के सहयोग से गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत रपचा पंचायत के नव प्राथमिक विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को विभिन्न वर्गों में विभाजित कर उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करने को मंच दिया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा एक से तीन में श्रुति मंडल, दिशा मंडल व लक्ष्मी मंडल तथा कक्षा चार व पांच में गुंजन मंडल, निहारिका मंडल और काजल मंडल विजेता रही। सभी सफल प्रतिभागियों को विद्यालय की शिक्षिका रंजीता मंडल द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर ईडीआईसी हेड अरूण कुमार, एडमिन एस्टिंट मैनेजर आशीष कुमार शर्मा, सुबोध कुमार चौधरी, डॉ सुनिल कुमार शर्मा, निर्मल कुमार पांडेय आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### चैनपुर-नेउरा पथ जर्जर होने से आवागमन में हो रही परेशानी



**चैनपुर-नेउरा पथ जर्जर होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। पथ में कई जगहों पर गड्ढे होने से चैनपुर थाना से रोटरी स्कूल रोड नेउरा जनप्रतिनिधि इस पर ध्यान दें। कई बार इस पथ पर दुर्घटना भी हुई है।**

### संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत कांग्रेस का समीक्षा बैठक आयोजित



**मेदिनीनगर (अजीत दुबे)।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत कांग्रेस की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के सभी जिला उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव एवं प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष अजय साहू ने किया। सर्वप्रथम सभी प्रखंड अध्यक्ष ने अपनी अपनी प्रखंड की पूरी जानकारी विस्तार पूर्वक जिला अध्यक्ष के समक्ष रखा। बैठक में निर्णय लिया गया कि हम सभी का प्राथमिकता है जरूरतमंदों का समस्याओं का समाधान करवाना। सभी प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रत्येक मंगलवार को अंचल और प्रखंड कार्यालय के समक्ष कैंप लगाकर झारखंड सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे। सभी प्रखंड प्रभारी एवं सह प्रभारी अपने अपने प्रखंडों में जाकर प्रखंड में बैठक करेंगे। संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत जिनको जो भी जवाबदेही मिला है वह इमानदारी पूर्वक कार्य करें। इसके साथ ही यह निर्णय लिया गया कि जितने भी जिले के पदाधिकारी हैं अगर बिना सूचना के लगातार तीन बैठक में अनुपस्थित रहते हैं तो उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। प्रत्येक माह जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यों की समीक्षा बैठक की जाएगी। जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत पलामू कांग्रेस मजबूती की ओर बढ़ रहा है। बैठक में विनोद तिवारी, संतोष चौबे, तारकेश्वर पासवान, शमीम अहमद राईन, ईश्वरी सिंह, विद्या सिंह चेरो, राजेंद्र अग्रवाल, शंकर पांडेय, गिरजा राम, डॉ कृष्णमणि दुबे, मिथिलेश कुमार सिंह, बागेश्वर पांडे, सुरेश पाठक, तुलसी पासवान, इंदु भगत, विश्राम दुबे ,अजय साहू, जितेंद्र कमलापुरी, देवांग शुक्ला, सत्येंद्र सिंह, नफीस खान, मिट्ठू खान, रविंद्र कुमार, अरविंद अग्रवाल, गुप्तेश्वर पांडे, कामेश्वर मांझी, मोहम्मद मुस्ताक, रामानंद पांडेय, ऊषा देवी, खुर्शीद आलम, गांधी तिवारी, सुरेन्द्र शुक्ला, अशोक पासवान, परवेज आलम, छोटू चंद्रवंशी, विष्णुदेव यादव, उदय यादव, पंकज कुमार सिंह, योगेश्वर यादव, मुस्तकीम चांद, अकमल आलम, रौबिन भारद्वाज आदि लोग शामिल थे।

### एसडीएम ने बीडीओ और अन्य कर्मियों के साथ की बैठक



हुसैनाबाद पलामू। अनुमण्डल पदाधिकारी गौरांग महतो ने प्रखण्ड कार्यालय पंहुच कर बीडीओ व अन्य कर्मियों के साथ पंचायत में चल रही योजनाओं की समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने घण्टो प्रखण्ड कार्यालय में बैठक कर बीडीओ, बीपीओ, आंगनबाड़ी, अबुआ आवास, पीएम आवास, मनरेगा आदि योजनाओं से सम्बंधित सभी संचायिका के कार्यों की समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने प्रखण्ड में सही सही अभिलेख की संचायिका नहीं मिलने पर बीडीओ और अन्य कर्मियों को जमकर फटकार लगाया। उन्होंने कहा कि जो भी योजना की स्वीकृति प्रदान की गई हैं उसका पूर्ण अभिलेख कार्यालय में रहना चाहिए एवं उसकी भौतिक प्रगति रिपोर्ट भी होनी चाहिए। उन्होंने 15वें वित्त व मनरेगा कार्यो समेत अबुआ आवास व पीएम आवास की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर की तथा सभी कर्मियों को इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि अब प्रत्येक पंचायत में हम भ्रमण कर जांच करेंगे जिसमे बीडीओ बीपीओ जेईई पंचायत सचिव व पंचायत सेवक रोजगार सेवक सभी लोग उपस्थित रहेंगे जिन पंचायतों में सबसे खराब प्रदर्शन हैं उसी से शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा कि गरीब जनता का शोषण किसी भी सुरत में हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। मौके पर बीडीओ सुनील वर्मा, बीपीओ, चंद्रशेखर दुबे, पंचाय सेवक अखिलेश शर्मा व कई कर्मी मौजूद थे।

### ठेला खोमचा लगाने वाले दुकानदारों ने सैरातों के बंदोबस्ती का किया विरोध



विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा गुरुवार को कराये गये हाट-बाजारों के सैरातों की बंदोबस्ती का विरोध शुरू हो गया है। इसका ज्यादा विरोध ठेला खोमचा लगाने वाले दुकानदार कर रहे हैं। इन दुकानदारों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्ता ॠतुराज मिश्रा से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मिश्रा को अपनी व्यथा सुनायी। दुकानदारों का कहना है कि सड़क किनारे जिनके दुकान या मकान के सामने अपना ठेला लगाते हैं, उन्हें भी प्रतिदिन कुछ न कुछ रुपया देना पड़ता है। अब नगर परिषद भी टैक्स लेगा तो हम सबको काफी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। मिश्रा ने आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं से कार्यपालक पदाधिकारी व उपायुक्त को अवगत करायेंगे। जरूरत पड़ी तो आंदोलन का रुख भी अख्तियार करेंगे। किसी भी कीमत पर नाइंसाफी नहीं होने देंगे। पत्रकारों से बात करते हुये ॠतुराज मिश्रा ने कहा कि साप्ताहिक हाट-बाजार का बंदोबस्ती एक हद तक स्वीकार भी किया जा सकता है, लेकिन किसी के दुकान-मकान के सामने सड़क किनारे ठेला लगाने वाले दुकानदारों से वसूली कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

### नगर परिषद ने खुली डाक द्वारा की हाट-बाजारों के सैरातों की बंदोबस्ती



विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर नगर परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये हाट-बाजारों के सैरातों की बंदोबस्ती खुली डाक के माध्यम से गुरुवार को किया गया। खुली डाक का आयोजन नप कार्यालय के सभागार में किया गया था। जिसमें कई बंदोबस्तधारियों ने बोली लगायी। सबसे अधिक राशि की बोली लगाने वाले को हाट बाजारों की बंदोबस्ती दी गयी। विश्रामपुर बाजार व भारतीय स्टेट बैंक से गांधी चौक होते हुए पाण्डु रोड तक की बंदोबस्ती हेतु सरकारी दर दो लाख 25 हजार रुपये निर्धारित था। जिसे शमीम अंसारी व शिवांशु रंजन दुबे ने दो लाख 31 हजार की बोली लगाकर हासिल किया। कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खण्डेत ने बताया कि सैरातों की बंदोबस्ती की गयी है जो एक अप्रैल से प्रभावी होकर 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगा। इस दौरान एसआई प्रदीप कुमार शर्मा, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह,नगर प्रबंधक प्रभात कुमार, कनीय अभियंता आशीष कुमार पांडेय, संदीप कुमार मौर्या, आनंद दुबे, प्रवीण कुमार,कमलेश चौधरी, दीपक सिंह, गोपाल राम, सुबोध केशरी, रवि चौधरी, दीपक, रमेश कुमार, छोटू, नरेंद्र राम गुड्डू, मुन्ना यादव, उखमजी यादव, सोनू दुबे, ज्वाला गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

## 23 मार्च से नगर उंटारी रेलवे स्टेशन पर होगा राजधानी एक्सप्रेस का ठहराव : सांसद बीडी राम

### रेलवे बोर्ड ने जारी किया अधिसूचना

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम के लगातार प्रयासों के फलस्वरूप रांची नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 का नगर उटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव करने हेतु रेलवे बार्ड द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गयी है। विदित है कि उक्त ट्रेन का ठहराव हेतु श्री बंशीधर नगर, गढ़वा जिला की जनता द्वारा लगातार मांग की जा रही थी। उक्त ट्रेन के ठहराव हेतु दिनांक 23 मार्च को नगर उटारी रेलवे स्टेशन पर रात्रि 9 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया गया है। तत्पश्चात समय रात्रि 9:47 बजे सांसद के द्वारा हरी झंडी दिखाकर ट्रेन संख्या 12453 का ठहराव का शुभारम्भ किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए सांसद बीडी राम ने कहा कि इस ट्रेन के श्री बंशीधर नगर स्टेशन पर ठहराव होने से यात्रियों का आवागमन सुगम होगी। सांसद ने गढ़वा जिला एवं विशेषकर श्री बंशीधर नगर के वरिष्ठ कार्यकताओं, प्रबुद्धजनों एवं स्थानीय जनता से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का अनुरोध किया। सांसद ने राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव के लिए पीएम नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति अपनी ओर से एवं पलामू की समस्त जनता की ओर से धन्यवाद एवं अभार प्रकट किया।

## पांकी विधायक ने लंबित सिंचाई परियोजनाओं समेत किसानों की समस्याओं को विधानसभा में उठाया




खबर मन्त्र संवाददाता

**पांकी (पलामू)।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने विधानसभा में पलामू जिले के पांकी विधानसभा क्षेत्र के किसानों की समस्या को लेकर शून्यकाल में सवाल उठाया। इस दौरान डॉ मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के पिरी, चांदो, सोनरे और जम्बू जैसी महत्वपूर्ण सिंचाई परियोजनाओं की डीपीआर चार वर्षों से लंबित है। डीपीआर कंसल्टेंसी की उदासीनता के कारण यह परियोजनाएं अब तक स्वीकृत नहीं हो पाई हैं। इन सिंचाई परियोजनाओं के पूरा होने से किसानों की लाखों हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिल सकेगी और वे मौसमी बारिश पर निर्भरता से मुक्त होंगे। किसानों के हित में अविलंब इन सिंचाई परियोजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को उनके अधिकार से वंचित रखना किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### तटीय क्षेत्र में जमीन कटाव का मामला आया सामने

डॉ मेहता ने विधानसभा में तरहसी प्रखंड के ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर तारांकित प्रश्न के माध्यम से सरकार से जवाब मांगा गया। डॉ मेहता ने कहा कि क्या यह सच है कि ग्राम पंचायत गुरहा में ईदगाह स्थल से ग्राम-भंडरी तक अमानत नदी के तटीय क्षेत्र में पक्का तटबंध नहीं होने के कारण कटाव जारी है? सरकार ने स्वीकार किया। क्या कटाव के कारण कृषि योग्य भूमि नदी में समा रही है? क्या कटाव के चलते नदी किनारे रहने वाले ग्रामीणों के साथ कभी भी अप्रिय घटना घट सकती है? सरकार ने स्वीकार किया। क्या सरकार इसी वित्तीय वर्ष में अमानत नदी के तटीय क्षेत्रों में कटाव रोकने हेतु पक्का तटबंध निर्माण करने की योजना बना रही है? सरकार ने उत्तर दिया कि प्रत्येक वर्ष वर्षा ऋतु के बाद कटाव क्षेत्र समिति स्थल का निरीक्षण कर प्रस्ताव भेजती है, जिसे तकनीकी सलाहकार समिति द्वारा समीक्षा के बाद स्वीकृति दी जाती है। डॉ मेहता ने कहा कि सरकार को जल्द इस कटाव समस्या का स्थायी समाधान निकालते हुए ग्रामीणों की भूमि और जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

## क्रसर एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश तिवारी ने भक्ति जागरण और भंडारा का किया आयोजन

### लोक गायक शिवकुमार चौधरी, शिशिर शुक्ला व भोजपुरी गायिका खुशबु सिंह की टीम ने प्रस्तुत किये कई भक्ति गीत

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू जिला क्रसर एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश कुमार तिवारी उर्फ बबल तिवारी ने अपने पैतृक गांव पाटन थाना क्षेत्र के नावाडीह उताकी में अपने मां के प्रथम पुण्यतिथि पर भक्ति जागरण व भंडारा का आयोजन किया। भक्ति जागरण में बिहार झारखण्ड के प्रसिद्ध भोजपुरी कलाकार शिव कुमार चौधरी एवं शिशिर शुक्ला के टीम के भोजपुरी गायिका खुशबू सिंह ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत कर लोगों को खुब झुमाया। खुशबू सिंह द्वारा प्रस्तुत गीत 'कोई कितनों दुलारी बाकी माई ना होई' के गीत पर कार्यक्रम में मौजूद महिला श्रोताओं की आंखें नम हो गई थी। जबकि भोजपुरी कलाकार शिव कुमार चौधरी ने 'अचके में घटली घटनवा माता जी सपनवा भईली हो रामा' गीत प्रस्तुत कर माहौल को गमगीन कर दिया। मौके पर भाजपा नेता राजु सिंह, कामता प्रसाद सिंह, रामरक्षया तिवारी, रामायण शुक्ला, उपेन्द्र मिश्रा, सच्चिदानंद शुक्ला, अजय मिश्रा, अखिलेश दुबे, संजय शुक्ला सुजीत शुक्ला पिंकू शुक्ला, अनुज दुबे रामचंद्र दुबे राजकमल तिवारी, संटू सिंह, पप्पू सिंह, चुनु पाण्डेय, बिनोद सिंह, मालिक दुबे, नितिन उर्फ राजा, उमेश शुक्ला व बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद पुलिस ने पिस्टल के साथ तीन को किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**गिरफ्तार युवको के साथ हुसैनाबाद पुलिस।**

**हुसैनाबाद पलामू।** अंचल थाना क्षेत्र के महुअरी नहर पूल के पास से हुसैनाबाद पुलिस ने एक पिस्टल के साथ तीन संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार किया हैं। इस सबन्ध में पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बतया की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी उत्तर कोयल नहर से ग्राम महुअरी नहर पुल के पास तीन संदिग्ध लड़का बैठा हैं,जिसके बाद पुलिस गाड़ी देखकर उक्त तीनों भागने ने लगे तभी सहस्त्र बल ने घेराबंदी कर धर दबोचा गया। उक्त तीनों की पहचान विवेक कुमार सिंह उर्फ सिदार्थ सिंह पिता स्व दीपक सिंह गणेश पूरी जपला, अभिनन्दन प्रजापति पिता, विनोद प्रजापति ग्राम कजरात नावाडीह व शशी कुमार पासवान पिता संजय पासवान ग्राम नहर मोड़ जपला के रूप में पहचान की गई। वहीं तलाशी में शशी पासवान के कमर में एक देशी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस एवं अन्य लोगों के पास से विभिन्न कंपनियों के स्मार्ट फोन पाया गया। पिस्टल के बारे में पूछने पर सक्षम जबाब नहीं दिया गया जिसके पुलिस ने विधिवत कार्रवाई करते हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज किया। इस मामले में तीनो को गुरुवार को मेदिनीनगर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया हैं। छापेमारी दल में अंचल पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, पुअनि नर्मदेश्वर सिंह, श्रीनिवास शर्मा रमन यादव व शस्त्रबल का शामिल थे।

## उत्खनन कार्य की प्रगति में तेजी लायें कोल कंपनियां : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में कंपनियों को आवंटित कोल ब्लॉकों से उत्खनन कार्य शुरू करने में आ रही कठिनाईयों को प्राथमिकता के तहत दूर करना सुनिश्चित करें। उत्खनन कार्य की प्रगति में तेजी लाने के लिए स्थानीय प्रशासन व कोल कंपनियों के प्रतिनिधि समन्वय के साथ कार्य करें। जिले में विभिन्न कंपनियों को आवंटित कोल ब्लॉक को चालू होने से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। वहीं जिले का आर्थिक विकास होगा। साथ ही सरकार को राजस्व की प्राप्ति होगी। यह बातें उपायुक्त शशि रंजन ने कही। वे अपने कार्यालय वेश्म में जिले के संबंधित पदाधिकारी तथा पलामू के सभी कोल कंपनियों के पदाधिकारी एवं उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे थे। उपायुक्त ने सीसीएल, रजहारा द्वारा अबतक उत्खनन कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने को लेकर नाराजगी जताते हुए उत्खनन कार्य शीघ्र शुरू कराने का निर्देश दिया।

## प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ बिनेश राम ने कहा-पीएचसी में ओपीडी कर सकते है सीएचओ

गौतम पटेल



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद अनुमंडल का सब से पुराना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दिन प्रतिदिन सेवाओं के अभाव से जूझ रहा है। गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरनगर में ओपीडी सेवा एक सीएचओ को देख मरीजों को हैरानी हुई। उन्होंने पत्रकारों को बुला कर इस स्थिति से अवगत कराया। पत्रकारों ने जब सीएचओ आशीष रंजन से पूछा कि आप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का ओपीडी किस हैसियत से कर रहे है। पहले तो उन्होंने कहा कि हम डाक्टर हैं, बाद में उन्होंने कहा कि वह सीएचओ हैं। उन्हें ओपीडी करने का अधिकार है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार से जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि पीएचसी में चिकित्सक के रहते सीएचओ ओपीडी कैसे करेंगे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में वह हुसैनाबाद के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से बात करेंगे। इस संबंध ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा विनेश राम से पूछने पर उन्होंने बताया कि वहां पदस्थापित चिकित्सक डॉ ज्योतिष कुमार के अचानक छुट्टी पर जाने की वजह सीएचओ को ओपीडी करने को बोला गया है। उनसे जब यह पूछा गया कि क्या पीएचसी में सीएचओ ओपीडी कर सकते हैं, तो उन्होंने कहा कि वह बिल्कुल कर सकते हैं।

### हुसैनाबाद दंगवार में वज्रपात से युवक की मौत



हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद अंचल के दंगवार ओपी अंतर्गत ग्राम बरवाडीह निवासी रामबचन पासवान का पुत्र अजित कुमार पासवान 27 वर्ष की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो गई। मृतक एक मजदूर व्यक्ति था जो मजदूरी करने के लिए दूसरे के घर में निर्माण कार्य मे छत का सेंटरिंग लगा रहा था, उसी दौरान वज्रपात हुआ जिसके चपेट में आ गया। इस दौरान वह उपर से नीचे गिर गया। गंभीर स्थिति में उसे आननफानन में परिजनों ने हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल लाया, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इधर घटना की सूचना पाकर मृतक के घर मे लोगो की रो रो कर बुरा हाल हो गया हैं। पुलिस ने सूचना मिलते ही शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया हैं।

### विश्व गौरैया दिवस पर विचार गोष्ठी आयोजित



मेदिनीनगर। विश्व गौरैया दिवस के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष राम ने की। संचालन संजय कुमार ने किया। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि आज का दिन पूरी दुनिया में गौरैया पक्षी के संरक्षण के प्रति जागरूक को लेकर विश्व गौरैया दिवस मनाया जा रहा है। गौरेया पक्षी विलुप्त होने के कगार पर है। घरों में चकनेवाली चिड़िया अब दिखाई नहीं दे रही है। ऐसी स्थिति में यह जरूरी हो गया है कि पर्यावरण और सृष्टि की संरक्षण कायम रखने के लिए हम सब मिलकर संरक्षण के प्रति संजीदा होकर विचार करें। मौके पर संजीत कुमार, उपेंद्र तिवारी, संजय मिस्त्री, उत्तम कुमार, बिनय राम, यशवंत कुमार, संजय चौरसिया, प्रदीप राम, संतोष विश्वकर्मा, सतीश दुबे, अजीत कुमार ने झारखंड सरकार से पलामू में चिड़ियाघर बनाने की मांग की है। रामनरेश महतो ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### रेहला पुलिस ने फरार आरोपी के घर पर चिपकाया इश्तेहार



विश्रामपुर (पलामू)। रेहला थाने की पुलिस ने फरार आरोपी के गढवा जिले के डंडा थाना क्षेत्र के भिखही गांव स्थित घर पर डंडा थाना की पुलिसकर्मियों की उपस्थिति में इश्तेहार चिपकाया। रेहला थाने के एसआई जगरनाथ चक्रवर्ती ने बताया कि नंदू चौधरी के पुत्र रोहित चौधरी के घर में इस्तेहार चिपकाया गया है। रोहित फरार चल रहा है। अगर इसके बाद भी वह न्यायालय में हाजिर नहीं होता है तो कोर्ट के आदेश पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जायेगी।

### भुईयां विकास मंच पाटन पलामू इकाई की बैठक

पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के शोले पंचायत में भुईयां विकास मंच पाटन पलामू इकाई की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विनोद भुइंया संचालन बसंत भुइंया ने किया। बैठक में कमेटी के प्रबंधक सूरत राम, मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम राम अध्यक्ष विश्वनाथ भुइंया, सरवन, राजगीर, नागेंद्र समेत भुईयां समाज के लोग शामिल थे। बैठक की शुरूआत शपथ प्रस्तावना के साथ किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य आर्थिक, समाजिक, बेरोजगार, पलायन नशाखोरी, गिरते हुए शिक्षा का माहौल जैसे विषमताओं के मुद्दे पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।

## मुंह में तीन सप्ताह से अधिक छाले हैं तो अनदेखी ना करें : सिविल सर्जन डॉ अनिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें नेशनल भायरल हेपेटाइटिस कंट्रोल प्रोग्राम पर भी चर्चा की गई। सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने कहा कि यदि अगर किसी व्यक्ति के मुंह में छाला, सूजन हो या किसी तरह का गांठ हो। साथ ही मसुड़ों व जीफ गले के अंदर सफेद या लाल निशान धब्बे हो तो इसे अनदेखी ना करें। यह गंभीर रोग धारण कर सकता है। इसे अविलंब विशेषज्ञ चिकित्सक से संपर्क कर ईलाज करायें। उन्होंने कहा कि जबड़े या जीफ हिलाने में कठिनाई होता हो या मुंह सामान्य रूप से नहीं खुलता हो। आवाज में किसी तरह का बदलाव हो या शरीर का वजन कम हो रहा हो समेत इसके कई लक्षण हैं। जो कैंसर जैसे बीमारी का लक्षण भी हो सकता है। इसलिए चिकित्सक का परामर्श लेना आवश्यक है। इस मौके पर डॉ मुरल मनोहर प्रसाद , डॉ विश्वजीत, डा मुकुंद, डॉ प्रसिद्ध, डॉ तौहिद अहमद, डॉ अमित मिश्रा समेत कई लोग शामिल थे।

## संकट मोचन मंदिर में रामनवमी महायज्ञ व रामलीला आयोजन को लेकर बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** संकट मोचन महावीर मंदिर में रामनवमी महायज्ञ एवं रामलीला आयोजन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता योगेंद्र प्रसाद सोनी ने की। जिसमें आगामी श्रीरामचरितमानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ के सफल आयोजन पर चर्चा हुई। बैठक में आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति में सुदर्शन सोनी को अध्यक्ष, अरविंद डिसिल्वा को उपाध्यक्ष, पवन सोनी को सचिव, राहुल वर्मा को उपसचिव, संदीप सैंडिक को कोषाध्यक्ष और सुरेश भगत को उपकोषाध्यक्ष चुना गया। सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया।

## सीएनटी जमीन को जेनरल में तब्दील कर बिक्री कराया गया : प्रेम प्रकाश ठाकुर

### सदर प्रखंड के पूर्व सीओ के विरूद्ध हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर

खबर मन्त्र संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के सदर प्रखंड के पूर्व अंचल पदाधिकारी झून्नू मिश्रा के कार्यकाल में जमीन की हेराफेरी करने तथा म्यूटेशन को रिजेक्ट कर रिश्वत लेकर पुनः एक्सेप्ट कर रसीद काटने समेत कई गलत कार्य किया गया। जिसे लेकर सदर प्रखंड के बीस सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने झारखंड उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर किया है। श्री ठाकुर ने दायर याचिका में कहा है कि सीओ का मनोबल इतना बढ़ा हुआ था कि वे बिना वरीय पदाधिकारी के आदेश के बावजूद भी रद्द किये गये म्यूटेशन को पुनः एक्सेप्ट कर रिश्वत की राशि लेकर उसका रसीद काटा गया। साथ ही वे अपने कार्यकाल में ग्राम जोरकट में 44 डिसमिल जमीन आदिवासी के नाम से था जिसे सीएनटी से हटाते हुए जेनरल बनाकर उसका बिक्री करवाया गया। उन्होंने दायर याचिका में कहा कि पूर्व सीओ के कार्यकाल में एलपीसी म्यूटेशन समेत जमीन से संबंधित अन्य कार्यों में अवैध तरीके से मोटी रकम जमीन माफियाओं के साथ आमलोगों से लिया गया है। ठाकुर ने कहा कि इनके कार्यकाल में चियांकी हवाई अड्डा, हाउसिंग कॉलोनी, रेड़मा, सुदना में कई ऐसे गैर मजरूआ जमीन तथा सीएनटी एवं चर्च के जमीन का हेराफेरी कराकर करोड़ों रूपये अर्जित किया गया है। इतना ही नहीं पूर्व सीओ जेके मिश्रा गढ़वा जिला समेत कई अंचलों में अंचलाधिकारी के पद पर रहते हुए जमीन का गलत एलपीसी बनाकर बेचवाने तथा म्यूटेशन कर रसीद काटना इनके लिए बायें हाथ का खेल हो गया था। सुआ कौड़िया निवासी प्रेम प्रकाश ठाकुर ने कहा कि सदर प्रखंड के पूर्व सीओ झुन्नू मिश्रा द्वारा अर्जित बेनामी संपत्ति इनके नाम तथा इनके परिवार रिश्तेदारों की संपत्ति की जांच कराया जाये। इनके समय में कई राजनीतिक दल भी आवाज उठाते हुए जिला प्रशासन व मुख्य सचिव को पत्र लिखा लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खैरा में शिक्षकों की मौजूदगी लेकिन छात्र नदारद

सुधीर यादव

**मनातू पलामू।** शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की कोशिशों के बावजूद सरकारी विद्यालयों की बदहाल स्थिति सामने आ रही है। मनातू प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खैरा में दो शिक्षक तो पदस्थापित हैं, लेकिन गुरुवार को स्कूल में एक भी छात्र नहीं पहुंचा। यह स्थिति न केवल शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि शिक्षकों की भूमिका और जिम्मेदारी पर भी गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाती है। विद्यालय में प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार अग्रवाल और सहायक शिक्षक बृजदेव यादव पदस्थापित हैं। सरकारी दस्तावेजों के अनुसार, यहां कुल 70 छात्रों का नामांकन है। बावजूद इसके, गुरुवार को विद्यालय में सन्नाटा पसरा रहा और एक भी बच्चा स्कूल नहीं आया। विद्यालय की रसोइया किरण देवी के अनुसार, चूंकि कोई भी छात्र मौजूद नहीं था, इसलिए मिड-डे मील भी नहीं बनाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षक नियमित रूप से स्कूल आते हैं या नहीं, इस पर कोई निगरानी नहीं होती। बच्चों की शिक्षा पर ध्यान नहीं दिया जा रहा, जिसके कारण वे स्कूल आने में रुचि नहीं ले रहे। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए कई योजनाएं चला रही है, लेकिन जब शिक्षक ही ठीक से पढ़ाने में रुचि नहीं लेंगे, तो बच्चों की उपस्थिति कैसे सुनिश्चित होगी? यदि प्रशासन इस ओर सख्त कदम नहीं उठाता, तो भविष्य में बच्चों का स्कूलों से मोहभंग और अधिक बढ़ सकता है। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि इस मामले में निष्पक्ष जांच होगी और दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी, ताकि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

### इस मामले में डीएसइ ने दिया जांच का आदेश




इस मामले को लेकर डीएसई संदीप कुमार ने चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति शिक्षकों की लापरवाही का स्पष्ट संकेत है। पूरे मामले की जांच के लिए एरिया ऑफिसर को भेजा जाएगा और दोषी शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

## स्पीड न्यूज

### 11 छात्रों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण



**भवनाथपुर।** प्रखंड के झगड़ाखाड़ स्थित कल्याण गुरुकुल से वेंडर ट्रेड से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 11 छात्रों को एसपीसीएल कंपनी हैदराबाद में नौकरी मुहैया कराई है। गुरुकुल में आयोजित विशेष आयोजन में छात्रों के बीच नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। कल्याण गुरुकुल के प्राचार्य बृजकिशोर ने नियुक्ति पत्र दिया। मौके पर प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले युवक जो कम पढ़े लिखे है उन्हें भी हुनरमंद और दक्ष बनाना है। कम पढ़े लिखें बच्चों में भी काफी क्षमता होती है। गुरुकुल के कई छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार पा चुके है। उन्होंने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्रों से ईमानदारी से काम करते हुए राज्य का नाम रोशन करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि यह 48वां बैच है जो प्रशिक्षण प्राप्त कर बाहर जा रहे हैं। अब तक इस गुरुकुल से प्रशिक्षण प्राप्त कर 1337 छात्र दूसरे राज्य में काम कर रहे हैं। मौके पर ट्रेनर कालिदास हिरा, एमआईएस शिवांश राय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### प्रखंड स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक



**धुरकी।** प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को बीडीओ सह सीओ जुल्फिकार अंसारी, एलडीएम सत्यदेव रंजन की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक में एलडीएम ने केसीसी, कृषि विभाग से संबंधित लाभुकों के लिए ई-केवाईसी व बैंक से संबंधित सभी लंबित पड़े फॉर्म की समीक्षा किया। उन्होंने धुरकी प्रखंड के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक व अन्य विभागों के कर्मियों के साथ बारी-बारी से समीक्षा बैठक कर केसीसी आवास, मंईयां सम्मान, मनरेगा, जॉब कार्ड सहित प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना की जानकारी ली। उन्होंने यह भी कहा कि 2024 में रिक्त पड़े केसीसी आवेदनों को स समय पूर्ण कर लाभुकों के लंबित पड़े केसीसी से लाभ दिलाए। उन्होंने कहा कि केसीसी का लाभ हर लाभुकों को मिले यह सुनिश्चित करें। बैठक में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, सीएफएल को-ऑर्डिनेटर, मनरेगा संबंधित सभी विभागों के कर्मी मौजूद थे।

### अवैध तरीके से संचालित रक्षक इमरजेंसी हॉस्पीटल सील, तीन पर प्राथमिकी दर्ज

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के समीप अवैध तरीके से संचालित रक्षक इमरजेंसी हॉस्पीटल को सदर एसडीएम सुलोचना मीणा ने गुप्त सूचना के आधार पर औचक छापेमारी किया। जहां पर छह से अधिक मरीज भर्ती थे जिन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शिफ्ट कराया गया। साथ ही मरीजों को देख रहे डॉ राजकुमार प्रजापति व अल्ट्रासाउंड संचालक रोहित कुमार को हिरासत में लेकर पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस मामले में सदर एसडीओ के निर्देश पर मेडिकल पदाधिकारी द्वारा शहर थाना में रक्षक रमरजेंसी हॉस्पीटल के संचालक संतोष कुमार सिंह, डा राज कुमार प्रजापति व रोहित कुमार के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज किया गया। जिसमें पुलिस ने राजकुमार को जेल भेज दिया। जबकि दो लोग फरार हैं। इस संबंध में सिविल सर्जन डा अनिल कुमार ने कहा कि रक्षक हॉस्पीटल डॉ आरके भारती के लेटर पैड पर लिखित रूप से हॉस्पीटल संचालन करने का अनुमति प्राप्त किया था लेकिन यहां पर एक भी एमबीबीएस डॉक्टर कार्यरत नहीं पाये जाते हैं। इसके साथ ही अवैध तरीके से अल्ट्रासाउंड का संचालन किया जाता था। तीन-चार माह पूर्व स्वास्थ्य टीम के द्वारा छापेमारी कर अल्ट्रासाउंड कमरा को सील किया गया था। इसके बावजूद भी संचालक द्वारा चोरी छिपे अल्ट्रासाउंड का कार्य संचालित किया जा रहा था। मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसकी जांच की जायेगी।


### राशन कार्ड में केवाईसी नहीं करानेवाले लोगों का कटेगा नाम

**पाटन पलामू।** राशन कार्ड में शामिल परिवार के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी करना अनिवार्य है अगर 31 मार्च तक ई-केवाईसी नहीं कराया गया तो संबंधित सदस्यों का नाम राशनकार्ड से कट जायेगी। इसकी जानकारी पाटन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ललन पासवान ने दी । उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी देश के किसी भी कोने में रहकर कराया जा सकता है इसलिए राशनकार्ड के किसी भी सदस्य का यह बहानाबाजी कि वे बाहर हैं नहीं चलेगा।

# अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर जी से असंख्य श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी हुई है। श्री बंशीधर जी के नाम पर महोत्सव का उद्देश्य श्री बंशीधर मंदिर एव श्री बंशीधर नगर को राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय फलक पर पहचान दिलाने का है। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम में जो दृश्य दिखाई दिया है, उससे श्री बंशीधर नगर की संस्कृति पर चोट पहुंची है। साथ ही श्रद्धालुओं की भावनाएं भी आहत हुई है। अश्लील गानों की प्रस्तुति और अव्यवस्था के कारण महोत्सव के आयोजक जिला प्रशासन के निर्णय की जमकर किरकिरी हो रही है। राज्य स्तरीय समारोह श्री बंशीधर महोत्सव में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की विशिष्टता के बजाय सामान्य कार्यक्रम आर्केस्ट्रा से अधिक कुछ नहीं था। कार्यक्रम में अमर्यादित भोजपुरी गायन कराकर महोत्सव की मर्यादा को तार-तार कर दिया गया है। कुल मिलाकर राज्य स्तरीय कार्यक्रम अव्यवस्था की भेंट चढ़ गया। बताते चलें कि पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम के अथक प्रयास से वर्ष 2017 में बंशीधर महोत्सव का शुभारंभ किया गया था। उस समय महोत्सव भव्य एवं दिव्य हुआ था। चोटी के कलाकारों ने अपनी बेहतर प्रस्तुति देकर महोत्सव में चार चांद लगाया था। जिसकी सराहना आज भी लोगों के मुक्तकंठ से होती है। जबकि उस समय सरकारी बजट भी कम था। किंतु आज श्री बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव का दर्जा मिलने एवं अधिक बजट आवंटित होने के बाद भी एक उच्च स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन संभव नहीं हो पा रहा है। महोत्सव में अव्यवस्था का आलम होने व कार्यक्रम में आई गिरावट से कई गंभीर सवाल उठ रहे हैं। महोत्सव के नाम पर लाखों रुपये खर्च हुए लेकिन एक दो स्थानीय कलाकार को छोड़ किसी कलाकार को अपना कौशल दिखाने का मौका नहीं मिला। इसी का नतीजा है कि महोत्सव उद्देश्यहीन होने के साथ-साथ एक सामान्य ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम बनकर रह गया है। महोत्सव के नाम पर भोजपुरी सिंगर अनुपमा यादव के अमर्यादित भोजपुरी गीत 'नाच रे पतरकी नगीन जईसन', 'उड़नबाज रजऊ, धोखेबाज रजऊ', 'लगावे लू तू जब लिपिस्टिक, हिलेला गढ़वा डिस्टिक', 'कमरिया करे लपा लप', 'लॉलीपॉप लागेलू' प्रस्तुति से माहौल अराजक हो गया। सिंगर सलमान अली ने 'ओ लड़की आंख मारे' प्रस्तुत कर रही सही कोर कसर को पूरा कर दिया। जिस गीत पर डी एरिया में बैठे वीवीआईपी किस्म के कतिपय लोग झूम रहे रहे थे, कमर हिला रहे थे, बाहर में पब्लिक कुर्सी तोड़ डांस कर रही थी।



सलमान और अनुपमा।

### इंडियन आइडियल फेम सलमान अली ने अपनी प्रस्तुति से किया मंत्रमुग्ध



श्री बंशीधर नगर। राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव में इंडियन आइडियल फेम सलमान अली और पूजा चटर्जी ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावे आर्यन महाकाल ग्रुप द्वारा राधे कृष्ण की झांकी, न्यू झारखंड कला संगीत सृजन केंद्र द्वारा प्रस्तुत छऊ नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। पूजा चटर्जी ने सांसों की माला में, ओ मेरे दिल की चैन, प्यार आ रहा है प्यार, मेरा दिल गाये जा जूबी जूबी, तू मुझे कबूल मै तुझे कबूल, दमा दम मस्त कलनदर सहित कई गाना गाकर उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावे पूजा ने भोजपुरी स्टार सिंगर अनुपमा यादव के साथ हरि ओम हरि गाने पर जुगलबंदी की। सलमान के आते ही लोगों में जोश भर आया। सलमान ने भक्ति गीत श्री गणेश देवा से कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद तेरे नाम से जी लू तेरे नाम से मर लूं गाया। ऐसे लहरा के तू रु ब रु आ गई गाया, पूरा जनसैलाब मोबाईल का फ्लैशलाईट जलाकर झूमने लगा। सभी कलाकारों को विधायक अनंत प्रताप देव, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मौके पर एसी राज महेश्वरम, श्री बंशीधर नगर के एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, गढ़वा के एसडीओ संजय पांडेय, रंका के एसडीओ रुद्र प्रताप, श्री बंशीधर नगर के एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, गढ़वा के एसडीपीओ नीरज कुमार, रंका के एसडीपीओ रोहित रंजन समेत जिले के बड़ी संख्या में प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# बीडीसी पति पर गोली चलाने वाले दो गिरफ्तार

पुलिस ने इनके पास से एक देशी कट्टा, 315 बोर का जिंदा गोली, घटना में प्रयुक्त बाइक, दो मोबाइल आदि बरामद किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के चिनियां थाना क्षेत्र के सिगसिगा खुर्द निवासी बरवाडीह पंचायत समिति सदस्य पति योगेंद्र प्रसाद पर गोली चलाने वाले दो अपराध कर्मियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर ली है। इनके पास से एक देशी कट्टा, 315 बोर का एक जिंदा गोली, घटना में प्रयुक्त सफेद रंग का अपाची मोटरसाइकिल, दो मोबाइल आदि बरामद किया गया है। गिरफ्तार अपराध कर्मियों में गढ़वा जिले के मझिआंव थाना अंतर्गत करूई ग्राम निवासी रविंद्र सिंह का पुत्र अमित कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह तथा पलामू जिला अंतर्गत पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के गोंगो गांव निवासी स्व. श्यामदेव सिंह का पुत्र नितेश कुमार सिंह उर्फ नीतू सिंह का नाम शामिल है। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने गुरुवार को अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। एसपी पांडेय ने बताया कि गत 7 मार्च को सिगसिगा खुर्द निवासी योगेंद्र प्रसाद पर तहले घाटी में फायरिंग किया गया था। इस घटना में योगेंद्र घायल हो गए थे। योगेंद्र की प्राथमिकी के आधार पर रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान उक्त दोनों अपराध कर्मियों को चिनियां थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों के स्वीकारोक्ति बयान के अनुसार एसपी ने बताया कि योगेंद्र प्रसाद के गांव के ही मंदीप यादव से पंचायत के मनरेगा योजना की ठेकेदारी को लेकर विवाद चल रहा था। मंदीप और नितेश सिंह द्वारा मनरेगा योजना के ठेकेदारी के लिए प्रखंड से काफी योजना पंचायत के स्वीकृत कराया गया था। जिसका विरोध करने पर कई योजना खारिज हो गया था। इसी बात को लेकर कुछ दिन पहले मंदीप यादव और योगेंद्र के बीच मारपीट की घटना हुई थी। 2024 में ही दोनों तरफ से चिनियां थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इस मामले में मंदीप जेल में है। जेल जाने से पहले संदीप योगेंद्र को रास्ते से हटाने के लिए अमित कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह और नितेश सिंह के साथ पुन्दाग (रांची) स्थित अपने मकान में षड्यंत्र रचा था। अमित कुमार सिंह और नितेश सिंह के बीच दोस्ती थी। उन्होंने बताया कि घटना के दिन अमित और नितेश एक अपाची मोटरसाइकिल से पेशका होते हुए चफला पहुंचे। जिस रास्ते से योगेंद्र आता जाता था, वहां खड़ा होकर इंतजार करने लगे। जैसे ही योगेंद्र मोटरसाइकिल से तहले घाटी के पास पहुंचा। दोनों ने पीछा कर योगेंद्र पर गोली चला दी। योगेंद्र वहां से किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। एसपी ने बताया कि इस घटना में शामिल अन्य लोगों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अमित पर पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं। प्रेस वार्ता में एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह, पुलिस निरीक्षक सुभाष कुमार पासवान, अमित कुमार, नवीन कुमार राणा, राधेश्याम राम आदि लोग शामिल थे।



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसपी दीपक कुमार पांडेय।

# इंस्टाग्राम पर सौहार्द बिगाड़ने वाले पोस्ट करने पर युवक गिरफ्तार



प्रेसवार्ता करते एसडीपीओ।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** विशनपुरा पुलिस ने इंस्टाग्राम आईडी पर सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला पोस्ट करने वाले राजन सोनी नामक युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। साथ ही उसके पास से नकली पिस्टल एवं मोबाईल जप्त किया है। गिरफ्तार युवक विशनपुरा थाना क्षेत्र के विशनपुरा का रहने वाला है। यह जानकारी एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 20 मार्च को गढ़वा पुलिस सोशल मीडिया मॉनियटरिंग सेल के माध्यम से सूचना मिली कि राजन सोनी नामक युवक के द्वारा अपने इंस्टाग्राम आईडी से एक सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाला पोस्ट किया गया है। इसकी सूचना पर विशुनपुरा के थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। टीम में थाना प्रभारी के साथ पुअनि मिन्नातुल्ला खां, आरक्षी सुर्यभूषण सिंह एवं अनूप कुमार रवि को शामिल किया गया था। टीम ने मामले की जांच के दौरान सही पाते हुये राजन सोनी नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया। साथ उसके पास से घटना कारित करने में प्रयोग किया गया मोबाईल एवं नकली पिस्तौल जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक के विरुद्ध मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। प्रेसवार्ता में विशनपुरा के थाना प्रभारी राहुल सिंह, पुअनि मिन्नातुल्ला खां आदि मौजूद थे।

### श्री रामनवमी पूजा महासमिति जनरल की बैठक संपन्न



गढ़वा। श्री रामनवमी पूजा महासमिति जनरल की बैठक संघत मोहल्ला स्थित शिव मंदिर में संस्थापक अध्यक्ष मुरली श्याम सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी अखाड़ा और समितियां के सदस्य मौजूद थे। इस दौरान सर्वसम्मति से रोहित कुमार छोटू को अध्यक्ष, कमल किशोर चौबे को कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि आपसी सहमति से सूरज सिंह, मनीष केषरी, गोपाल सोनी, रविंद्र जायसवाल, अविनाश पासवान को उपाध्यक्ष, पिंटू कुमार ओला, पंकज केषरी को महामंत्री, विवेक सिंन्हा, मोहन चंद सोनी को कोषाध्यक्ष, मनोज महतो, राहुल डिसूजा, रजनीश कुमार, विशाल जायसवाल, संजीव कुमार दुबे को मंत्री, रविंद्र पासवान, तरुण श्याम सोनी मयंक, ध्रुव कुमार लकी को संगठन मंत्री, शुभम गुप्ता को मीडिया प्रभारी बनाया गया। बैठक में सभी अखाड़ों के लोग शामिल थे।

### ज्ञान निकेतन में वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशन का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट (10+2) स्कूल में पेरेंट्स मीटिंग सह वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी, उपप्राचार्य बसंत ठाकुर तथा उपस्थित अभिभावकों ने किया। इस दौरान परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र मोमेंटो व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। मौके पर निदेशक केशरी ने कहा कि यह विद्यालय विगत 33 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट पहचान बनाए रखा है। इस विद्यालय के सक्षम और समर्पित शिक्षकों द्वारा बच्चों के दिमाग को ज्ञान से पोषित किया जाता रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप विद्यालय से उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं देश के अलग-अलग हिस्सों में अपने काबिलियत का परचम लहरा रहे हैं। यह विद्यालय सिर्फ एक इमारत ही नहीं बल्कि यह प्रगति और ज्ञान व विकास का स्थल भी है। जहां बच्चे लगातार अपने उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर हैं। मौके पर शिक्षक खुर्शीद आलम, संतोष प्रसाद, मुकेश भारती, विकास कुमार, कृष्ण कुमार, नीलम कुमारी, सुनीता कुमारी, सरिता दुबे, शिवानी गुप्ता, रागिनी कुमारी, ज्योति तिवारी, ऋषभ श्रीवास्तव, पूजा प्रकाश सहित बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।



# छापेमारी में जावा महुआ एवं उपकरण जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** बरडीहा थाना अंतर्गत सुखनदी गांव के बरवाहा जंगल में भवनाथपुर रेंज के वन विभाग के टीम के द्वारा गुरुवार को छापामारी कर लगभग सैकड़ो किलो जावा महुआ एवं भारी मात्रा में उपकरण जब्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार अवैध महुआ शराब चुलाने का कारोबार काफी दिनों से चल रहा था। वहीं इस गोरख धंधा से गांव के लोगों पर काफी प्रभाव पड़ रहा था। जिसको लेकर उक्त गांव निवासी रविंद्र यादव, पिता बबलू यादव के द्वारा पुलिस अधीक्षक को 12 मार्च को शराब भट्ठी बंद करवाने के संबंध में निवेदन करते हुए आवेदन दिया गया था। वहीं उक्त आवेदन के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बरडीहा थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार के द्वारा सुखनदी गांव में स्थित बरवाहा जंगल पहुंचकर खोजबीन करते हुए अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर 1000 किलो जावा महुआ, उपकरण एवं भट्ठी को ध्वस्त किया गया था। उसके बावजूद भी कुछ लोगों के द्वारा पुनः अवैध महुआ शराब भट्ठी चलाया जा रहा था। वहीं गुप्त सूचना के आधार पर भवनाथपुर रेंजर प्रमोद कुमार की टीम फॉरेस्टर अनिल कुमार गिरी, वंरक्षा के राकेश कुमार निशांत कुमार हीरालाल पासवान सहित अन्य गृह वाहनी के लोगों के द्वारा जंगल में छापेमारी की गई और अवैध तरीके से शराब चुलाई जा रही भट्टी को ध्वस्त किया गया।

इस संबंध में पूछे जाने पर रेंजर प्रमोद कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी किया गया है। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र में अगर कोई भी अवैध कारोबार या वन की कटाई करते हैं तो उन्हे बक्सा नहीं जाएगा।



छापामारी करती वन विभाग की टीम।

### चार एकड़ में लगे पोस्ते की फसल नष्ट

**मनातू पलामू।** मनातू थाना अंतर्गत ग्राम झांटी के जंगली क्षेत्र में अवैध रूप से की जा रही अफीम की खेती के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया गया। इस अभियान में वन विभाग मनातू की टीम के साथ स्थानीय पुलिस बल ने सहभागिता की। अभियान के दौरान लगभग 04 एकड़ भूमि पर फैली अफीम की फसल को नष्ट किया गया। इस कार्रवाई का उद्देश्य अवैध मादक पदार्थों की खेती को रोकना और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना है।


**Jhumri Telaiya Nagar Parishad**
**Near Bazar Samiti, Koderma Block,**
**Distt. Koderma, Jharkhand**

Reference No.- ULB/NIT/JHUMRI-TELAIYA SEPTAGE/TENDER/1910/2025/ Date:- 20-03-2025

Tender Notice (5th Call)

IMPORTANT INFORMATION

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 30 m3/day at Jhumri Telaiya (Jharkhand) and Operation and Maintenance for 5 years |
| 2 | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: ₹ 4,60,47,370 Operation & Maintenance Cost: ₹ 1,83,39,514 Total:- ₹ 6,43,86,884 |
| 3 | Bid Security (INR) | ₹ 6,44,000/- (Rupees Six Lakhs Forty Three Thousands Only) |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | ₹ 10,000/- (Rupees Ten Thousand Only); non-refundable |
| 5 | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6 | Date of e-publication of tender | 27-03-2025, 17:00 Hrs |
| 7 | Document downloading start Date | 27-03-2025, 17:00 Hrs |
| 8 | Start date for seeking clarification | 27-03-2025, 17:00 Hrs |
| 9 | End date for seeking clarification | 09-04-2025, 17:00 Hrs |
| 10 | Pre bid meeting date, Time & Venue | 04-04-2025, 14:00 Hrs at Chamber of Office of Executive Officer, Nagar Parishad, Jhumri Telaiya Jharkhand – 825409. |
| 11 | Bid submission end date | 09-04-2025, 17:00 Hrs |
| 12 | Last day for the submission of Bid Security, cost of bid document | 09-04-2025, 17:00 Hrs |
| 13 | Bid opening date (online) | 11-04-2025, 17:30 Hrs |

Complete bid document is available on website http://Jharkhandtenders.gov.in Other details can be seen in the bidding documents.

*Bid security 1% of Bid amount.

PR 348878 Urban Development(24-25).D

Administrator
Jhumri Telaiya Nagar Parishad


### नरगिर आश्रम में चैत्र नवरात्र में होगी रामकथा की अमृत वर्षा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** शहर के गढ़देवी मुहल्ला स्थित नरगिर आश्रम में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र में आठ दिनों की रामकथा की अमृत वर्षा होगी। यह लगातार चौथा आयोजन है। इसके आयोजन को लेकर नरगिर आश्रम में बैठक की गई।

जय श्रीराम के जयघोष के बीच चन्दन जायसवाल को पुनः सर्वसम्मति से रामकथा आयोजन समिति का अध्यक्ष बनाया गया। मौके पर अध्यक्ष श्री जायसवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए शीघ्र ही समिति के अन्य पदाधिकारियों का चयन किया जायेगा। इसमें युवाओं को अधिक भागीदारी सौंपी जाएगी। संरक्षक के रूप मे सभी वरिष्ठ अभिभावकों का सहयोग लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2082 जो 30 मार्च को है उस दिन कलश स्थापना को लेकर एक विशाल शोभा यात्रा बाजे गाजे के साथ नरगिर आश्रम से निकाली जाएगी। जो गढ़देवी मंदिर, संकट मोचन होते हुए सहिजना स्थित पीएचडी कॉलोनी स्थित दानरो नदी तक जाएगी।

कथा वाचक अयोध्या के परम पूज्य बालस्वामी अवधेन्द्र प्रपन्नाचार्य जी के साथ उनकी पूरी टीम संगीतमय रामकथा का रसपान कराएंगे। नवमी को हवन एवं भंडारा के साथ कथा विराम लेगी। ज्ञात हो कि पिछले चार वर्षों से लगातार गढ़वा की हृदय स्थली गढ़देवी मन्दिर से कुछ ही दूरी पर स्थित नरगिर आश्रम मे रामनवमी के अवसर रामकथा का आयोजन होते आ रहा है।

इसमे स्थानीय शहरवासियों की काफी भीड़ होती है। बैठक में जगजीवन बघेल, धर्मनाथ झा, राजेश विश्वकर्मा, मनीष कमलापुरी, अरबिंद पटवा, संजय अग्रहरि, संजय ठाकुर, दीनानाथ बघेल, अजय सिंह, गुड्डू हरि, जय शंकर बघेल, भरत केशरी, गौतम चन्द्रवंशी, सोनू बघेल, राकेश चंद्रवंशी, गौतम शर्मा, सुदर्शन महतो, अनिकेत गुप्ता, अजय राम, भोला केशरी, मधु चन्द्रवंशी आदि लोग उपस्थित थे।



### विद्युत चोरी के आरोप में आठ लोगों पर केस दर्ज

**केतार।** विद्युत विभाग के एसडीओ प्रदीप कुमार सिंह ने केतार थाना में आठ लोगों पर नामजद केस दर्ज कराया है। जिन पर केस दर्ज किया गया है उनमें सुदर्शन मेहता पिता जटू मेहता लातमरवा केतार, सोनू मेहता, रामाशीष मेहता पिता स्व. बिगन मेहता केतार, बुटाई मेहता, नंदू मेहता पिता रामवृक्ष मेहता ग्राम केतार, दिनेश यादव पिता रामनाथ यादव ग्राम खैरवा केतार, दूदून पासवान पिता दशरथ पासवान ग्राम खैरवा केतार, दशरथ पासवान पिता नन्हकू पासवान ग्राम खैरवा केतार का नाम शामिल है। एसडीओ ने इन सभी के घरों में जाकर विद्युत जांच किया तो पाया कि मीटर लगा हुआ है, परंतु मीटर से बाईपास करते हुए विद्युत का चोरी किया जा रहा है जो की नियमसंगत नहीं है। इन सभी लोगों पर दस दस हजार का क्षतिपूर्ति दंड भी लगाया गया है। सभी दोषी व्यक्तियों पर विद्युत ऊर्जा चोरी की प्राथमिकी दर्ज करते हुए भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135/138 के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है। इसमें गवाह के रूप में महादेव प्रसाद पिता स्व. सुरेंद्र प्रसाद जायसवाल, अशोक कुमार पिता हरिहर प्रसाद यादव, एवं छूनू मेहता पिता बसंत मेहता का नाम शामिल है।


**झारखण्ड सरकार**
**अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग**
**डॉ० रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, राँची – 834008**
दूरभाष–0651–2551824, E-mail- tri.directorate@gmail.com/ dir-triran@gov.in

पत्रांक–401 **निविदा सूचना** राँची, दिनांक:–20.03.2025

डॉ० रामदयाल मुण्डा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान, रॉची द्वारा इस वर्ष सरहुल पर्व के अवसर पर झारखण्ड के जनजातीय समुदायों के द्वारा की जाने वाली पूजा पद्धति एवं जतरा का फोटोग्राफी एवं वृतचित्र (Documentary) बनाया जाना है।

तदालोक में पेशेवर वृतचित्र निर्माताओं से "इच्छा की अभिव्यक्ति" आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति/एजेंसियों द्वारा इस कार्य हेतु सात दिनों के अंदर कार्यालय अवधि में संस्थान को बंद लिफाफे में कोटेशन उपलब्ध कराया जाए।

PR 348849 Schedule Tribe, Schedule Caste, Minority and Backward Class Welfare Department(24-25)#D

ह०/–
निदेशक

**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)**
अति अल्पकालीन
द्वितीय डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना–15/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, डोमचाँच के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में (दिनांक–01.04.2025 से 31.03.2025 तक के लिए) निम्न सैरातों की बन्दोबस्ती ई–प्रोक्यूरमेंट कमिटि के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 11:30 बजे पूर्वाह्न नगर पंचायत, डोमचाँच कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाकधारी निर्धारित शर्त एवं समय के अनुसार दिनांक– 28.03.2025 को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खुली डाक के से बोली लगाने हेतु निर्धारित किया जाता है।

| क्र0सं0 | बन्दोबस्ती का नाम | सुरक्षित 2025–26 लिए | जमानत की राषि 10 प्रतिषत | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | टैक्सी बस स्टैण्ड | 330660.00 | 33100.00 | दिनांक–28.03.2025 को 11:30 बजे पूर्वाह्न से |

बन्दोबस्ती की शर्त एवं विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत, डोमचाँच को सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR 348825 Urban Development(24-25)D

# नागपुर में हिंसा के मायने

आरएसएस के मुख्यालय होने के साथ ही नागपुर महाराष्ट्र का महत्वपूर्ण शहर है। सीएम देवेन्द्र और सड़क मंत्रालय के चर्चित मंत्री नीतिन गडकरी भी इसी शहर से विधायक और सांसद हैं। आजाद भारत में महाराष्ट्र के नागपुर शहर में पहली बार सांप्रदायिक हिंसा की घटना हुई है। सौ साल पहले 1923 में तत्कालीन सी पी एंड बरार की राजधानी नागपुर में हिंदू-मुस्लिम झगड़े हुए थे, 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यहां स्थापना हुई, मुख्यालय बना और उसके बाद 1927 में फिर यह शहर सांप्रदायिक हिंसा की चपेट में आया था। लेकिन आजादी के बाद नागपुर में सांप्रदायिक सद्भाव कायम रहा। जब नागपुर में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे थे, तब पुलिस प्रशासन सतर्क क्यों नहीं हुआ। क्या इस महकमे को अहसास नहीं था कि इस तरह की घटनाएं अक्सर किस अंजाम को पहुंचती हैं। फिलहाल एक अहम मुद्दे पर विचार करना जरूरी है कि हिंदूवादी संगठनों को यकायक औरंगजेब की कब्र हटाने का जुनून कैसे सवार हो गया है और इसके लिए कारसेवा का आह्वान कर बाबरी मस्जिद तोड़ने की घटना किस प्रयोजन से याद दिलाई जा रही है? ऐसा नहीं है कि औरंगजेब की आलोचना पहली बार हुई हो। इतिहास के पन्नों में औरंगजेब को एक क्रूर शासक माना गया है। लेकिन उस क्रूरता को वर्तमान में हिंसा और नफरत कायम करने की मूर्खता अभी की जा रही है। हाल ही में विक्की कौशल अभिनीत फिल्म छावा के आने के बाद औरंगजेब पर विवाद और गहराया। इस फिल्म में शिवाजी के बेटे संभाजी की वीरता को दिखाना उद्देश्य था, लेकिन धर्म के उन्माद में डूबी जनता ने इसमें औरंगजेब के क्रूर चरित्र पर ज्यादा गौर फरमाया। क्या देश को इस प्रकार के मसलों में उलझाकर विकसित राष्ट्र बनाया जा सकता है?

## आज का राशिफल

**मेष : बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7**

**वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5**

**मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8**

**कर्क : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8**

**सिंह : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9**

**कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9**

**तुला : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9**

**वृश्चिक : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7**

**धनु : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थो की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8**

**मकर : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8**

**कुंभ : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8**

**मीन : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह

स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह

द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।

प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006

e-mail
khabarmantra.city@gmail.com

R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797

धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )

*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# सुनहरा लम्हा: धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स




नासा की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर, जो पिछले नौ महीने से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर थे, आज सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए। स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि, स्टारलाइनर में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे वे नौ महीने तक आईएसएस पर रहे। उनकी वापसी के लिए स्पेसएक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्च किया गया था, जिससे सफलतापूर्वक उन्हें धरती पर वापस लाया जा सका। वापसी के बाद दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को स्ट्रेचर पर ले जाया गया, जो लंबे समय तक भारहीनता में रहने के बाद एक सामान्य प्रक्रिया है।

यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्त्वपूर्ण रहा बल्कि इससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी मदद मिलेगी। इससे नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों, जैसे मंगल पर मानव मिशन की योजना बनाने में सहायता मिलेगी। सुनीता विलियम्स व उनके सहयोगी की वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा।

सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी।

सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं, जिनका भारत से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता भारतीय मूल के हैं और उन्होंने कई बार भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है। भारत में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान की बढ़ती उपलब्धियों के बीच सुनीता विलियम्स एक प्रेरणास्त्रोत बनी हुई हैं। इसरो (आईएसआरओ) भी अब मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इसरो ने हाल ही में गगनयान के लिए प्रमुख परीक्षण पूरे किए हैं और आने वाले वर्षों में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है।



- डॉ सत्यभान

> सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं।

सुनीता विलियम्स की उपलब्धियाँ न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्त्रोत हैं। उनकी सफलता यह दिखाती है कि भारतीय मूल के लोग वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भविष्य में, इसरो और नासा के बीच सहयोग बढ़ सकता है, जिससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी। सुनीता विलियम्स न केवल एक उत्कृष्ट अंतरिक्ष यात्री हैं बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी हैं। उनका सफर यह दशार्ता है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और विज्ञान के प्रति जुनून कैसे किसी को नई ऊंचाइयों तक पहुँचा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित किया है कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने कई मौकों पर भारतीय छात्रों व युवाओं से संवाद किया है और उन्हें वैज्ञानिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके अनुभव और उपलब्धियाँ न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएँ केवल मानसिकता में होती है और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए तो उसे प्राप्त किया जा सकता है।

सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियाँ अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएँ और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियाँ शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी।

सुनीता विलियम्स की वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुनीता विलियम्स की सफल वापसी पर बधाई देते हुए उनके साहस तथा समर्पण की सराहना की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनका यह मिशन भारत के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों और युवाओं के लिए एक प्रेरणा है, जो अंतरिक्ष में नई ऊंचाइयों को छूने का सपना देखते हैं।

## लेटर टू एडिटर

### नफरती मंसूबे

हाल ही में अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित स्वामीनाथन मंदिर पर हमले के साथ अपवित्रता की घटना भी हुई। इसके अलावा, विदेश मंत्री जयशंकर के काफिले पर ब्रिटेन में हमले और नारेबाजी के साथ उच्चायुक्त भवन से तिरंगा निकालने की घटना से मयार्दाएं टूट रही हैं। संपादकीय ह्यनफरती मंसूबेह्न में उल्लेख है कि इन अलगाववादियों को वहां की सरकारें संरक्षण देकर कार्यवाही नहीं कर रही हैं, जिससे इनके हौसले बुलंद हो रहे हैं। इन घटनाओं की अनदेखी कदापि नहीं की जानी चाहिए और पश्चिमी देशों को अपनी मयार्दा में ही रहना चाहिए।

बीएल शर्मा, जमशेदपुर

### चौकसी पर सवाल

अमृतसर के ठाकुरद्वारा मंदिर में ग्रेनेड हमलाह्न में पंजाब में शांति भंग करने की साजिश का खुलासा किया गया है। रात के समय दो मोटरसाइकिल सवारों द्वारा ग्रेनेड फेंकने से प्रशासन की चौकसी पर सवाल उठते हैं। पिछले चार महीनों में पंजाब में यह 13वां ग्रेनेड हमला है। पाकिस्तान, नशीले पदार्थों की तस्करी और धार्मिक स्थानों पर हमले के जरिए पंजाब की शांति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। मुख्यमंत्री को इन ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए।

**- रविशंकर सिंह, रांची**

## X ट्वीट

**बंशीधर** महोत्सव को राजकीय महोत्सव बनाया गया है। इसी तरह पलामू प्रमंडल के आदिवासी भाइयों-बहनों के ऐतिहासिक दुबियाखाड़ मेला को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया गया है। विगत 5 साल में जो गति विकास को दिया गया है वह गति 100 गुना बढ़ाने का मैं वादा करता हूं।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

# प्लेसमेंट व पैकेज की समस्या से जूझते पूरी दुनिया के युवा

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

**सामयिक**

पढ़े-लिखे युवाओं के लिए रोजगार की अनुपलब्धता किसी एक देश की समस्या ना होकर वैश्विक बन गई है। हालात यह है कि दुनिया के श्रेष्ठतम अध्ययन केन्द्रों से पासआउट युवा भी अच्छे पैकेज के रोजगार के लिए मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। यह वास्तविकता है कि हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, शिकागो, कोलंबिया, एमआईटी, पेन्सिलवेनिया, एमआईटी जैसे वैश्विक ख्यातनाम संस्थानों से एमबीए किए युवाओं को पासआउट होने के तीन माह बाद तक नौकरी की पेशकश नहीं मिलने की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। ब्लूमबर्ग ने अमेरिका के सात शीर्ष संस्थानों से एमबीए का अध्ययन कर निकले विद्यार्थियों के प्लेसमेंट को लेकर किए गए अध्ययन में इसका खुलासा किया है।

चौंकाने वाली बात यह है कि 2021 की तुलना में 2024 में यह प्रतिशत करीब-करीब चार गुणा बढ़ गया है। 2021 में केवल 4 प्रतिशत पासआउट छात्र ही ऐसे थे जिन्हें पासआउट के तीन माह बाद तक ऑफर नहीं मिलता था, वह संख्या 2024 तक बढ़कर 15 प्रतिशत हो गई है। अमेरिका के शीर्ष सात संस्थनों में कहीं-कहीं तो छह गुणा तक की यह बढ़ोतरी देखी गई है। यह इसलिए भी चिंताजनक है कि जिन संस्थानों के अध्ययन का स्टैंण्डर्ड निर्विवाद रूप से विश्व भर में श्रेष्ठतम रहा है और जिनकी वैश्विक पहचान है, उनकी यह हालत है तो आम संस्थानों की क्या होगी? यह अकल्पनीय है। हो सकता है कि ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट अतिश्योक्तिपूर्ण हो पर हालात जिस तरह के सामने आ रहे हैं उससे यह साफ हो जाता है कि प्लेसमेंट की समस्या दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है।

सवाल केवल प्लेसमेंट तक सीमित नहीं है अपितु पैकेज में भी लगातार कमी देखी जा रही है। चंद युवाओं को अच्छा पैकेज मिल जाना इस बात का प्रमाण नहीं हो सकता कि कंपनियों द्वारा युवाओं को अच्छा पैकेज दिया जा रहा है। दरअसल, कोरोना के बाद से प्लेसमेंट और पैकेज को लेकर हालात बहुत हद तक बदल गए हैं। यदि हम भारत की ही बात करें तो देश के शीर्ष प्रबंधन संस्थानों से पासआउट युवाओं को 2022 में औसत 29 लाख का पैकेज मिल रहा था तो वह 2024 आते-आते 27 लाख पर आ गया है। यह सब देश-दुनिया के शीर्ष अध्ययन संस्थानों से पासआउट युवाओं को लेकर है। सामान्य व मध्यस्तरीय संस्थानों से पासआउट युवाओं को मिलने वाला पैकेज तो बहुत ही कम होता जा रहा है। दूसरी ओर घरबार छोड़कर 90 घंटे तक काम करने को लेकर बहस चल रही है। एक और पिकोक कल्चर, हाईब्रीड सिस्टम और वर्क फ्रॉम होम से कार्यस्थल पर युवाओं को लाने की जद्दोजहद जारी है तो दूसरी और कम होते अवसर चिंता का विषय बनते जा रहे हैं।

सरकारें लाख प्रयास करें या विपक्षी बेरोजगारी बढ़ने के लाख आरोप प्रत्यारोप लगाये पर लगता है कि प्लेसमेंट, रोजगार और पैकेज का संकट किसी एक देश का नहीं अपितु वैश्विक समस्या बनती जा रही है। इससे युवाओं में कहीं ना कहीं निराशा भी आती जा रही है। हालांकि हार्वर्ड, शिकागो आदि के शिक्षा के स्तर को लेकर प्रश्न नहीं उठाया जा सकता पर तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि हार्वर्ड, शिकागो या इस तरह की उच्च गुणवत्ता वाली संस्थाओं में अध्ययन करने वाले कितने युवा होते हैं जिनमें इन संस्थाओं के अध्ययन का खर्च उठाने की क्षमता होती है। जब इस तरह की उच्च गुणवत्ता वाली संस्थाओं से अध्ययन प्राप्त कर निकले युवाओं के सामने ही प्लेसमेंट या पैकेज का संकट आ रहा है तो अन्य संस्थानों से अध्ययन प्राप्त युवाओं की स्थिति क्या होगी, यह स्वयं में सोचनीय है।

जहां तक हमारे देश की बात की जाए तो यह साफ है कि हमारे यहां एक तरह से अंधी दौड़ चलती है। एक समय था जब कुकुरमुत्ते की तरह प्रबंधन संस्थान खुले और आज हालात यह है कि निजी क्षेत्र में खुले इस तरह के संस्थानों को क्षमता के अनुसार विद्यार्थी ही नहीं मिल रहे हैं। लगभग यही स्थिति इंजीनियरिंग कॉलेजों की होती जा रही है। गली-गली में फामेर्सी संस्थान खुलते जा रहे हैं।

सौ टके का सवाल यह है कि अध्ययन संस्थान खोलने की अनुमति के साथ ही अध्ययन का स्तर भी बनाये रखने के लिए फैकल्टी को लेकर भी मान्यता देते समय सरकार को गंभीर होना होगा। जब तक स्तरीय अध्ययन उपलब्ध नहीं होगा तब तक हम पासआउट तो करते रहेंगे पर प्लेसमेंट या अच्छे पैकेज की उम्मीद बेमानी है। सरकार को शिकागो, हार्वर्ड कोलंबिया, पेन्सिलवेनिया या इसी तरह के संस्थानों से पासआउट छात्रों के साथ जो हालात बन रहे हैं, उससे समय रहते सबक लेना होगा और अन्य संस्थानों में भी शिक्षण व शोध की गुणवत्ता सुनिश्चित करनी होगी।

# ईएफटी: आत्म-स्वीकृति और आत्म-मूल्य बढ़ाने की प्रभावी तकनीक

**अदिति भसीन**

**मोटिवेशन**



आत्म-स्वीकृति और आत्म-मूल्य व्यक्ति के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं। यह अहसास कि हम जैसे हैं, वैसे ही पर्याप्त हैं, आत्म-विश्वास और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाता है। लेकिन समाज की अपेक्षाएँ, बचपन के अनुभव, और असफलताओं की वजह से लोग अक्सर खुद को कमतर आंकते हैं। इस स्थिति में इमोशनल फ्रीडम टेक्नीक (एत्रछ्र) एक प्रभावी समाधान साबित हो सकता है, जो व्यक्ति को खुद को स्वीकार करने और आत्म-मूल्य बढ़ाने में मदद करता है।

ईएफटी एक समग्र चिकित्सा तकनीक है जिसमें शरीर के कुछ विशेष बिंदुओं पर हल्की थपकी (टैपिंग) दी जाती है। यह तकनीक पारंपरिक चीनी चिकित्सा के मेरिडियन पॉइंट्स और आधुनिक मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण का संयोजन है। यह पद्धति तनाव, आत्म-संदेह, और भावनात्मक आघात को कम करने में सहायक होती है, जिससे व्यक्ति अपने भीतर छिपी नकारात्मक धारणाओं को छोड़ पाता है।

आत्म-स्वीकृति तब आती है जब व्यक्ति अपनी खामियों और कमजोरियों को स्वीकार करता है, बिना यह सोचे कि उसे दूसरों के अनुसार बदलना चाहिए। जब कोई व्यक्ति खुद को पूरी तरह स्वीकार कर लेता है, तो वह बाहरी मान्यताओं और आलोचनाओं से प्रभावित नहीं होता। ईएफटी व्यक्ति को नकारात्मक भावनाओं और सीमित करने वाले विश्वासों से मुक्त करता है, जिससे वे खुद को वैसे स्वीकार कर सकते हैं जैसे वे हैं। जब व्यक्ति बिना किसी शर्त के खुद को स्वीकार करता है, तो आत्म-संदेह कम हो जाता है और आत्म-विश्वास बढ़ता है।

ईएफटी अवचेतन मन में गहराई से जमी हुई नकारात्मक धारणाओं को बदलकर आत्म-मूल्य को मजबूत करता है। जब कोई व्यक्ति यह महसूस करता है कि वह योग्य है और उसकी भावनाएँ महत्वपूर्ण हैं, तो उसका आत्म-मूल्य बढ़ता है। यह विधि उन विचारों को मिटाने में मदद करती है जो व्यक्ति को यह महसूस कराते हैं कि वह पर्याप्त नहीं है या किसी योग्य नहीं है। इससे व्यक्ति खुद को स्वीकार कर पाता है और अपने जीवन में अधिक आत्म-विश्वास के साथ आगे बढ़ता है।

यह तकनीक केवल मानसिक रूप से नहीं, बल्कि शारीरिक रूप से भी प्रभावी होती है। ईएफटी से तनाव और चिंता कम होते हैं, जिससे व्यक्ति अधिक संतुलित महसूस करता है। यह उसे आत्म-स्वीकृति और आत्म-मूल्य को गहराई से समझने और अपनाने का अवसर देता है। जब व्यक्ति इन सीमित करने वाले विश्वासों से मुक्त होता है, तो वह अपने करियर, रिश्तों और जीवन के हर क्षेत्र में बेहतर निर्णय ले पाता है।

ईएफटी सिर्फ एक उपचार तकनीक नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है जो व्यक्ति को खुद से जुड़ने, खुद को स्वीकार करने और आत्म-मूल्य बढ़ाने की शक्ति देती है। यदि इसे नियमित रूप से अपनाया जाए, तो व्यक्ति अपने भीतर की शांति और आत्म-विश्वास को महसूस कर सकता है। जब कोई व्यक्ति खुद को पूरी तरह स्वीकार कर लेता है, तो वह बिना किसी डर या अपराधबोध के अपने जीवन को संवारने की क्षमता रखता है। आत्म-स्वीकृति और आत्म-मूल्य को बढ़ाने के लिए ईएफटी को अपनाना मानसिक और भावनात्मक रूप से संतुलित जीवन जीने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

**(लेखिका मनोविज्ञानी हैं।)**




**राजधानी रांची में पान मसाले पर रोक लगा दी गयी है। सरकार ने युवाओं के हेल्थ का ख्याल रखकर ऐसा किया है लेकिन इनके विज्ञापन युवाओं को पहली पसंद बता रहें है। तस्वीर: अजय सानी**

## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### रामनवमी को ले शीतला मंदिर में बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामनवमी को लेकर पटेलनगर पंचायत के सयाल मोड़ स्थित मां शीतला मंदिर प्रांगण में गुरुवार को पटेलनगर वासियों और नवयुवकों की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पटेलनगर से रामनवमी की भव्य शोभायात्रा निकाला जायेगा। बैठक में शोभायात्रा की तैयारियों पर चर्चा करते हुए सबों का जिम्मेवारी सौंपी गई। बैठक में विक्की सिंह, मनीष वर्मा, मिंटू पटेल, संतोष मिश्रा, राजन सिंह, राजेश गोस्वामी, देव, शंकर मंडल, पुनीत सिंह, अनीश वर्मा, शक्ति श्रीवास्तव, आलोक सिंह, मनदीप सिन्हा, कुंदन महतो, नवीन ठाकुर, किशोर राणा, राजकुमार यादव, रोहित भारती, रवि ठाकुर आदि मौजूद थे।

### मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यक्रम



**रामगढ़।** विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन, रामगढ़ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला कुष्ठ निवारण सह-नोडल पदाधिकारी डॉ तुलिका रानी के संयुक्त नेतृत्व में जिला के कैन्ट मध्य विद्यालय नईसराय एवं राजकीय मध्य विद्यालय प्रखण्ड मुख्यालय रामगढ़ के साथ सदर अस्पताल परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में दन्त चिकित्सक डॉ० नितेश कुमार, डॉ० सत्यप्रकाश द्वारा बच्चों को ब्रश करना सिखलाया गया । साथ ही साथ मुंह को कैसे साफ रखने से संबंधित जानकारी दी गई। डॉ० महालक्ष्मी प्रसाद सिविल सर्जन रामगढ़ एवं डॉ० तुलिका रानी जिला कुष्ठ निवारण सह- नोडल पदाधिकारी द्वारा बच्चों के बीच अल्पाहार किट वितरण किया गया। विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस में आमजनो एवं स्वास्थ्य कर्मियों के बीच मुँह के रोगो को रोकने, नियंत्रित करने, मुंह के कैंसर के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉ० अजय चौधरी, डॉ० मधुरिमा प्रसाद, डॉ० पल्लवी कौशल, विजय कुमार डीपीएम, आमोद कुमार डीपीए एंड डीपीएमयू यूनिट, प्रदीप दास एफएलसी मौजूद थे।

### नेहा तिर्की से मिला सरहुल समिति



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सरहुल को लेकर केन्द्रीय सरहुल समिति भुरकुंडा कोयलांचल ने गुरुवार को मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को आमंत्रण-पत्र देकर सरहुल में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आग्रह किया। मालूम हो कि 2 अप्रैल को सरहुल के अवसर पर भुरकुंडा थाना मैदान में भव्य शोभा यात्रा व झांकी मिलान कार्यक्रम आयोजित की जायेगी। शोभा यात्रा सयाल मोड़, पटेलनगर, बिरसा चौक, मतकमा चौक, जनता टॉकी, भुरकुंडा बाजार आदि क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए थाना मैदान पहुंचेगा।

### डीडीसी ने अबुआ आवास का किया निरीक्षण



**कुजू।** मांडू प्रखंड के छोटकी डूंडी पंचायत का रामगढ़ डीडीसी रॉबिन टोप्पो ने गुरुवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार के निर्माणाधीन दो अबुआ आवास और मनरेगा के तहत बन रहे तीन कुंए का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने साफतौर पर कहा है कि समय अवधि के भीतर कार्य को पूरा करें। साथ ही यह ध्यान रहे कि इसमें किसी तरह की कोई अनियमितता नहीं हो। अन्यथा मजबूरन उनके विरुद्ध कार्यवाई की जाएगी। निरीक्षण में मांडू बीपीओ महेश महतो, रोजगार सेवक संजय कुमार दास शामिल थे।

### जतराटांड़ में महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन



**कुजू।** 10 अप्रैल से करमा उत्तरी पंचायत अंतर्गत ग्राम जतराटांड़ में श्री श्री 1008 हनुमंत मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह पंच दिवसीय महायज्ञ को लेकर गुरुवार को पूजा अर्चना और कई धार्मिक अनुष्ठान के बीच भूमि पूजन किया गया। साथ ही महावीरी झंडे का ध्वजारोहण के साथ नगर भ्रमण का कार्य किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से करमा परियोजना से प्रतिनिधि के रूप में वीरेश कुमार, अजीत कुमार सिंह समेत पंचायत क्षेत्र के मुखिया, पंसस शामिल हुए। इस बीच यज्ञ समिति द्वारा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किए जाने के साथ उनका स्वागत किया गया। इससे पूर्व आचार्य नरेश पांडेय, रूपदेव पाण्डेय द्वारा यजमान बने मोहरलाल मुंडा सपत्नीक के हाथों विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। मौके पर मुखिया खागेश्वर महतो, शक्ति कुमार महतो, रामसेवक महतो, गुड्डू वर्मा, समिति के दशरथ मुंडा, धनेश्वर महतो, अशोक मुंडा, नरेश मुंडा, मोहरलाल महतो, महादेव मुंडा,सुभाष मुंडा, जितेंद्र महतो, बृजलाल महतो, संजय कुमार, संजय मुंडा, डोमन ठाकुर, मुंशी मुंडा, किन्नू राम, जीतन राम, विजय महतो, अनिल गुप्ता, नेवालाल कुमार, वकील साव, सुखदेव महतो आदि मौजूद थे।

### कुजू : श्री श्री रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष बने जय ओझा



**कुजू।** पब्लिक हाई स्कूल कुजू के मैदान में श्री श्री राम नवमी पूजा समिति डटमा मोड़ की बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में पूजा के सफल संचालन को लेकर विचार विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से कमिटि का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष के रूप में कुजू पश्चिम मुखिया जय कुमार ओझा उर्फ बूच बाबा, उपाध्यक्ष फुदन मिश्रा, शंकर मेहता, आकाश सिंह, सचिव पप्पू ठाकुर, सह सचिव अजीत महतो, शशि शर्मा, संपत सिंह, कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा, सह कोषाध्यक्ष झब्बु चौबे का चयन किया गया। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

**सेंट स्टीफेंस चर्च विवाद**

# आस्था पर प्रशासनिक हस्तक्षेप या सत्ता का नया खेल

**अभय कुमार सिंह**

## प्रशासनिक कार्रवाई से ईसाई समुदाय में आक्रोश

▸▸ कैंडल मार्च निकालकर विरोध
सीएम को बिशप ने लिखा पत्र



**हजारीबाग।** हजारीबाग का ऐतिहासिक सेंट स्टीफेंस चर्च, जो न केवल एक धार्मिक स्थल बल्कि शहर के इतिहास और संस्कृति का अहम हिस्सा है, आज विवादों के घेरे में है। प्रशासन द्वारा चर्च परिसर में की गई कार्रवाई से पूरा ईसाई समुदाय आक्रोशित है। ईसाई समुदाय का आरोप है कि यह मामला सिर्फ चर्च की 180 साल पुरानी संपत्ति का नहीं, बल्कि धार्मिक स्वतंत्रता, संवैधानिक अधिकारों और प्रशासनिक मनमानी का भी है। सवाल उठ रहा है कि क्या यह सिर्फ एक जमीन विवाद है, या फिर इसके पीछे कोई बड़ी राजनीतिक या प्रशासनिक साजिश है?

बुधवार की रात, हजारीबाग की सड़कों पर हजारों की संख्या में मोमबत्तियों की रोशनी में लोग जुटे। पर यह रोशनी शांति का प्रतीक नहीं, बल्कि विरोध की ज्वाला थी। हाथों में जलती कैंडल्स और जुबान पर इंसाफ की मांग लिए, ईसाई समुदाय के लोगों ने प्रशासनिक कार्रवाई के खिलाफ अपनी नाराजगी जाहिर की। चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया, छोटानागपुर डायसिस के बिशप बी.बी. बास्के ने पत्र के माध्यम से इस मामले को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक पहुंचाया और निष्पक्ष जांच की मांग की है ।

**प्रशासनिक कार्रवाई या धार्मिक भावनाओं पर चोट :** ईसाई समुदाय का कहना है कि 14 मार्च 2025 को प्रशासन ने चर्च परिसर में घुसकर धार्मिक प्रतीकों को हटाने और चर्च की जमीन को अतिक्रमित घोषित करने की कोशिश की। समुदाय का आरोप है कि प्रशासन चर्च की संपत्ति को जबरदस्ती कब्जाने का प्रयास कर रहा है और इस ऐतिहासिक स्थल पर पुलिस थाना बनाने की योजना है। बिशप बास्के ने इस घटना को धार्मिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला करार दिया और इसे सांप्रदायिक सद्भावना को बिगाड़ने की साजिश बताया।

**नेताओं की एंट्री से गरमाई सियासत :** जैसे ही मामला तूल पकड़ने लगा, राजनीतिक नेताओं की एंट्री भी हो गई। पूर्व मंत्री बंधू तिर्की और हजारीबाग के पूर्व विधायक सौरव नारायण सिंह मौके पर पहुंचे और खुलकर प्रशासन की आलोचना की। बंधु तिर्की ने कहा कि चर्च के प्रार्थना स्थल में घुसकर धार्मिक प्रतीकों को हटाना अस्वीकार्य है, और प्रशासन को स्थिति को जस का तस बनाए रखना चाहिए। सौरव नारायण सिंह ने चर्च की ऐतिहासिक विरासत और शिक्षा के क्षेत्र में उसके योगदान को याद दिलाते हुए कहा कि प्रशासन को चर्च की बॉउंड्री वॉल पुनर्निर्मित करनी चाहिए और थाना कहीं और बनाना चाहिए। यह विवाद सिर्फ हजारीबाग तक सीमित नहीं रहने वाला। ईसाई समुदाय इसे धार्मिक स्वतंत्रता पर हमले के रूप में देख रहा है, और बढ़ता जनाक्रोश सरकार के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकता है। क्या यह मामला सिर्फ चर्च की जमीन तक सीमित रहेगा, या फिर यह राज्यव्यापी विरोध का रूप लेगा? क्या प्रशासन बैकफुट पर जाएगा, या अपने फैसले पर अडिग रहेगा? समुदाय के लोगों ने साफ कहा कि यह लड़ाई सिर्फ चर्च की दीवारों की नहीं, बल्कि धार्मिक अधिकारों और संवैधानिक स्वतंत्रता की भी है। आगे क्या होगा, यह तो आने वाले दिनों में ही साफ होगा। लेकिन एक बात तय है कि हजारीबाग से उठी यह चिंगारी अब शांत होने वाली नहीं है।



स्थल पर पहुंचे बंधु तिर्की व सौरव नारायण सिंह।

# परियोजनाओं में आ रही अड़चनों को करें दूर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

## एफआरए, भू-अर्जन समेत समेत कई योजना की डीसी ने की समीक्षा

### सीसीएल, पीवीयूएनएल के कार्यों का जल्द हो निपटारा



रामगढ़। रामगढ़ जिले में आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन तथा विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा गुरुवार को डीसी चंदन कुमार ने की। भारतमाला परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, रेलवे सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पैकेजवार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान डीसी ने कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया संबंधित ग्राम सभा के आयोजन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक के दौरान डीसी ने सीसीएल, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके-उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों की जानकारी ली। उन्होंने सभी मामलों पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में डीसी ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि, एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, नजारत उप समाहर्ता, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, जिला स्तरीय अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### रामनवमी को ले कमेटी गठित, प्रयाग बने अध्यक्ष



**विष्णुगढ़।** करोंज मोड़ में महावीर दल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें रामनवमी को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एक कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से प्रयाग साव को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर मुरली प्रसाद, वासुदेव साव (बासु), संदीप सोनी और बाल गोविंद प्रसाद को नियुक्त किया गया। सचिव के रूप में बासुदेव साव, उपसचिव के रूप में आशीष कुमार, दिनेश प्रसाद और जितेंद्र प्रसाद को चुना गया। कोषाध्यक्ष का दायित्व श्रीकांत प्रसाद को सौंपा गया, जबकि मीडिया प्रभारी विजय कुमार बरनवाल (गुड्डू सर) को बनाया गया। कार्यकारिणी समिति में महेंद्र साव, राजेश कुमार (होरल), सुजीत कुमार, नवीन कुमार, धनेश्वर प्रसाद, गजेंद्र राणा, अजीत कुमार बरनवाल, प्रकाश कुमार, अर्जुन प्रसाद, अमन कुमार, सन्नी कुमार, गणेश गोस्वामी, रणधीर बरनवाल, केसर साव, सुनील राणा (मलिंगा) और कुणाल सोनी को शामिल किया गया। बैठक में रामनवमी की तैयारियों पर चर्चा की गई और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सभी सदस्यों ने पूरे जोश के साथ त्यौहार को भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया।

### विस्थापितों के लिए गठित हो विशेष टीम : चौधरी



**बड़कागांव।** विधायक रोशन लाल चौधरी ने विधानसभा में एनटीपीसी कॉल माइंस परियोजना से विस्थापित हो रहे परिवारों के मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि पकरी-बरवाडी, केरेडारी और चट्टी बरियातू क्षेत्रों से विस्थापित परिवारों को उनके आवासीय संरचनाओं का उचित मुआवजा नहीं मिल रहा है। वर्तमान में भवन निर्माण प्रमंडल हजारीबाग द्वारा किए जा रहे मूल्यांकन में केवल एनटीपीसी द्वारा उपलब्ध कराए गए मापदंडों को आधार बनाया जा रहा है, जिससे विस्थापित परिवारों को वास्तविक मूल्य से काफी कम मुआवजा मिल रहा है। उन्होंने इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए भवन निर्माण प्रमंडल हजारीबाग के तहत एक स्वतंत्र विशेष टीम के गठन की मांग की। विधायक ने सदन से अनुरोध किया कि विस्थापित परिवारों को उनकी संपत्तियों के यथोचित बाजार मूल्य के अनुसार मुआवजा दिया जाए और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी अधिकारियों द्वारा मनमाने तरीके से किए जा रहे मूल्यांकन की शिकायतें लगातार मिल रही हैं, जिसे रोकने के लिए सरकार को उचित हस्तक्षेप करना चाहिए।

# 11 ओवरलोड वाहनों पर 2.55 लाख जुर्माना



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में ओवरलोड वाहनों पर नकेल कसने डीटीओ मनीषा वत्स गुरुवार को खुद सड़क पर उतरकर जांच अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने वाहन चालकों को यातायात नियम पालने करने की कड़ी हिदायत दी। जिसके बाद कई ओवरलोड वाहनों का चलान कांटा। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स ने भारी मालवाहक वाहनों व अन्य वाहनों का आरसी बुक, फिटनेस, प्रदूषण एवं ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडिंग आदि के साथ-साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। जांच के दौरान भारी वाहनों सहित अन्य 15 से 20 बड़े वाहनों की जांच की गई। जिसमें 11 वाहनों में ओवर लोड एवं कागजात अधूरे पाए गए। उन सभी वाहनों के वाहन चालकों से नियम संगत जुमार्ना की वसूली की गई। जिसमें लगभग कुल 2.55 लाख रुपया जुर्माना वसूल किया गया। डीटीओ मनीषा वत्स ने बताया कि जांच के दौरान 11 बड़ी वाहनों का पेपर फेल, फिटनेस, टैक्स फेल, ओवरलोड, ओवरहाइट एवं रिफ्लेक्टिव टेप नहीं लगा होने के कारण लगभाग 02 लाख, 55 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। जांच अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चार पहिया व दो पहिया वाहनों की भी जांच की गई। जांच के दौरान हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, ट्रिपल लोडिंग आदि की भी जांच की गई।

## न्यू बिरसा कोल डिपो में नक्सलियों ने जेसीबी फूंका



**रामगढ/ उरीमारी।** रामगढ़-हजारीबाग सीमावर्ती इलाके में नक्सलियों ने एक बार फिर तांडव मचाया है। न्यू बिरसा कोल डिपो में बुधवार की देर रात हथियार से लैस पहुंचे उग्रवादियों ने पहले पांच राउंड फायरिंग की। इस बीच कोल डिपो में लगे एक जेसीबी मशीन को जला दिया। वहीं दो जेसीबी मशीन सहित तीन हाइवा का शीशा तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। उग्रवादियों द्वारा की गई फायरिंग में एक सीसीएल कर्मी संतोष मुंडा के पैर में गोली लगी है। थाना प्रभारी रामकुमार राम ने बताया कि घटनास्थल पेट्रोलिंग गाड़ी पहुंचते ही उग्रवादी घटनास्थल से भाग निकले। इसके बाद आग बुझाया गया। पुलिस ने संदेह के आधार पर रांची जिला हिंदेगीर छापर से कुल दस लोगों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ जारी है।

### जिनगा में युवती ने की आत्महत्या

**दारू।** जिनगा गांव में एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जहां 28 वर्षीय खुशबू कुमारी (पति सुजीत कुमार) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि खुशबू करीब 80-90 लाख रुपये के कर्ज तले दबी थी। वह एक कर्ज चुकाने के लिए दूसरा कर्ज लेती रही, जिससे उस पर कर्ज का बोझ बढ़ता गया और मानसिक तनाव में आकर उसने यह कदम उठाया। मृतका के दो छोटे बच्चे हैं—एक पांच वर्षीय बेटा और तीन वर्षीय बेटी। इस दर्दनाक घटना से पूरा परिवार गहरे सदमे में है। सूचना मिलने पर दारू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद जिनगा श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया, जहां पति सुजीत कुमार ने पत्नी को मुखाग्नि दी।इलाके में इस घटना से मातम छा गया है। लोग यह जानने के लिए बेचैन हैं कि इतनी बड़ी रकम का कर्ज कैसे लिया गया था? पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। थाना प्रभारी शफीक खान ने बताया कि हर पहलू की जांच की जा रही है।

### बरही में बारिश से मौसम बदला, गेहूं की फसल को नुकसान की आशंका

**बरही।** गर्मी से जूझ रहे बरही के लोगों को गुरुवार की सुबह राहत मिली जब अचानक मौसम बदला और तेज बारिश हुई। इस बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। हालांकि, इस बेमौसम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि गेहू की फसल कटाई के लिए तैयार थी और बारिश से फसल खराब हो सकती है।कृषि विशेषज्ञों के अनुसार, पकने के बाद बारिश से गेहू के दाने काले पड़ सकते हैं, जिससे उपज की गुणवत्ता और कीमत पर असर पड़ेगा। बरही के किसान बारिश के कारण संभावित नुकसान को लेकर चिंतित हैं। हालांकि, राहत की बात यह रही कि बारिश के साथ ओलावृष्टि नहीं हुई, जिससे नुकसान थोड़ा कम हुआ।

### श्री अग्रसेन स्कूल में मना वर्ल्ड हैप्पीनेस डे

**भुरकुंडा।** वर्ल्ड हैप्पीनेस डे के अवसर पर गुरुवार को श्री अग्रसेन स्कूल में शिक्षकों व अभिभावकों के लिए विशेष हैप्पीनेस कार्यक्रम हुआ। आर्ट ऑफ लिविंग रांची के शिक्षकों ने जीवन में खुशी का महत्व बताते हुए तनाव मुक्त रहने की कला सिखाई। शिविर का उद्घाटन आर्ट ऑफ लिविंग के स्टेट टीचर कॉर्डिनेटर राकेश भ्रमर, निखिल राज, नवीन कुमार शर्मा, स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

# बरकट्ठा में अवैध कोयला लदा आधा दर्जन ट्रक जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरकट्ठा।** संकरेज स्थित जीटी रोड पर गुरुवार को पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक कोयला लदे ट्रकों को जब्त किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कोयला परिवहन में हो रही अनियमितताओं की जांच के लिए विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। इसी अभियान के तहत संकरेज में वाहनों की सघन जांच की गई, जिसमें कई ट्रकों को रोका गया और उनकी वैधता की जांच शुरू की गई। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि पकड़े गए ट्रकों में लदा कोयला वैध है या अवैध। पुलिस जांच पूरी होने के बाद ही इस पर कोई आधिकारिक कार्रवाई की जाएगी। बरकट्ठा थाना पुलिस ने कहा कि अगर अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित ट्रक मालिकों और चालकों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा। इस कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मच गया है।

### ईमानदारी सबसे बड़ा धन : लोकनाथ महतो



**बड़कागांव ।** पश्चिमी पंचायत भवन सभागार में भाजपा मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी की अध्यक्षता में सांसद प्रतिनिधि सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन नरसिंह प्रसाद ने किया। इस दौरान हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल द्वारा मनोनीत बड़कागांव विधानसभा और मंडल के सांसद प्रतिनिधियों को माला व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने अपने संबोधन में कहा कि ईमानदारी सबसे बड़ा धन है, जिससे क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महुदी की धार्मिक समस्या को प्रशासन के सहयोग से सुलझाने की जरूरत है। मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का समाधान और विकास कार्यों को गति देना सांसद मनीष जायसवाल का प्रमुख लक्ष्य है। नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधियों ने कार्यकताओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए जनहित में कार्य करने का संकल्प लिया। पूनम साहू ने कहा कि सांसद द्वारा उन पर जताए गए विश्वास को वे पूरी निष्ठा से निभाएंगी। कार्यक्रम में पूर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, पूर्व मुखिया भीखन महतो, अवध किशोर यादव, अर्जुन पांडे समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं को दी गयी ट्रैकर एप की ट्रेनिंग




**बरही।** आंगनबाड़ी सेविकाओं की दक्षता एवं कार्यप्रणाली को आधुनिक तकनीक से सशक्त बनाने हेतु बरही नगर भवन में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इचाक की सीडीपीओ नीलू रानी की देखरेख में गुरुवार को प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में बरही, चौपारण, बरकट्ठा एवं पदमा प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं को पोषण ट्रैकर एप के प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम दिवस के प्रशिक्षण सत्र में बरही एवं चौपारण प्रखंड की सेविकाओं को केंद्र प्रायोजित पोषण अभियान योजना के अंतर्गत फेस ऑथेंटिकेशन मॉड्यूल सहित अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी (डीएसडब्ल्यूओ) शिप्रा सिन्हा, बरही बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ जयपाल महतो एवं इचाक सीडीपीओ नीलू रानी ने मार्गदर्शन प्रदान किया। महिला पर्यवेक्षिका सुषमा कुमारी, रागिनी कुमारी, अनुराधा पासवान और रुकसाना प्रवीण द्वारा तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई। शुक्रवार को बरकट्ठा एवं पदमा प्रखंड की सेविकाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। पोषण ट्रैकर एप से लाभुकों की सटीक पहचान सुनिश्चित करने के लिए फेस ऑथेंटिकेशन और ओटीपी सत्यापन अनिवार्य किया गया है, जिससे टीएचआर वितरण में पारदर्शिता बनी रहे। डीएसडब्ल्यूओ शिप्रा सिन्हा ने ने बताया कि अप्रैल से प्रत्येक लाभुक का आधार-लिंक्ड सत्यापन किया जाएगा, जिससे गर्भवती महिलाओं एवं अति कुपोषित बच्चों तक पोषाहार वितरण में अनियमितता समाप्त होगी। साथ ही, आंगनबाड़ी केंद्रों के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में भी ठोस प्रयास किए जा रहे हैं, जिसमें शौचालय एवं पेयजल सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है।

### ई-केवाईसी नहीं कराने पर कार्ड से कटेगा नाम

कटकमसांडी। प्रखंड मुख्यालय में राशन कार्डधारियों के लिए खाद्य आपूर्ति विभाग ने सख्त नियम लागू कर दिए हैं। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शौकत सर्वर की अध्यक्षता में हुई बैठक में निर्देश दिया गया कि प्रत्येक राशन कार्डधारी को अपने परिवार के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य होगा। जो भी कार्डधारी यह प्रक्रिया पूरी नहीं करेगा, उसका नाम राशन कार्ड से हटा दिया जाएगा।खासकर पीला और गुलाबी राशन कार्डधारियों को यह ई-केवाईसी कराना जरूरी है। राज्य से बाहर रहने वाले लाभार्थी भी अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकान पर जाकर ई-केवाईसी करा सकते हैं।

# असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को गम्भीर बीमारी पर ढाई लाख तक आर्थिक मदद मिलता है : डॉ.अनिल

## इलाज से संबंधित आर्थिक मदद की अनुशंसा जिला स्तर पर होती है : अनिल रंजन

- सिविल सर्जन ने श्रम विभाग से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार की अध्यक्षता में झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड अंतग संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व चिकित्सा सुविधा से संबंधित बैठक हुई। बैठक में श्रम विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए सीएस ने कहा कि निर्माण क्षेत्र के श्रमिक यदि किसी बीमारी के दौरान 5 या इससे अधिक दिन अस्पताल में भर्ती होते हैं तो उन मजदूरों को भर्ती रहने के अवधि के दौरान का न्यूनतम मजदूरी श्रम विभाग से दिया जाता है, योजना के तहत अधिकतम 40 दिनों तक का न्यून मजदूरी देने का प्रावधान है, साथ ही हार्ट, कैंसर, लिवर सर्जरी समेत अन्य गम्भीर बीमारी के इलाज के लिए ढाई लाख तक की आर्थिक मदद इलाज के लिए दिया जाता है। इसके पूर्व श्रम अधीक्षक अनिल रंजन ने कहा कि बीमारी के इलाज से संबंधित आर्थिक मदद की अनुशंसा जिला स्तर पर होती है। जिला स्तरीय अनुशंसा के बाद ही गम्भीर बीमारी के इलाज हेतु विभाग द्वारा आर्थिक मदद किया जाता है। उन्होंने बताया कि मातृत्व प्रसुविधा योजना का प्रथम दो प्रसूतियों के लिए 15 हजार प्रदान की जाती है। मौके पर एसीएमओ सह डीएस डॉ. रंजीत कुमार, डीटीओ डॉ. रमण कुमार, डीपीएम महेश कुमार समेत चिकित्सा पदाधिकारी व कर्मी आदि मौजूद थे।

### उत्कृष्ट सेवा के लिए आरोग्य दूतों को किया गया सम्मानित





**कोडरमा।** विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत गुरुवार को बिरसा सांस्कृतिक भवन में सिविल सर्जन डॉ.अनिल कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य आरोग्य दूत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट सेवा करने वाले आरोग्य दूतों को सिविल सर्जन के द्वारा शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर डीआरसीएचओ डॉ. कुलदीप कुमार, डीआरजी हारून रसीद, सुनीता कुमारी, अंजली कुमारी, मनोज कुमार वाजपेयी, विनोद कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार, दिलीप कुमार बर्णवाल, धर्मवीर कुमार, ललिता सांगा, रमण छाबड़ा, प्रियंका कुमारी, मिथल पांडेय, राजेश कुमार गुप्ता, अजय दास, निरुपमा सिंह, रविशंकर चौरसिया, इंदु कुमारी, फैयाज अहमद, अब्दुल, राजेश करमाली, उज्ज्वल कुमार आदि मौजूद थे।

## सांसद के प्रयास से लावालौंग में 57 करोड़ की बिजली योजना को मिली मंजूरी

- कालीचरण सिंह ने केंद्र सरकार का जताया आभार, कहा- यह योजना लावालौंग के विकास में साबित होगी मील का पत्थर

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** नक्सल प्रभावित लावालौंग प्रखंड में अब बिजली की रोशनी बिखरने वाली है। चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह के प्रयासों से केंद्र सरकार ने लावालौंग में 57 करोड़ रुपये की बिजली योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत अब उन गांवों तक भी बिजली पहुंचेगी, जो अब तक अंधेरे में थे। सांसद कालीचरण सिंह ने 12 दिसंबर 2024 को लोकसभा में लावालौंग में बिजली की समस्या का मुद्दा उठाया था। उन्होंने सरकार से जल्द समाधान की मांग की थी। इसके बाद केंद्रीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद नाईक ने इस योजना को स्वीकृति प्रदान की। राज्य मंत्री ने बताया कि दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और सौभाग्य योजना के तहत पहले ही लावालौंग के 116 गांवों में ग्रिड और सोलर आधारित बिजली पहुंचाई जा चुकी थी। लेकिन हाल ही में हुए सर्वे में यह सामने आया कि कुछ गांव अब भी बिजली से वंचित हैं। इन गांवों तक बिजली पहुंचाने और पुराने तारों को बदलने के लिए केंद्र सरकार ने 57 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। यह राशि पुनर्गठित वितरण क्षेत्र योजना के तहत खर्च की जाएगी, जिससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति मजबूत होगी। साथ ही, 304 अत्यंत पिछड़ी जनजाति परिवारों को पहली बार बिजली की सुविधा मिलेगी। योजना की मंजूरी के बाद सांसद कालीचरण सिंह ने केंद्र सरकार और राज्य मंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मेरा संकल्प है कि लावालौंग का हर गांव और हर घर 24 घंटे बिजली से रोशन हो। यह योजना विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। इस योजना से लावालौंग के ग्रामीणों में खुशी की लहर है। लोगों का कहना है कि अब उन्हें बिजली कटौती और अंधेरे की समस्या से निजात मिलेगी। किसानों और छात्रों को भी इसका लाभ मिलेगा। प्रशासन ने जल्द ही योजना पर काम शुरू करने की बात कही है।

### जिला परिवहन पदाधिकारी ने बिना चालान दो ट्रकों को जब्त कर काटा चालान



**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बागीटांड़ स्थित अस्थायी चेकपोस्ट के समीप जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी ने वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान बिना चालान के गिट्टी लदे ट्रक संख्या बीआर01जीके-3013 और हाइवा ट्रक संख्या बीआर27जी-6800 को जब्त किया गया। वहीं डीटीओ विजय कुमार सोनी ने कहा कि अभी सघन जांच चलाया जा रहा है। इस दौरान प्रेशर हॉर्न, ओवरलोड व वाहनों की जरूरी कागजातों की जांच की जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि इस दौरान दो वाहनों को पेपर फेल होने के कारण जब्त करते हुए चालान काटा गया है। मौके पर डीटीओ कार्यालय के हिमांशु रंजन व पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

### पिकअप वैन में मोटरसाइकिल ने पीछे से मारी टक्कर

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्रोडीह के समीप पिकअप वैन में मोटरसाइकिल ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें मोटरसाइकिल सवार मामूली रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार टाटा मैजिक पिकअप जयनगर की ओर से कोडरमा की ओर जा रही थी। इसी दौरान लोहासीकर की ओर से कोडरमा की ओर जा रही मोटरसाइकिल संख्या बीआर08बी-2328 ने पीछे से टक्कर मार दी। खबर लिखे जाने तक मोटरसाइकिल सवार की पहचान नहीं हो पायी थी।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**सतगावां (कोडरमा)।** सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। उल्लेखनीय है कि शिवपुर पंचायत के वैधडीह निवासी दीपक मुसहर के 18 वर्षीय पुत्र सुनील मुसहर की 13 मार्च को देर शाम अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर वैधडीह से गावां थाना क्षेत्र के अमतोरो गांव अपनी बहन के घर जा रहा था, तभी जोड़ासिमर के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गया, जिसमें मृतक व अन्य साथी 19 वर्षीय अरुण मुसहर पिता प्रमोद मुसहर इस घटना में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे, इस दौरान सुनील मुसहर की हालत नाजुक होने की वजह से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया था, जहां युवक का इलाज चल रहा था। वहीं इलाज के दौरान मंगलवार की शाम सुनील मुसहर की मौत हो गई। जिसके बाद युवक के शव को जैसे ही वैधडीह गांव पहुंचा पूरे गांव में मातम का माहौल छा गया। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती पंचायत डगरनवां से 16 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर नवलशाही पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार ने बताया कि नाबालिग के परिजनों से घटना की सूचना मिली कि आरोपी युवक मेरी पुत्री को गिरिडीह जिले के जमुआ में अपहरण कर रख रहा है। सूचना पाकर त्वरित कार्रवाई करते हुए नवलशाही पुलिस ने गिरिडीह जिले के जमुआ थाना के ग्राम सकरडीहा मेढो (परसोनिया) से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस ने नाबालिग को स्वास्थ्य जांच करवाकर 164 का बयान के लिए न्यायलय में प्रस्तुत किया गया है। ज्ञात हो कि नाबालिग के परिजन ने 17 नवंबर 2024 को अपने पुत्री की गुमशुदा होने का सन्हा दर्ज कराया था। फिर कुछ दिनों के बाद में पुलिस को बताया था कि बब्लू कुमार तुरी पिता शंकर तुरी ग्राम सकरडीहा मेढो (परसोनिया) थाना जमुआ जिला गिरिडीह निवासी पर भगा ले जाने का आरोप लगाया था।

## मंईयां सम्मान राशि के लिए परेशान हो रही महिलाएं : डॉ.नीरा

खबर मन्त्र संवाददाता



- कोडरमा विधायक ने गुरुवार को विधानसभा में इस मामले को रखते हुए राज्य सरकार से त्वरित कार्यवाही की मांग की

**कोडरमा।** मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने से राज्य की लाखों महिलाएं परेशान हैं। योजना के तहत तीन किस्तों की एकमुश्त 7500 रुपये की राशि कई महिलाओं को अब तक नहीं मिली है। इस कारण वे रोजाना प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं। कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव ने गुरुवार को विधानसभा में इस मामले को रखते हुए राज्य सरकार से त्वरित कार्यवायी की मांग की, ताकि महिलाओं को इस सम्मान राशि के लिए भटकना नहीं पड़े और कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार इस योजना के लाभुकों के संबंध में मापदंड की जानकारी सार्वजनिक करें। यदि योजना को लेकर लाभुकों के पात्रता चयन में कोई त्रुटि है तो सुधार करें और शिविर लगाकर मामले का निष्पादन करें, ताकि महिलाओं को बेवजह चक्कर नहीं काटना पड़े। वहीं एक अन्य मामले में डॉ.नीरा यादव ने आरोप लगाया कि राज्य में बिना शिलान्यास के ही कई योजनायें शुरू हो जा रही हैं। इस तरह की योजनाओं के जरिये मार्च लूट की पूरी तैयारी है। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य में सिर्फ एक योजना के लिए बाकी विकास योजनाओं को ठप कर दिया गया है। शिक्षा कर्मियों तक को चार महीने से वेतन नहीं मिल रहा है। होली जैसे पर्व में भी शिक्षा कर्मी वेतन से वंचित रहे। वहीं राज्य की हेमंत सरकार सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करने में लगी है। इस तरह की राजनीति से राज्य के लोग परेशान हो रहे हैं।

### एकल अभियान के तहत दस दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का हुआ शुभारंभ



**सिमरिया।** प्रखंड के बानासाडी पंचायत भवन में गुरुवार को एकल विद्यालय फाउंडेशन ऑफ इंडिया के द्वारा एकल अभियान के तहत 10 दिवसीय नवीन आचार्य अभ्यास वर्ग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण वर्ग का उद्घाटन अतिथियों ने भारत माता एवं मां सरस्वती की चित्रों पर दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षक भरत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बानासाडी पंचायत की मुखिया पार्वती देवी, सिमरिया संच के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह, चतरा जिला विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष लखन सिंह, पूर्व उपप्रमुख ललिता देवी, अंचल अभियान प्रमुख प्रेम राम, अंचल शारीरिक प्रमुख मोहित महतो, एवं टंडवा के संच प्रमुख प्रमोद यादव, गिद्धौर संच प्रशिक्षक किरण देवी सहित कार्यक्रम में विभिन्न एकल विद्यालय के आचार्य मौजूद थे। एकल विद्यालय प्रशिक्षण में कई जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में एकल विद्यालय के 10 कार्यकर्ता एवं 65 नवीन आचार्य शामिल हैं।

## जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट में कार्यशाला आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट कोडरमा में सोशन इमोश्नल लर्निंग सामाजिक भावनात्मक अधिगम के क्षमता संवर्धन को लेकर प्राचार्य सरिता कुमारी, प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार, संकाय सदस्य अजीत कुमार आजाद, राजेंद्र कुमार, राजेश कुमार एवं प्रदीप कुमार यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। इस एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला में जिले के सभी तीन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय एवं प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय समेत सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, दो एसएलई शिक्षक, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी एवं संकुल साधन सेवी भी प्रतिभागी के रूप में उपस्थित हुए। उक्त कार्यशाला में हर्ष जौहर की संपूर्णा टीम के फैसिलिटेटर अमित कुमार, अजीत कुमार, समीर कुमार एवं जिला समन्वयक पूनम कुमारी उपस्थित हुए। वहीं प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार के लारा पूरे कार्यशाला की रूपरेखा को सभी प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यशाला में प्राचार्य द्वारा सामाजिक भावनात्मक अधिगम की आवश्यकता प्रकाश डाला। वहीं उन्होंने बच्चों के भावनात्मक जुड़ाव को समझाने पर विशेष बल दिया, विद्यालय स्तर पर सामाजिक भावनात्मक अधिगम के तहत खुशनुमा वातावरण बनाने की बात कही। वहीं उन्होंने बच्चों के मानसिक विकास भावनात्मक विकास सामाजिक विकास के लिए विभिन्न आयाम को बताया। वहीं विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों द्वारा हर्ष जोहर कार्यक्रम के अंतर्गत किए जाने वाले अधिगम की प्रक्रिया एवं गतिविधियों के बारे में बताया।

### वज्रपात की चपेट में आने से बुजुर्ग महिला झुलसी, एक बछड़े की मौत



**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत मसमोहना ताड़ पर वज्रपात की चपेट में आने से 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला बुरी तरह झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मसमोहना ताड़ पर की रहने वाली 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला बच्ची देवी पति चंद्रदेव सिंह अपने घर मवेशी को चारा दे रही थीं। इसी दौरान अचानक वज्रपात होने से इसकी चपेट में आ गई। जिसमें एक बछड़े की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, वहीं घटना के बाद परिजन महिला को आनन-फानन में सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया जा रहा है।

### बज्रपात से हुई शॉट सर्किट से लगी घर में आग, लाखों का समान जल कर खाक



**सिमरिया।** प्रखण्ड के डाडी टोला बड़की बागी के दशरथ साहू, पिता लूटन साहू के घर में तड़के चार बजे हुई वज्रपात से हुई शॉट सर्किट से घर में आग लग गयी। जिससे लाखों का समान और दस हजार नगद जल कर राख हो गया। जला हुआ समानों में कुलर, पंखा, पलंग, गद्दा, फ्रिज, गोदरेज, चावल आदि के अलावा नगद बक्सा में रखा दस हजार रुपए जल कर राख हो गये। इस तरह लाखों का समान जल कर राख होने से परिजनों में चीत्कार का माहौल है। वहीं गांव में सन्नाटा पसर गया है। लोग प्राकृतिक आपदा पर अफसोस जाहिर करते हुए अंचलाधिकारी और बिजली विभाग से मुआवजे तथा क्षतिपूर्ति की मांग की है। इस तरह कई जगह वज्रपात की जानकारी प्राप्त हो रही है।

### झारखंड में राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी कराना जरूरी

**कोडरमा।** राज्य सरकार ने पीला और गुलाबी राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी अभियान शुरू किया है। जिसमें 31 मार्च तक सभी राशन कार्डधारकों को यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी। बताते चलें कि 21 से 27 मार्च तक ई-केवाईसी सप्ताह मनाया जाएगा, जिसमें जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) के दुकानदार घर-घर जाकर कार्डधारकों का ई-केवाईसी करवाएंगे।

## नगर परिषद सरकारी तंत्र एवं पावर का दुरुपयोग ना करे : अनूप जोशी

खबर मन्त्र संवाददाता

- ट्रेड लाइसेंस के नाम पर व्यवसाईयों पर अत्याचार करना, भयादोहन करना सरासर गलत है



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा है कि झुमरीतिलैया नगर परिषद के द्वारा अपने पावर का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। प्रशासन सरकारी तंत्र का दुरुपयोग ना करे, ट्रेड लाइसेंस के नाम पर व्यवसाईयों पर अत्याचार करना, भयादोहन करना सरासर गलत है। आप किसी को रोजगार उपलब्ध नहीं करवा सकते, तो किसी का रोजगार छिनने का भी आपको हक किसने दिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार चुनाव में तो लोकलुभावन वाली बातें करती हैं, लेकिन सरकार बनते ही अपने सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर समाज में भय व्याप्त करना चाहती है। वहीं दुकानदारों से ट्रेड लाइसेंस के लिए समय न देकर सील करना कहा तक उचित है। धर्मशाला जो समाज के शादी विवाह और उपयोग के लिए बनी हुई है, वह कोई व्यावसायिक केंद्र नहीं है। उससे भी भयादोहन कर टैक्स वसूलना यह अपने पावर का गलत इस्तेमाल है।

धर्मशाला समाज के लोग चंदा कर समाज के लोगों की सहायता के लिए बनाते हैं। वहां कोई आय का साधन नहीं होता है। धर्मशाला का लोग शादी विवाह और सामाजिक कार्यों के लिए उपयोग करते हैं, उसको भी आप बंद कर रहे हैं यह व्यवस्था तो सरकार को करनी चाहिए जो समाज के द्वारा होती है।

दुकानदारों को ट्रेड लाइसेंस लेने में कठिनाई होती है, यह उनको पता नहीं है कि दुकानदार किसी भाड़े के मकान में रहते हैं और मकान मालिक अगर अपना टैक्स नहीं भरा है तो भी आप उसको ट्रेड लाइसेंस नहीं देते हैं उसमें दुकानदार का क्या कसूर है। दुकानदार का मकान मालिक से भाड़ा बढ़ाने या खाली करने को लेकर अनबन रहती है। वह बेचारा अपनी दुकान नहीं चला पाता है, वह आपके सारे पेपर की खानापूर्ति कहां से करेगा। इसलिए आप पेपर में सहूलियत दें और उन्हें लाइसेंस आसान तरीके से मुहैया करवाएं, नहीं तो उनकी दुकान सील ना करें। नहीं तो भारतीय जनता पार्टी नगर परिषद का घेराव करेगी और आंदोलन करेगी।

### सार्वजनिक बासंती दुर्गा पूजा समिति की बैठक संपन्न

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सार्वजनिक बासंती दुर्गा पूजा समिति की बैठक शीतला माता मंदिर के प्रांगण की गयी। बैठक की अध्यक्षता जयपत यादव व प्रेम रावत ने संयुक्त रूप से की। वहीं पिछले साल के आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया तथा बासंती दुर्गा पूजा को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए सत्र 2025-26 की नई कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया। वहीं समिति में जयपत यादव, डॉ. केपी बर्णवाल, उमेश जायसवाल, लखन जायसवाल, नरेश गुप्ता, प्रेम रावत को संरक्षक, संजय सेठ को अध्यक्ष, संजय चंद्रवंशी, विक्की सिंह को उपाध्यक्ष, सन्नी सिंह, धीरज यादव, संदीप कुमार, नीरज यादव को सचिव, वीरेंद्र कुमार, निरंजन कसेहरा, धीरज कुमार को कोषाध्यक्ष, संजय दास, सुनील यादव, दीपक चौधरी को सह कोषाध्यक्ष तथा चिंटू यादव, अविनाश यादव, संदीप यादव, सुरेंद्र यादव, रितेश सिंह को मेला मंत्री बनाया गया। वहीं छोटू सिंह, प्रिंस यादव, पिंटू सिंह, विक्की सिंह, सोनू वर्मा, बंटी अग्रवाल, राजीव अग्रवाल और सिक्की सिंह को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

## अयोग्य राशन कार्डधारकों पर चतरा जिला प्रशासन की कड़ी कार्रवाई

# 54 परिवारों पर 45.66 लाख का जुर्माना

- 5 अप्रैल तक राशन कार्ड सरेंडर करें अन्यथा होगी सख्त कार्रवाई : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** गरीबों और जरूरतमंदों का हक मारने वाले संपन्न राशन कार्डधारकों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर जिले के 54 अपात्र राशन कार्डधारकों से 45,66,832 रु. की वसूली का आदेश दिया गया है। प्रशासन ने इन्हें 5 अप्रैल 2025 तक स्वेच्छा से राशन कार्ड सरेंडर करने की चेतावनी दी है, अन्यथा कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जांच में पाया गया कि कई संपन्न परिवारों ने गलत तरीके से राशन कार्ड बनवाकर सरकारी अनाज का लाभ उठाया। इनमें से कई लोगों के पास पक्का मकान, ट्रैक्टर, चारपहिया वाहन, सरकारी नौकरी, बड़े उद्योग या अन्य संपत्तियां हैं, जिससे वे राशन कार्ड के पात्र नहीं हैं। उपायुक्त ने कहा कि समृद्ध लोगों द्वारा फर्जी तरीके से राशन लेने से असली जरूरतमंदों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने सभी अयोग्य कार्डधारकों से अपील की कि वे स्वेच्छा से 5 अप्रैल तक अपना राशन कार्ड जिला आपूर्ति कार्यालय या संबंधित प्रखंड कार्यालय में जमा कर दें, अन्यथा उनके खिलाफ झारखंड लक्षित जन वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2024 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला आपूर्ति विभाग ने अयोग्य राशन कार्डधारकों की पहचान कर जुर्माना ठोका है। इनमें चतरा, इटखोरी, प्रतापपुर, लावालौंग, पत्थलगड्डा, टंडवा, सिमरिया, हंटरगंज और गिद्धौर प्रखंडों के लोग शामिल हैं। आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि राशन कार्डधारकों की जांच लगातार जारी है। अब तक 54 अयोग्य लोगों को चिन्हित कर लिया गया है, जिनसे वसूली की जा रही है। आने वाले दिनों में और भी अपात्र लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त रमेश घोलप ने कहा कि अयोग्य लोगों के नाम हटने के बाद गरीब और असहाय लोगों को नए राशन कार्ड जारी किए जाएंगे। इसलिए अपात्र परिवार समय रहते खुद कार्ड सरेंडर करें, अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। आपूर्ति विभाग ने साफ किया कि अब फर्जी तरीके से राशन कार्ड बनवाकर सरकारी लाभ उठाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। अगर समय रहते कार्ड सरेंडर नहीं किया गया, तो कड़ी कार्रवाई के साथ-साथ दोगुना जुर्माना भी लगाया जाएगा। अब जिला प्रशासन की सख्ती के बाद देखना होगा कि कितने अपात्र लोग स्वेच्छा से राशन कार्ड लौटाते हैं और कितनों पर प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ती है।

## बीडीओ ने स्थल पर जाकर की योजनाओं की जांच

- बीडीओ ने की पंचायत भवन में विभागीय समीक्षा बैठक



**सिमरिया।** गुरुवार को पंचायत सचिवालय पीरी के सभागार में पंचायत स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड स्तर के सभी विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में राजस्व विभाग, बाल विकास परियोजना, शिक्षा, स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा, मनरेगा, जेएसएलपीएस, आपूर्ति कृषि , पंचायती राज, बैंक, गोदाम, विद्युत आपूर्ति, पेयजल के पदाधिकारी एवं ग्राम पंचायत पीरी के मुखिया,वार्ड सदस्य, पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे। बैठक में विभागों के द्वारा संचालित कार्यक्रमो की अघतन स्थिति की जानकारी लेते हुए एजेंडावार समीक्षा की गई। राजस्व विभाग अंतर्गत आपसी सहमति के आधार पर म्यूटेशन करने एवं वंशावली सत्यापन के पश्चात ही एलपीसी निर्गत करने का निर्देश दिया गया। बाल विकास परियोजना अंतर्गत महिला पर्यवेक्षिका को अपने अधीन सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने क निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आदिम जनजाति परिवारों का नियमित टीकाकरण करने, आदिम जनजाति टोला में स्वास्थ्य कैंप लगाने, तपेदिक रोग से संबंधित जागरूकता हेतु अभियान चलाने, सर्पदंश कि दवा उपलब्ध रहने से संबंधित ग्रामीणों को जानकारी देने, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही जेएसएलपीएस विभाग, कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग, 15वें वित्त योजना, मनरेगा योजना की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। समीक्षा बैठक के पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा स्वास्थ्य उप केंद्र पीरी, निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्र पिरी बाजार, सोंस एवं अमगांवा का निरीक्षण किया गया।

स्पीड न्यूज

## मिशन बदलाव का बलिदान दिवस 23 मार्च को

**गुमला।** मिशन बदलाव भरनो प्रखंड के द्वारा 23 मार्च को बलिदान दिवस सह शहीद दिवस भरनो हाई स्कूल मैदान में मनाया जाएगा। जिसमे मिशन बदलाव के पदाधिकारी शामिल होंगे। मिशन बदलाव के पंकज लोहरा ने बताया कि आजादी के लिए 23 साल की उम्र में फांसी पर झूलने वाले भगत सिंह इंकलाब जिंदाबाद और साम्राज्यवाद मुदार्बाद के नारे लगाये थे। वैसे आज के दिन भगत सिंह के साथ सुखदेव और शिवराम राजगुरु ने भी भारत की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर चढ़ गए थे। भगत सिंह के देश के प्रति प्रेम के जज्बे को देखकर देश के युवाओं को भी देश की आजादी के लिए लड़ने की प्रेरणा मिली थी।

## कुएं से घाघरा पुलिस ने वृद्ध व्यक्ति का शव किया बरामद

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के पलमा कोठा टोली गांव के कुएं से वृद्ध व्यक्ति नरेश उरांव का घाघरा पुलिस ने शव बरामद किया। शव को कब्जे में कर घाघरा थाना लाया। घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि विगत 17 मार्च को नरेश उरांव घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन परिजनों द्वारा की गई। इसके बाद आज शाम में घटना की सूचना पुलिस को ग्रामीणों और परिजनों द्वारा दी गई की घर से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर बिना मुंडेरा के पड़े के पास स्थित कुएं में एक वृद्ध व्यक्ति का शव है। इसके बाद पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच कर शव को कुआं से बाहर निकाला। परिजनों ने नरेश के रूप में उसकी पहचान किया। वहीं शव को कब्जे में कर पुलिस थाना चली आई। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## 26 को आयोजित प्रशिक्षण में भाग लेने का आह्वान

**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह ने गुमला के खाद्य कारोबारियों से आह्वान किया है कि 26 मार्च को गुमला के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा गुमला सदर अस्पताल के सभागार में खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम से संबंधित ट्रेनिंग आयोजित की गई है। जिसमें सभी खाद्य सुरक्षा हितधारक व खाद्य कारोबारी को खाद्य सुरक्षा और मानकों के बारे में जागरूकता से संबंधित विभिन्न जानकारियां एवं प्रशिक्षण दी जाएगी।

## नहाने के क्रम में डूबकर एक व्यक्ति की हुई मौत

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के खम्भिया कोयल नदी में नहाने के क्रम में डूब कर खम्भिया ग्राम निवासी गंदूर उरांव 40 वर्षीय की मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। वही पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

## बिजली चोरी को लेकर विभाग ने चलाया अभियान

**भंडरा।** प्रखंड बस्ती में बिजली विभाग द्वारा सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल के मोहम्मद जिशान के नेतृत्व में सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें भंडरा प्रखंड बस्ती के पांच व भैसमुंदो के दो लोगों पर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने तथा बिजली काटने के बावजूद टोका लगाकर बिजली जलाने को लेकर प्राथमिक दर्ज कर जुमार्ना लगाया गया है।

## सीएसपी सेंटर में लुट में शामिल तीसरा अपराधी हुआ गिरफ्तार

**कुडू, लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र में अपराधियों के द्वारा कुछ दिन पूर्व सीएसपी सेंटर सिंजो में लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। 12 घंटे के अंदर पुलिस ने छापेमारी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था एवं अन्य आरोपियों की तलाश कर रही थी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने थाना प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में एक और आरोपी रोशन कुमार पिता अशोक यादव चान्हो थाना अंतर्गत बड़हिया गांव निवासी को गुरुवार को धर दबोचा।

# चैनपुर में आकाशीय बिजली गिरने से 12 वर्षीय छात्रा की मौत



सड़क पर पड़े छात्र के शव के समीप खड़े लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के जयपुर निवासी लक्ष्मी करकेट्टा (12 वर्ष) संतान उच्च विद्यालय की कक्षा 7 की छात्रा की मौत गरुवार को स्कूल से घर लौटते समय आकाशीय बिजली गिरने से हो गई। यह घटना जमगाई मोड़ के पास हुई। जहां लक्ष्मी रास्ते में थी। घटना के समय कई लोग चैनपुर साप्ताहिक बाजार जा रहे थे। जिन्होंने तुरंत लक्ष्मी के परिजनों को सूचित किया और 108 एंबुलेंस को बुलाया। एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंचकर लक्ष्मी को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। जहां डॉक्टर धर्मनाथ ठाकुर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना की जानकारी मिलते ही चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, एसआई दिनेश कुमार और एएसआई नंदकिशोर कुमार अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। स्थानीय राहगीरों ने उन्हें घटना के बारे में बताया। डॉक्टर धर्मनाथ ठाकुर ने बताया कि लक्ष्मी को अस्पताल में 4:35 बजे लाया गया। जहां उसकी आकस्मिक मौत की पुष्टि की गई।

# असामाजिक तत्वों ने हर्रा जंगल में लगायी आग, स्थिति भयावह

## वन विभाग के चेतावनी के बाद भी लोग जंगल में लगा रहे हैं आग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बेंदोरा के ग्राम हर्रा के जंगलों में लगी भीषण आग ने कई वन्य जीवों, पशु-पक्षियों और पेड़-पौधों को भारी नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीणों के अनुसार हर वर्ष इस मौसम में महुआ चुनने के लिए कुछ असामाजिक तत्व जंगलों में आग लगाते हैं। जिससे आग तेजी से फैलती है और भयावह रूप धारण कर लेती है। इस वर्ष भी यही स्थिति देखने को मिली है। जहां आग लगने के कारण वन्य जीवों का जीवन संकट में पड़ गया है। कई प्रकार के पेड़-पौधे और जीव-जंतु पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गए हैं। गांव के निवासियों ने इस समस्या को लेकर चिंता व्यक्त की है और कहा है कि यह स्थिति हर साल होती है। लेकिन किसी ठोस कार्रवाई की कमी के कारण असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। वन विभाग ने इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में लाउडस्पीकर के माध्यम से सूचना दी थी कि इस तरह की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। आग लगाने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लेकिन चेतावनी के बावजूद असामाजिक तत्वों ने जंगल में आग लगाने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। भारतीय वन अधिनियम 1927 के विभिन्न धाराओं के तहत वनों में आग लगाने पर आर्थिक दंड और सजा दोनों का प्रावधान है। प्रभारी वनपाल चंद्रेश उरांव ने कहा कि इस प्रकार के कृत्य करने वालों की पहचान कर उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे इस मुद्दे पर सतर्क रहें और किसी भी असामाजिक गतिविधि की सूचना तुरंत वन विभाग को दें। इस घटना ने वन्य जीवों और पर्यावरण के संरक्षण की आवश्यकता को एक बार फिर से उजागर किया है। यदि इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले समय में इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

# प्रधान जिला जज ने किया मंडल कारा गुमला का निरीक्षण

## बंदियों के बैरक सहित उनके खान-पान की ली जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** नालसा एवं झालसा के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र ने मंडल कारा गुमला का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडल कारा में महिला वार्ड, पुरुष वार्ड सभी की जांच की। मंडल कारा के जेलर लवकुश कुमार ने बताया कि बंदी महिलाओं एवं पुरुषों सबके लिए अलग-अलग शिक्षक हैं जो उन्हें पढ़तें। जिला जज ने सभी वार्डों को



जेल का निरीक्षण करने पहुंचे प्रधान जिला जज व अन्य

निरीक्षण किया तथा कैदियों से किसी प्रकार का दिक्कत या खानपान संबंधित शिकायत की जानकारी ली। सभी कैदियों ने कहा कि किसी तरह का किसी को कोई शिकायत नहीं है,खाना सही मिलता है। प्रधान जिला जज ने भोजन बन रहे स्थान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों से पूछा कि सभी के वकील हैं या नहीं। आगे उन्होंने कहा कि किसी बंदी को यदि वकील की आवश्यकता है और वह वकील नहीं रख पा रहा है वैसी स्थिति में वे जिला विधिक सेवा प्राधिकार को इसकी सूचना देंगें तो उसे तुरंत डीएलएसए के द्वारा वकील मुहैया कराया जाएगा ताकि वह अपना केस को ढंग से लड़ सकेंगे। उन्होंने कारा के जेलर से सभी सुविधाओं की जानकारी ली। प्रधान जिला जज ने कारा अधीक्षक को निर्देश दिए की बंदियों का पढ़ाई जारी रखा जाना चाहिए। मेडिकल सुविधा उन्हें समय-समय पर प्राप्त हो तथा योग पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने जेल लीगल एड क्लिनिक का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर माननीय अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा अधिकार राम कुमार लाल गुप्ता, मंडल कारा जेलर लवकुश कुमार, एलएडीसी के श्री डी एन ओहदर, बुंदेश्वर गोप, जितेंद्र सिंह, इंदु पांडे, डीएलएसए के प्रकाश पांडे उपस्थित थे।

एक नजर में

## किशोर-किशोरियों को स्वस्थ व जिम्मेदार नागरिक बनाने में साथिया की भूमिका अहम: उपायुक्त



महिला को सम्मानित करते उपायुक्त



कार्यक्रम में शामिल लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय साथिया सम्मेलन सह स्वास्थ्य आरोग्य दूत सम्मान समारोह का आयोजन गुरूवार को नगर भवन गुमला में किया गया। कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर अहमद खान, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जया रेशमा खाखा, डीपीसी सहित कई लोग उपस्थित थे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य किशोर-किशोरियों के सर्वांगीण विकास में योगदान देने वाले साथिया एवं स्वास्थ्य आरोग्य दूतों को सम्मानित करना था। मौके पर उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि आप सभी देश की युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। आपका योगदान समाज के किशोर-किशोरियों को एक स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दौरान सम्मानित प्रतिभागियों ने अपने कार्य अनुभव साझा किए और विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम में निभाई गई अपनी भूमिकाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। मंच का संचालन जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री जया रेशमा खाखा ने किया। इस अवसर पर 400 से अधिक साथिया, किशोर-किशोरी, स्वास्थ्य कर्मी एवं स्वास्थ्य आरोग्य दूत उपस्थित थे।

# लोहरदगा में बंगाल की खाड़ी की हवाओं का असर

## झमाझम बारिश से जनजीवन प्रभावित



मौसम का हाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में गुरुवार को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। बंगाल की खाड़ी से उठी हवाओं और पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते जिले में दिनभर मौसम में अस्थिरता बनी रही। दोपहर होते ही आसमान में काले बादल छा गए, जिससे दिन में ही रात जैसा नजारा देखने को मिला। धीरे-धीरे हवाएं तेज हुईं, और फिर धूल भरी आंधियां चलने लगीं। गुरुवार शाम करीब 3:00 बजे से जिले में बारिश शुरू हुई, जो लगभग 4:30 बजे जाकर थमी। इस दौरान तेज गर्जना और हवाओं के साथ बारिश ने जनजीवन प्रभावित किया। बारिश के कारण वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर गाड़ियां चलानी पड़ीं, जबकि बाजारों में ग्राहकों की संख्या कम होने से दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ा। वहीं, ईंट-भट्ठा मालिकों को भी इस बदलाव का खामियाजा भुगतना पड़ा, क्योंकि निर्माण कार्य बाधित हुए। इसके अलावा, किसानों के लिए भी यह मौसम नुकसानदायक साबित हुआ। फसलें तेज बारिश और हवाओं के कारण बर्बाद होने लगीं, जिससे किसान चिंतित नजर आए। मौसम विभाग ने पहले ही जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया था, जिससे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई थी।मौसम विज्ञानियों के अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से उठी नमी वाली हवाएं इस मौसम परिवर्तन का प्रमुख कारण हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक मौसम में और भी बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इसीलिए लोगों को सतर्क रहने और अनावश्यक बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई है।

## दस किलो गांजा के साथ बसिया युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**बसिया।** बसिया पुलिस ने रात्रि गस्ती के दौरान कोनबीर रेफरल अस्पताल के समीप स्थित सरहुल अखड़ा के पास से एक व्यक्ति को लगभग 10 किलो गांजा के साथ हिरासत में लिया है। छापेमारी दल में एसडीपीओ नजीर अख्तर, थानेदार युधिष्ठिर कुमार प्रजापति सहित पुलिस कई जवान शामिल थे।

## 80 मिलीग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**गुमला।** गुमला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 80 मिलीग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेज दिया। ब्राउन शुगर की कीमत लगभग दस हजार रूपये बतायी जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में गुमला के शास्त्री नगर निवासी 24 वर्षीय राजन कुमार व बड़ाईक मुहल्ला निवासी 28 वर्षीय सूर्य प्रताप सिंह के नाम शामिल है। इस संबंध में गुरूवार को थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली कि गोकुल नगर स्थित स्टार डीपीउस स्कूल के पास कुछ व्यक्ति बैठकर नशीले पदार्थ का सेवन कर रहे हैं। सूचना के बाद एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम जब मामले की जांच करने गोकुल नगर पहुंची तो देखा कि खेत में बैठकर दो लोग नशीले पदार्थ का सेवन कर रहे हैं। जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ा गया। दोनों ने पूछाताछ में अपना नाम राजन कुमार व सूर्य प्रताप सिंह बताया।

## पीडीजे की अध्यक्षता में हुई

# किशोर न्याय बोर्ड के सभी हितधारकों की बैठक



बैठक करते पीडीजे

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** बाल अधिकारों की सुरक्षा और किशोर न्याय प्रणाली को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से 20 मार्च को व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा लोहरदगा के कार्यालय कक्ष में किशोर न्याय बोर्ड के सभी हितधारकों की त्रैमासिक बैठक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा लोहरदगा राजकमल मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें किशोर न्याय अधिनियम के क्रियान्वयन, बाल अपराध रोकथाम और पुनर्वास से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि हमारा उद्देश्य किशोर अपराधियों को सजा देने के बजाय उन्हें सुधारने और समाज की मुख्यधारा में वापस लाने पर केंद्रित है। इसके लिए सभी हितधारकों को मिलकर काम करना होगा। वहीं बताया गया कि जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के 50 और चिल्ड्रन कोर्ट के 30 मामले लोहरदगा में लम्बित हैं। वहीं गुमला ऑब्जरवेशन होम में 100 बच्चों को रखने की क्षमता है। वर्तमान में 75 बच्चे संसीमित हैं। जिसमें लोहरदगा के 26 बच्चे हैं। वहीं प्रोबेशन गृह और जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड भवन निर्माण को लेकर चर्चा की गई। साथ ही डीसीपीओ लोहरदगा को गुमला ऑब्जरवेशन होम का भी निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। मौके पर एडीजे प्रथम अखिलेश कुमार तिवारी, सीजेएम केके मिश्रा, डालसा सचिव राजेश कुमार, रजिस्ट्रार व्यवहार न्यायालय अमित कुमार गुप्ता, पीएमजेजेबी जया स्मिता कुजूर, रिनपास के चिकित्सक, डीएसडब्ल्यूओ, नोडल अधिकारी एसजेपीयू, डीसीपीओ, सुपरिटेंडेंट ऑब्जरवेशन होम गुमला, प्रोबेशन ऑफिसर लोहरदगा, जेलर जिला मंडल कारा, प्रोबेशन ऑफिसर गुमला सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पंचायत स्थाई समितियां ग्रामीण विकास में निभाती है महत्वपूर्ण भूमिका: बीडीओ



प्रशिक्षण का उद्घाटन करते बीडीओ व अन्य

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में पंचायत स्तरीय स्थाई समिति के सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ गुरूवार को हुई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन बीडीओ दिनेश कुमार सहित वार्ड सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम पंचायत के प्रशासनिक और विकास कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि पंचायत स्थाई समितियां ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और उनके कार्य क्षमता बढ़ाने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण आवश्यक है। आप सभी प्रशिक्षण ईमानदारी पूर्वक कर ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को उससे लाभान्वित करें। वहीं जेआईटीएम संस्था के प्रशिक्षक अरुण पांडे और सौम्या पाल ने पंचायत की भूमिका और जिम्मेदारियां, सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन, वित्तीय प्रबंधन और पारदर्शिता, जल संरक्षण एवं स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समावेशन सहित कई बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया। साथ ही बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने पंचायत में अधिक कुशलता और पारदर्शिता के साथ कार्य करने में सहायता मिलेगी। ताकि क्षेत्र के समग्र विकास में अधिक प्रभावी भूमिका निभा सके। मौके पर बीपीआरओ शंकर साहू, कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार, मुखिया विनीता कुमारी, अंगनी उरांव, सोमारी देवी,यसमुनि देवी,चांदनी उरांव, राजेश बड़ाइक, अजीत मनी पाठक सहित कई मुखिया पंचायत सचिव वार्ड सदस्य स्थाई समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# 200 छात्र नेतरहाट-बेतला शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए हुए रवाना

## एसी जितेंद्र मुंडा व डीईओ शिक्षा पदाधिकारी ने दिखाई हरी झंडी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के विभिन्न सरकारी स्कूलों के छात्रों ने नेतरहाट और बेतला जंगल सफारी के शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए गुरुवार को नदिया हिंदू उच्च विद्यालय के मैदान से चार बसों में सवार होकर रवाना किया। इस अवसर पर एसी जितेंद्र मुंडा और जिला शिक्षा अधीक्षक सह डीईओ अभिजीत कुमार ने हरी झंडी दिखाकर छात्रों को यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस शैक्षणिक यात्रा को लेकर बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल अनूठी और प्रेरणादायक है। ऐसी यात्राएँ उन्हें किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर वास्तविक दुनिया को समझने का अवसर देती हैं। मुख्य अतिथि एसी जितेंद्र मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ बाहरी दुनिया का अनुभव भी होना चाहिए। जब वे नेतरहाट की खूबसूरत वादियों और ऐतिहासिक धरोहरों को देखेंगे तथा बेतला जंगल सफारी में प्रकृति और वन्यजीवन को करीब से समझेंगे, तब उन्हें यह अहसास होगा कि पर्यावरण संरक्षण में शेर, चीता, भालू, बंदर, साँप, बिच्छू और अन्य वन्यजीवों की कितनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर छात्रों के लिए शैक्षणिक परिभ्रमण आवश्यक है। डीईओ अभिजीत कुमार ने इस अवसर पर कहा कि किसी भी देश,



भ्रमण के लिए जाते विद्यार्थी

जिले या परिवार की प्रगति में शिक्षा की अहम भूमिका होती है। शिक्षा के माध्यम से ही समाज और राष्ट्र का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि जब हम अपने बचपन की स्कूल यात्राओं को याद करते हैं, तो वे आज भी हमारे स्मृति पटल पर अंकित होती हैं। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ नई जगहों को देखने और समझने का अवसर मिलना चाहिए, क्योंकि वे जो देखते और अनुभव करते हैं, उसे जल्दी सीखते हैं। यही कारण है कि शैक्षणिक परिभ्रमण शिक्षा की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह यात्रा झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निर्देशानुसार राष्ट्रीय अविष्कार अभियान एवं नवाचार कार्यक्रम के तहत आयोजित की गई है। इसमें कक्षा 6 से 8 तक के लगभग 200 छात्र शामिल हैं, जो पलामू प्रमंडल के नेतरहाट और बेतला जंगल सफारी की तीन दिवसीय यात्रा पर निकले हैं। यात्रा का नेतृत्व अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विनय बंधु कच्छप, क्षेत्र प्रबंधक आकाश कुमार, शारीरिक शिक्षक दुर्गा कुमार, खुसबू कुमारी, रंजू साहू, विपिन किशोर लकड़ा, पंकज कुमार, रश्मि खेस और सीमा एक्का कर रहे हैं। छात्रों को रवाना करने के दौरान सुफियान अंसारी, दीपू अग्रवाल, निश्चल मिंज समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जिले के युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का मिल रहा है अवसर: उपायुक्त



बैठक में शामिल उपायुक्त व अन्य

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता गुरुवार को जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक सीलम स्थित आरसेटी कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक से पूर्व उपायुक्त ने आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार प्रारंभ करने वाले छह लाभुकों से मुलाकात की। इस दौरान लाभुकों ने उपायुक्त के समक्ष अपने अनुभव साझा किए और बताया कि प्रशिक्षण के बाद उनके जीवन में कैसे बदलाव आया। लाभुकों ने बताया कि आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद न केवल उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई, बल्कि व्यवसाय चलाने और उसकी मार्केटिंग करने की समझ विकसित हुई। शूकर पालन से जुड़े एक लाभुक ने कहा कि प्रशिक्षण से पहले वे अपने उत्पाद को कम दामों में बेचते थे। लेकिन प्रशिक्षण के बाद नई तकनीकों को अपनाकर वे अपने व्यवसाय को बेहतर ढंग से चला रहे हैं। जयंती मिंज ने अपने आचार, पापड़ और मसाला पाउडर बनाने के व्यवसाय के बारे में बताया कि प्रशिक्षण से उन्हें व्यवसाय के संचालन में आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा मिली। इसी प्रकार सुमन आईंद ने कहा कि आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उन्होंने मुर्गी पालन का व्यवसाय प्रारंभ किया और आज वे प्रतिमाह 20 हजार रुपये से अधिक की आय अर्जित कर रही हैं। अन्य लाभुकों ने भी अपने-अपने व्यवसाय के अनुभव साझा किए। प्रशिक्षित लाभुकों की प्रेरणादायक कहानियां सुनकर उपायुक्त ने प्रसन्नता व्यक्त की और सभी नव-उद्यमियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आरसेटी के माध्यम से जिले के युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है, जो गुमला जिले के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# मँइयां सम्मान योजना से छटनी हुए लाभुकों का नाम पुन: जोड़े जाने को लेकर उमड़ रही भींड



खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** राज्य की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा गत 8 मार्च को मँइयां सम्मान योजना के लाभुकों के खातों में 3 माह का एकमुश्त 7500 राशि हस्तांतरित किए जाने के बाद से कहीं खुशी कहीं गम का माहौल देखा जा रहा है। जिन महिलाओं के खाते पैसे आ गए हैं वे पैसे की निकासी को लेकर बैंक व प्रज्ञा केंद्रों का चक्कर काट रहे हैं। वहीं जिनका पैसा अब तक नहीं आ पाया है या फिर योजना के नाम कट गया है वैसी महिलाएं योजना से लाभान्वित होने को लेकर प्रखंड मुख्यालय व प्रज्ञा केंद्रों का चक्कर काटती देखी जा रही है। खाते में डीबीटी नहीं रहने के कारण जिन महिलाओं का पैसा नहीं आ पाया है वे भी डीबीटी कराने को लेकर प्रज्ञा केंद्रों का चक्कर काट रहीं हैं। वहीं दूसरी ओर सरकार द्वारा छटनी किए गए लाभुकों का नाम पुनः जोड़ने की चर्चा उठने के बाद नाम जुड़ने को लेकर महिलाओं का हुजूम प्रखंड कार्यालय में उमड़ने लगा है। गुरुवार को प्रखंड अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों से सैकड़ों की संख्या में महिलाएं दीदियां प्रखंड कार्यालय पहुंचकर कर पुनः नाम जोड़े जाने को लेकर आवेदन भरती देखी गई। हालांकि पुनः आवेदन करने को लेकर अब तक प्रशासन के द्वारा किसी प्रकार का स्पष्ट दिशा निर्देश नहीं जारी किया गया है बावजूद इसके आवेदन भर रही हैं। बीडीओ चंदन प्रसाद ने बताया कि पुनः नाम जोड़े जाने को लेकर अबतक कोई दिशा निर्देश प्राप्त नहीं हुआ है, विभाग से दिशा निर्देश आने के बाद हीं आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

## मँइयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने पर प्रखण्ड कार्यालय का चक्कर काट रहीं है महिलाएं

**बरवाडीह।** मंईया सम्मान योजना के लाभ से प्रखण्ड की सैकड़ो महिला लाभुक इस बार वंचित हो गए है। जिसे लेकर सभी काफी परेशान है और बैंक के साथ- साथ प्रखण्ड कार्यालय का चक्कर काट रही है।

मंईयां सम्मान योजना की पहली से लेकर चौथी किस्त तक लगातार लाभ पाने के बाद एकाएक 7500 का लाभ नही मिल पाने से सभी खासे परेशान आक्रोशित दिखाई दे रहे है। मामले की शिकायत लेकर



प्रखंड कार्यालय पहुँचने के बाद भी लाभुकों को राशि नही आने के कारणों की स्पष्ट जानकारी नही मिल पा रही है। संबधित पदाधिकारी और ऑपरेटर भी कारण नही बता पाने के कारण परेशान है। मामले को लेकर बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने बताया कि जिन लाभुकों के खाते में 7500 की राशि नही मिली है, वो सभी प्रखंड कार्यालय आ रही है। सरकार के माध्यम से जल्द ही बाकि लोगों को भुगतान किया जायेगा। बता दें कि कई योग्य लाभुकों के खाते में जनवरी, फरवरी और मार्च 2025 की राशि जमा नहीं हुई है, जिससे वे परेशान हैं। मिली जानकारी के अनुसार राज्य सरकार द्वारा लाभुकों का सत्यापन किया जा रहा है। कई फर्जी लाभुकों के नाम हटाए गए हैं, जिससे योग्य लाभुकों में आक्रोश है। कई महिलाओं के खाते अपडेट नहीं होने के कारण उनके खाते में राशि नहीं जा सकी है। महिलाओं को सभी आवश्यक दस्तावेज, जैसे आधार कार्ड और बैंक खाता, सही और अपडेट करने के निर्देश दिए गए है।इसके बाद भी समस्या आती है तो महिलाएं ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवा सकती है। राज्य सरकार के जन शिकायत निवारण पोर्टल पर शिकायत दर्ज किया जा सकता है।

## रामनवमी को लेकर सभी अखाड़ा कमेटी की हुई बैठक



खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित भामाशाह नगर में बुधवार की देर शाम रामनवमी पूजा मानने को लेकर बालूमाथ प्रखंड के सभी अखाड़ा कमेटियों की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता महावीर मंडल बालूमाथ के अध्यक्ष रौशन गुप्ता ने किया। बैठक में सभी अखाड़ा कमेटी के अध्यक्ष ने विजयदशमी के दिन निकलने वाले जुलूस पर अपना रूट चार्ट एवं अन्य कार्यक्रम की जानकारी दिया। वहीं अध्यक्षों ने अष्टमी की रात्रि झंडा मिलन ससमय करने पर सहमति बनी वहीं चट्टी टोला के अखाड़ा अध्यक्ष पप्पू विश्वकर्मा ने कहा कि हम लोगों का जुलूस मस्जिद के पास घूमने के समय अव्यवस्थित हो जाता है ।इसलिए शांति समिति के बैठक में उक्त बात को रखा जाएगा एवं पुलिस प्रशासन से इस समस्या का समाधान करने की मांग की जाएगी। वहीं बड़का बालूमाथ रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष पंचू पांडे ने कहा कि हम लोगों का जुलूस चेताग तक जाने का लाइसेंस प्राप्त है मजबकि प्रशासन द्वारा पिछले वर्ष हम लोगों को बाजारटांड से ही वापस कर दिया गया था ।इस बात को भी शांति समिति की बैठक में रखी जाएगी । बैठक में मुरपा मोड रामनवमी अखाड़ा समिति के शशि भूषण गुप्ता, संजू ओझा, पप्पू ठाकुर टमटमटोला अखाड़ा समिति से रामकुमार गुप्ता चट्टीटोला अखाड़ा समिति से सोनू साहू, चेताग अखाड़ा समेत कई लोगो ने रामनवमी पूजा मनाने को लेकर अपना-अपना विचार रखा।

## अखिल भारतीय धोबी महासंघ जिला लातेहार कमेटी का किया विस्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** बारियातू बस्ती स्थित सेवा नृवित पुलिस इंस्पेक्टर बिनोद कुमार बैठा के आवास पर विनोद कुमार रजक की अध्यक्षता में बैठक किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष ब्रजमोहन राम उपाध्यक्ष पिंटू रजक, नन्ददेव राम, सचिव वीरेंद्र बैठा,कोषाध्यक्ष बृजमोहन राम, मीडिया प्रभारी दुलारचंद बैठा, संरक्षक पलामू पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम रामनरेश प्रसाद,जयप्रकाश कुमार रजक बनाए गए। सभी नवचयनित समितियां ने कहा कि अपने समाज के हित के लिए हर संभव ईमानदारी पूर्वक अपना कर्तव्य को पालन करता रहूंगा। इस मौके पर जितेंद्र बैठा, दिलीप बैठा, जगदीश बैठा, सुकूल बैठा, सुरेश राम, शिवनारायण रजक, सत्यनारायण बैठा,लोकेश रजक, हरेंद्र बैठा,साहित्य अन्य लोग उपस्थित थे। वहीं चर्चा के दौरान बताया कि 23 मार्च को प्रदेश कमेटी चुनाव के बाद प्रखंड कमेटी का भी विस्तार किया जायेगा।

## ढाई किलो अफीम के साथ पुलिस ने दो तस्कर को किया गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** थाना पुलिस ने ढाई किलो अफीम लेकर जा रहे दो तस्कर को मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार करने मे सफलता पायी है। प्रेस कॉफ्रेंस मे पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद रवानी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक महोदय लातेहार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम लेबड़ाही थाना बारियातु के तरफ से दो व्यक्ति मोटरसाईकिल के डिक्की में अफीम छुपाकर हेरनहोपा के तरफ से चतरा जिला के लावालौंग जाने वाले हैं। प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतू बारियातू अंचलाधिकारी नन्द कुमार राम एंव बारियातू थाना का संयुक्त छापामारी दल का गठन किया गया। प्राप्त सूचना के आधार पर तितिर महुआ जंगल डाकादिरी मोड़ के पास चेकिंग लगाया गया। चेकिंग के क्रम में दो मोटरसाईकिल हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन सं जेएच 03 ई 7291 एवं उसके चालक सुरेश कुमार यादव तथा हिरो स्पलेंडर प्लस



मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच 13 ई 9671 एवं उसके चालक सेवा गंझू को पकड़ा गया। दोनो मोटरसाईकिल चालक एवं मोटरसाईकिल का तलाशी लेने पर सुरेश कुमार यादव के मोटरसाईकिल के डिक्की से 593 ग्राम अफीम (गादा) एवं सेवा गंझू के मोटरसाईकिल के डिक्की से 1.861 किग्रा (1861 ग्राम) अफीम (गादा) बरामद किया गया। दोनो व्यक्ति काफी दिनों से अफीम का खरीद बिक्री करते रहे हैं। पकड़ाये दोनो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।दोनों व्यक्ति लावालौग थाना क्षेत्र के रहने वाले है। जिसका नाम सुरेश कुमार यादव उम्र- करीब 31 वर्ष, पिता इन्द्रदेव यादव, ग्राम- बांदु, थाना- लवालौंग, जिला- चतरा सेवा गंझू, उम्र- करीब 37 वर्ष पिता महादेव गंझू, ग्राम- हेडुम, थाना लवालौंग, जिला चतरा का निवासी है। इस छापामारी दल में शामिल अंचलाधिकारी नन्दकुमार राम बारियातू, पुअनि देवेन्द्र कुमार थाना प्रभारी बारियातू पुअनि जितेन्द्र कुमार,सअनि सुरेश कुमार सिंह थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### एक नजर में

## 30 को मनाई जायेगी नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत स्मृति महोत्सव सह मेला

**चंदवा।** नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत स्मृति महोत्सव सह मेला आयोजित करने हेतु गुरुवार को शहीद स्मारक स्थल पर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शिवशंकर टाना भगत और संचालान मुखदेव गोप ने की। बैठक मे आगामी 30 मार्च को नौ स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत स्मृति महोत्सव सह मेला का आयोजन को सफल बनाने हेतु बैठक मे चर्चा की गई। उक्त महोत्सव हर वर्ष 30 मार्च को ही मनाया जाता है। बैठक मे धूम धाम से मेला का आयोजन हेतु चर्चा की गई व सर्वसम्मति से समिति का पुनर्गठन भी किया गया, जिसमे अध्यक्ष शिव शंकर टाना भगत, उपाध्यक्ष विद्यानंद सिंह, करण लोहरा, महासचिव मुखदेव गोप, सचिव सुरेश टाना भगत, कोषाध्यक्ष कृष्णा टाना भगत, संगठन सचिव कार्तिक टाना भगत, उप सचिव तेतरा लोहरा, संरक्षक रंका टाना भगत, सुशील तिवारी, प्रतिमा देवी (जिप सदस्य) संगीता देवी (पंसस), सुनीता खलखो, भोला टाना भगत, सोहराई टाना भगत समेत कई लोगो को कमिटी के अलावा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में दर्जनों की संख्या में लोग शामिल थे।

## चंदवा पहुंची संविधान बचाओ जागरूकता रथ, हुआ स्वागत

**चंदवा।** रांची से मेदिनीनगर के लिए निकली संविधान बचाओ जागरूकता रथ गुरुवार की शाम चंदवा पहुंची, जहां भीम आर्मी के लोगों ने चंदवा के इंदिरा गांधी चौक के समीप रथ का स्वागत किया। इस मौके पर कुशेश्वर राम व विगन राम ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य संविधान को बचाना है, क्योंकि केंद्र की सरकार संविधान में संशोधन कर उसकी मूल भावना को समाप्त करने का प्रयास कर रही है, संविधान से मिले आरक्षण के साथ भी छेड़छाड़ करने का प्रयास हो रहा है, जिसे सहन नहीं किया जायेगा। इसके अलावे भी हरि कुमार भगत, जितेंद्र सिंह समेत अन्य वक्ताओं ने भी अपनी बातों को रखा। इसके पश्चात जागरूकता रथ अपने गंतव्य को रवाना हो गई। मौके पर धनराज यादव, महेश भगत, राजीव उरांव, अशोक कुमार यादव, वैद्यनाथ ठाकुर, आरपी रंजन समेत कई लोग मौजूद थे।

## हाईवा टकरा जाने के बाद एक परिवार के तीन लोगों के साथ जमकर मारपीट





खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम में हुई मारपीट में तीन लोग घायल हो गए ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शमशेर अंसारी 22 वर्ष पिता तस्लीम अंसारी ग्राम गणेशपुर का हाईवा के साथ गणेशपुर गांव के ही रहने वाले मोहम्मद मुमताज के हाईवा में टकरा गया था। जिसको लेकर घर पहुंचने के बाद मो.मुमताज और उसके परिजनों द्वारा शमशेर अंसारी के साथ मारपीट किया गया ।वहीं बचाव करने पहुंचे शमशेर अंसारी के भाई मुस्तफा अंसारी 32 वर्ष एवं पिता तस्लीम अंसारी 55 वर्ष पिता अदू मियाँ को भी चोट लगी है ।तस्लीम अंसारी ने बताया कि मगध कोलियरी में अनियंत्रित होकर हाइवा टकरा जाने के बाद मुमताज अंसारी एवं उसके परिजन बारीक मियां,मो.सोनू मो.मुमताज समेत कई लोगों ने घर पहुंच कर लाठी,डंडा और हॉकी स्टिक हमला करते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। वही बीच बचाव करने पहुंचे उसके भाई और पिता के साथ भी मारपीट किया। घटना के बाद सभी घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर ध्रुव कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वही मामले की सूचना बालूमाथ पुलिस को दे दी गई है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## राजगुरु के भुइयाँ टोला मे पेयजल समस्या से ग्रामीण परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत राजगुरु ग्राम के भुइयाँ टोला मे पेयजल सुविधा नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी कठिनाई हो रही है। ग्रामीण राजू राम, जुगेश्वर राम,नीतू देवी रिंकू देवी, सरोज देवी, किरण देवी, सोनी देवी, अनिता देवी, जिरवा देवी, पर्वती देवी, मुनिया देवी, गुड़िया देवी, बरमदेव राम, विकास राम, भिखु राम सहित अन्य कई ग्रामीण महिला पुरुषों ने बताया की हमलोग लगभग 20 से 25 घरों मे दलित समुदाय के लोग निवास करते हैं।

पेयजल सुविधा नहीं रहने के कारण घरेलु कार्य सहित अन्य दैनिक कार्य के लिए दूर से पानी लाना पड़ता है। यहां से लगभग



आधा किमी दूर डाउन स्तर पर जल नल योजना अंतर्गत जलमीनार लगाया गया है। उसी जलमिनार से कनेक्शन कर मात्र पाईप लगाया गया है। घनी आबादी उच स्थान पर है जिसके कारण पानी नहीं पहुँच पाता है। यदि भुइयाँ टोला पुल के पास एक जलनल योजना के तहत सोलर जलमीनार लगाया जाता तो दोनों तरफ पानी की सुविधा मिल सकता था। पेयजल सुविधा नहीं रहने के कारण कपड़ा धोना, खाना बनाना, वर्तन धोने सहित अन्य कई कार्यों के लिए हम सभी महिलाओं को दंस झेलना पड़ रहा है। साथ ही ग्रामीणों ने कहा की पंचायत मुखिया को उक्त बातों से अवगत कराया गया परन्तु अश्वासन दिया गया है।

इधर गरमी भी अपना दस्तक दे दिया है जिससे और भी अधिक परेशानी होगी। ग्रामीणों ने उपायुक्त व सम्बंधित विभाग से पेयजल सुविधा बहाल करने की गुहार लगाई है। उक्त सम्बन्ध मे मुखिया सुरेश उरांव से बात किए जाने पर बताया की राजगुरु भुइयाँ टोला मे पेयजल के लिए परेशानी है यह बात सही है। अपना पंचायत के लिए पीएचडी विभाग से ढाई सौ जलमिनार की मांग की गईं है। योजना आते ही आवश्यकतानुसार सुविधा बहाल करा दी जाएगी।

## एक सप्ताह से बिजली का ट्रांसफार्मर खराब होने से पचास घरों के परिवार अंधकार में



खबर मन्त्र संवाददाता

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड के घासीटोला गांव में तीन माह पूर्व में पच्चीस केवी का बिजली ट्रांसफार्मर लगाया गया था। जोंकी दो माह के बाद बिजली का ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने लगी और एक सप्ताह के बाद ट्रांसफार्मर खराब हो गया। वही बिजली उपभोक्ता बालेश्वर साव, श्रवण नायक, केडी नायक, दीपक नायक, राजकुमार नायक, हेमंत नायक, दिलेश्वर नायक, राहुल नायक, गागो नायक, समेत आदि लोगों ने बताया कि घासीटोला गांव में एक सप्ताह से बिजली का ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण पचास घर का परिवार अंधकार में रह रहे हैं जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वही लोगों ने बताया कि पचास घरों के बीच तिरसठ केव का ट्रांसफार्मर लगाने के वजह पच्चीस केव का ट्रांसफार्मर लगाया गया है, जोंकी बर बर ट्रांसफार्मर खराब हो रहा है जिससे पचास घर के परिवारों को ढीबरी और लालटेन का सहारा लेना पड़ रहा है। बिजली उपभोक्ताओं ने जिले के विधुत कन्या अभियन्ता से घासीटोला गांव में तिरसठ केव का ट्रांसफार्मर लगाने कि मांग किया है।

## जेएमएम प्रखंड कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

### कांग्रेस भाजपा छोड़कर दर्जनों लोगों ने थामा झामुमो का दामन

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड स्थित डाक बंगला परिसर में झामुमो प्रखंड कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व शिक्षा मंत्री सह केन्द्रीय उपाध्यक्ष बैजनाथ राम मौजूद हुए। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला संयोजक प्रमुख लाल मोती नाथ शाहदेव व जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे पूर्व जिला सचिव शमशुल होदा लातेहार जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, जिला परिषद सदस्य सरयू बुद्धेश्वर उरांव, पूर्व केंद्रीय सदस्य महिला मोर्चा अनीता मिंज, केंद्रीय सदस्य सह जिला बीस सुत्री सदस्य मोहम्मद मुस्तकीम, संगठन जिला सचिव पौल एक्का मौजूद थे। कार्यक्रम से पूर्व मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत माला पहना कर व गुलदस्ता देकर किया गया। जिसके बाद कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में मंच का संचालन सहजाद आलम के



द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। पूर्व जिला परिषद इग्नेशिया केरकेट्टा, पूर्व जिला परिषद मणिना कुजूर, पूर्व मदीना मस्जिद सदर परवेज आलम, वह सभी अतिथियों के द्वारा सभा को संबोधित किया गया और संगठन की मजबूती पर विचार विमर्श भी की गई। इसके उपरांत पूर्व शिक्षा मंत्री सह केन्द्रीय उपाध्यक्ष बैजनाथ राम जिला संयोजक लाल मोतीनाथ शाहदेव के हाथों कांग्रेस बीजेपी से टूटकर लोगों ने जीएम का दामन थामा। जिसे सदस्यता पत्र व पट्टा पहनकर स्वागत किया गया। मौके पर लाल मोतीनाथ शाहदेव ने कहा कि महुआडांड़ में संगठन काफी मजबुत हो रहा है। लोग पार्टी के कार्यकलाप से खुश होकर अन्य दलो से आकर पार्टी में शामिल हो रहे हैं। वही कांग्रेस के पूर्व महुआडांड़ प्रखंड अध्यक्ष रुडोल्फ खलखो अपने समर्थकों के साथ परहाटोली पूर्व पंचायत समिति सदस्य बबीता देवी अपने समर्थकों के साथ झामुमो का दमन थामा। इसी तरह मुहम्मद में संगठन का विस्तार होता रहेगा और संगठन का कार्य आगे बढ़ता रहेगा। इसके बाद प्रखंड कमेटी के लिए अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष समेत संगठन सचिव के लिए सर्वसम्मति से नाम प्रस्तावित किया गया इसके बाद प्रखंड कमेटी का गठन किया जाएगा।पूर्व शिक्षा मंत्री सह केन्द्रीय उपाध्यक्ष बैजनाथ राम ने कहा कि संगठन के मजबूती के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना है और संगठन को मजबूत करना है। बहुत सारे नए लोग दूसरे दलों से टूटकर झामुमो का दामन थाम रहे हैं इससे साफ जाहिर होता है की झारखंड के सरकार के द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। इसके कार्य से प्रभावित होकर लोग झामुमो का दामन थाम रहे हैं। साथ ही अन्य वक्ताओं के द्वारा भी संगठन के मजबुती को लेकर अपने विचार रखे।मौके पर पूर्व युवा जिला सचिव परवेज आलम, पूर्व प्रखंड युवा अध्यक्ष सैफ अली पूर्व उपाध्यक्ष प्रवीण कुजूर,यहिया अंसारी देवंती मिंज लक्ष्मण जायसवाल जगन्नाथ नायक पूर्व जिला परिषद सदस्य इग्नेशिया केरकेट्टा मनिना कुजूर, जफर शहजाद हुसैन पूर्व मुखिया ब्रिजनिया कुजूर अतहर हुसैन, पंचायत अध्यक्ष राजू कुजूर समेत सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष झामुमो के नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## चैती छठ पूजा एवं रामनवमी पूजा धूम धाम से मनाने को लेकर हुई बैठक

**लातेहार।** बुधवार को संध्या 7:30 बजे श्री सूर्यनारायण पूजा समिति चाणक्यनगरी की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता श्री त्रिभुवन पांडेय जी ने किया। जिसमें चैती छठ पूजा एवं रामनवमी पूजा धूम धाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में चैती छठ पर छठ व्रतियों के लिये घाट की साफ सफाई, स्नानागार, लाइटिंग की व्यवस्था, तोरण द्वार एवं ध्वनि वितरक यंत्र लगाने जैसे आदि सुविधाओं पर विशेष ध्यान रखा गया है। इस बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्य । अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रसाद सिंह, महामंत्री अनिल कुमार (पप्पू), उपाध्यक्ष राजेश प्रसाद,गणेश राम, मंत्री धीरज कुमार, कौशल किशोर राज(बिट्टू), ऋषभ राज , आयुष कुमार, लक्की पाण्डे, मीडिया प्रभारी तुषार चंद्र गुप्ता, रौशन कुमार, सदस्यगण चन्दन गुप्ता, श्रियांशु कुमार, रितिक राज, शिवम कुमार, श्रेष्ठ कुमार, रितेश कुमार , अमन कुमार, आदि उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में राजस्व संग्रहण की बैठक हुई संपन्न

**लातेहार।** जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण की बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा की गई। समीक्षा क्रम में सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य के शेष लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने व शेष लक्ष्य को ससमय पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त के द्वारा, भु-लगान, निबंधन, दाखिल-खारीज, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई ' इस दौरान सभी अंचाल अधिकारियों को दाखिल-खारीज से सम्बंधित आवेदनों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता श्री रामा रविदास, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, संबंधित पदाधिकारी समेत सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### बीएसएल सुरक्षा विभाग ने टाउनशिप में अवैध निर्माणों को तोड़कर हटाया

**बोकारो।** बीएसएल के सुरक्षा विभाग की टीम टाउनशिप क्षेत्र में लगातार गश्ती कर अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए अवैध निर्माणों को हटा रही है। इस कड़ी में टाउनशिप के नया मोड़ सिटी सेंटर को-ऑपरेटिव कॉलोनी मोड़ आदि में विशेष अभियान चलाकर अवैध निर्माणों को पूरी तरह धवस्त कर अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी भी दी गई। इस अभियान के अंतर्गत नया मोड़-को-ऑपरेटिव कॉलोनी मोड़ के सामने स्थित त्रिपाठी पेट्रोल पम्प के समीप अवैध रूप से बनाए गए एक दुकान तो तोड़ा गया तथा इस दुकान से सटे बाँस-बल्ली से निर्माणाधीन एक अन्य दुकान को भी तोड़ा गया। इसी अभियान के तहत को-ऑपरेटिव कॉलोनी मोड़ के दाहिने ओर लगभग 25 मीटर की दूरी पर अवैध रूप से निर्माण कार्य के प्रयास को भी विफल किया गया। प्रबंधन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि अतिक्रमणकारियों के खिलाफ बीएसएल का अभियान लगातार जारी रहेगा।

### मामूली विवाद में बहनोई ने की साला की हत्या

**बोकारो।** बोकारो पुलिस ने जिला के बरमसिया ओपी अंतर्गत सतिभीट्ठा गांव के समीप स्थित ईंट भट्ठे पर विगत 16 मार्च को प्राप्त शव के पीछे की कहानी का उद्भेदन कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बहनोई धर्मेंद्र उरांव ने ही अपने साला दीपक उरांव की हत्या की थी। सीडीपीओ चास प्रवीण कुमार ने बताया कि दोनों शराब के नशे में चूर अवस्था में थे, मामूली विवाद के बाद धर्मेंद्र 15 की रात अपने साला को लेकर ईंट भट्ठे के पास ले गया और ईंट से हमला कर उसकी हत्या कर दी। बरमसिया ओपी प्रभारी कौशलेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तीन दिनों में इसका अनुसंधान कर लिया।

### 154वां सीआरपीएफ डे मनाया गया

**बेरमो /गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत स्वांग स्थित 154 सी आर पी एफ बटालियन कैम्प में सी आर पी एफ डे मनाया गया। इस मौके पर सी आर पी एफ के जवानों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वस्व न्योछावर करने का संकल्प लिया। वही कमांडेंट सुनील कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सी आर पी एफ की गरिमा एवं सम्मान को बनाए रखने एवं संकल्प लेने का संदेश दिया और जवानो को अदम्य साहस और देश की अखंडता व संप्रभुता के लिए प्राणों की आहुति देने वाले बीर जवानो के बलिदान को स्मरन किया। इस उपलक्ष्य में सहायक कमांडेंट संजीव कुमार ने सी आर पी एफ की गरिमा और कर्तव्यों के बारे में बताया और कहा कि डी/154 कंपनी में खाने ओर मनोरंजन कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। मौके पर सहायक कमांडेंट संजीव कुमार सरोज , इंस्पेक्टर रूप राम सैनी, पूर्व मुखिया धनंजय सिंह , बोकारो क्रिकेट सचिव सुरेंद्र कुमार , समाजसेवी रविन्द्र कुमार ,जवान और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### 12 दिन में करना होगा 25 लाख टन कोयले का उत्पादन

**बेरमो।** कोयला उत्पादन लक्ष्य प्राप्त करने को लेकर सीसीएल बीएंडके प्रबंधन रेस है। सीसीएल मुख्यालय से बीएंडके एरिया को चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में 90 लाख टन उत्पादन का लक्ष्य दिया गया था। लेकिन बीएंडके 71 लाख टन उत्पादन के करीब पहुंचने की संभावना दिख रही है। 19 मार्च तक एरिया 65 .25 लाख टन कोयला उत्पादन कर चुका है। अगले बारह दिनों यानी 31 मार्च तक शेष 25 लाख टन उत्पादन का लक्ष्य पूरा करने के लिए जोर लगाया जा रहा है। हलाकि जीएम चित्तरंजन कुमार ने उत्पादन लक्ष्य पूरा करने के लिए जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। बता दें कि सीसीएल बीएंडके एरिया कारो, खासमहल की शिफ्टिंग की समस्या के कारण खदान का विस्तार नहीं हो पा रहा है। जिससे प्रबंधन को कोयला उत्पादन में काफी जद्दोजहद का सामना करना पड़ रहा है।

श्रम अधीक्षक बोकारो ने तेनुघाट थर्मल पावर के महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता के विरुद्ध

# करीब अढ़ाई करोड़ रुपया बकाया मजदूरी का भुगतान के लिए श्रम न्यायालय में क्लेम दायर

खबर मन्त्र संवाददाता




**बेरमो।** संवाददाता सम्मेलन में उपरोक्त जानकारी देते हुए ठीकेदार मजदूर यूनियन के महासचिव इफ्तेखार महमूद ने बताया कि यूनियन के लगातार प्रयास पर उपश्रमायुक्त बोकारो ने क्लेम करने के लिए श्रम अधीक्षक को निर्देश दिया है।

इसी निर्देश का अनुपालन करते हुए श्रम अधीक्षक ने पत्रकः 315 दिनांक 16/3/25 के द्वारा कूल 2 करोड़ 29 लाख 39 हजार 8 सौ 71 रुपया, मुआवजा सहित, मजदूरी भुगतान करने का श्रम न्यायालय में क्लेम दायर किया है। यूनियन महासचिव इफ्तेखार महमूद ने बताया कि त्रिपक्षीय समझौता के अंतर्गत जुलाई 1993 ई० से प्रतिमाह चार दिनों का अतिरिक्त मजदूरी का भुगतान औपचारिक रूप से होते आ रहा था किंतु अप्रैल 2017 से तात्कालिक महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता ने भुगतान को रोक दिया। यूनियन महासचिव ने बतलाया कि चार दिनों की अतिरिक्त मजदूरी के भूगतान रोके जाने पर यूनियन ने कड़ी आपत्ति जताई और मजदूर आंदोलन पर उतारू भी हो गए। किंतु औद्योगिक शांति कायम करने हेतु प्रबंधन ने पत्रांक 227 दिनांक 18/10/19 के द्वारा उपश्रमायुक्त बोकारो से हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। प्रबंधन के आग्रह पर कार्रवाई करते हुए उपश्रमायुक्त ने आवश्यक जांच पड़ताल के बाद वर्ष 2021 में उपरोक्त मजदूरी का भुगतान करने का महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता को निर्देश दिया। किंतु प्रबंधन ने श्रम विभाग के निर्देश का पालन नहीं किया। श्री महमूद ने कहा कि रोक दिए गए उक्त मजदूरी का भुगतान महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता तुरंत शुरू नहीं करते है तो उपरोक्त राशि 5 करोड़ रूपया के करीब हो जाएगा। संवाददाता सम्मेलन में यूनियन के उपमहासचिव समीर कुमार हलदार, कोषाध्यक्ष जागेश्वर राम तथा कार्यकारी सदस्य देवानंद प्रजापति भी उपस्थित थे।

## रंग पंचमी उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में आयोजित रंग पंचमी उत्सव में शिक्षकों सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने पर्यावरण के अनुकूल फूलों की पंखुड़ियों के इको-फ्रेंडली होली का आनंद लिया। प्राचार्य उपप्राचार्य प्रधानाध्यापक व प्रधानाध्यापिकाओं सहित सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने एक-दूसरे पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाकर रंग पंचमी के आनंद में एक नए रंग का रस घोल दिया।मौके पर गीत-संगीत और नृत्य में शिक्षकों के साथ विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार भी शामिल हुए। उन्होंने भारत की समृद्ध परंपरा संस्कृति और रंग पंचमी होली की महत्ता पर प्रकाश डाला। रंग पंचमी की पौराणिक महत्ता को रेखांकित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि इसका धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। यह नकारात्मक ऊजाओं पर विजय का प्रतीक है और इसे देवताओं की होली भी कहा जाता है। प्राइमरी व सीनियर विंग के शिक्षकों द्वारा गीतों की सुरीली प्रस्तुति दी गई। संगीत विभाग के शिक्षकों ने सदाबहार गीतों की नॉनस्टॉप मेडली के बाद होली गीतों पर ऊजार्वान नृत्य-प्रस्तुति से सबकी भरपूर तालियां बटोरीं। दीपांश शिक्षा केन्द्र की शिक्षिकाओं ने भी नृत्य-प्रस्तुति से सबकी सराहना पाई।

करियर काउंसलिंग सेशन का आयोजन, स्कूल की बेसिक तैयारी रखें मजबूत

## जरूर मिलेगी कामयाबी : विकास





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में आयोजित करियर काउंसलिंग सेशन में बतौर मुख्य वक्ता करियर काउंसलर व साइकोग्राफिक सोसाइटी करियर काउंसलिंग सेंटर रांची के संस्थापक व निदेशक विकास कुमार ने विद्यार्थियों को 10वीं के बाद करियर के विभिन्न आयामों उनसे संबंधित अवसरों और चुनौतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इंजीनियरिंग मेडिकल मैनेजमेंट सीए सिविल सर्विसेज फैशन-टेक्नोलॉजी सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुनहरे भविष्य एवं बोर्ड तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में संतुलन पर चर्चा करते हुए संबंधित संस्थानों में सीट की उपलब्धता नामांकन-प्रक्रिया एवं रैंकिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। श्री कुमार ने बच्चों से कहा कि मेडिकल इंजीनियरिंग सिविल सर्विसेज या चाहे अन्य कोई क्षेत्र हो, सभी के लिए स्कूल की बेसिक तैयारी पुख्ता होनी चाहिए।

इसका कोई विकल्प नहीं है। स्कूल में होनेवाली परीक्षाएं करियर निर्धारित करने वाली परीक्षाओं का आधार हैं। अपने लक्ष्य के प्रति लगन के साथ जब बेसिक मजबूत कर लेंगे तो सफलता निश्चित है। इसके लिए उन्होंने विद्यार्थियों को लगन के साथ परिश्रम एवं निरंतरता बनाए रखने समय का सदुपयोग करने तथा सेल्फ स्टडी करते समय सोशल मीडिया से पूर्णतया दूर रहने पर भी बल दिया।

मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि 10वीं के बाद 11वीं का सिलेबस अचानक से कठिन हो जाता है लेकिन इसके लिए केवल और केवल विद्यालय ही एकमात्र माध्यम है। नन-स्कूलिंग किसी भी दृष्टिकोण से विद्यार्थियों के हित में नहीं है। कोचिंग में सिर्फ मार्क्स मिलेंगे लेकिन समग्र विकास तो केवल विद्यालय में ही संभव है जहां बच्चे अनुशासन शिष्टाचार अच्छे संस्कार विभिन्न कलाएं आदि सीखते हैं। ये गुण जीवन में हमेशा काम आते हैं।

विकास के साथ सांस्कृतिक परंपराओं व

## प्रकृति की रक्षा हम सब का कर्तव्य: बबीता

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/ कसमार।** कसमार प्रखंड अंतर्गत सोनपुरा पंचायत के सिल्लीसाढ़म व गर्री पंचायत के तिलैया गजार में बोंगा बुरू जाहेर थान में सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। मंत्री पेयजल एवं स्वच्छता सह उत्पाद तथा मध निषेध विभाग योगेंद्र प्रसाद की धर्मपत्नी सह पूर्व विधायक बबीता देवी प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी व ज़िप सदस्य अशोक मूर्मू ने बोंगा बुरू जाहेर थान में सरहुल पूजा बाहा पर्व महोत्सव में शामिल हुईं। पूर्व विधायक बबिता देवी व प्रमुख नियोती कुमारी ने बोंगा बुरू स्थल में मत्था टेका और क्षेत्र की सुख समृद्धि की मंगल कामना की। इस दौरान पूर्व विधायक बबिता देवी ने कहा कि आदिवासी और प्रकृति एक दूसरे के पूरक हैं। विकास के साथ-साथ सांस्कृतिक परंपराओं एवं प्रकृति की रक्षा हम सबों का कर्तव्य है। प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण को लेकर यह पर्व एक बड़ा वैश्विक संदेश प्रसारित करता है। इस दौरान वे पारंपारिक समूह नृत्य में महिलाओं के साथ मांदर की थाप पर भी थिरकीं। मुख नियोती कुमारी ने कहा कि सरहुल केवल एक पर्व नहीं बल्कि हमारी सभ्यता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का एक महान अवसर है। सरहुल हमें यह सिखाता है कि हम अपने जंगल जल भूमि और पर्यावरण की रक्षा करें। मौके पर जेएमएम बोकारो जिला प्रमुख संयोजक रतन लाल मांझी मुखिया चन्द्रशेखर शेखर हेंब्रम पंसस पुनम मरांडी पूर्व मुखिया सिकंदर कपरदार मांझी हडाम़ नकुल मुर्मू मनोहर मुर्मू, नागेश्वर चौधरी धनंजय स्वर्णकार युधिष्ठिर हेम्ब्रम राजेन्द्र प्रसाद मुर्मू सोनिया देवी पारो देवी सुनीता देवी नंदन कपरदार हरेंद्र महतो आकाश टुड्डू रतन बेसरा जानी अंसारी आदि उपस्थित थे।

### विद्यार्थी क्षमतावान तो भारत पहुंचेगा शीर्षस्थ पायदान पर: डीएफओ

**बोकारो।** डीपीएस चास के सभागार में प्रदर्शनी सृजन का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का मुख्य विषय था-समस्त विषयों में महाकुंभ का समेकन। बोकारो जिले के डीएफओ रजनीश कुमार ने पत्नी कीर्ति सिंह सहित उपस्थित होकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। बच्चों द्वारा निर्मित कलात्मक पेंटिंग के साथ-साथ रोबोट ब्लड ग्रुप डिटर्मिनेशन ड्राउट मैनेजमेंट वेस्ट वाटर मैनेजमेंट हृदय की धड़कन मापने का यंत्र जलचक्र क्लीनोमीटर सेल्फ ड्राइविंग कार महाकुंभ के आयोजन के समय ग्रहों की स्थिति महाकुंभ का आर्थिक पहलू गीत-संगीत व नृत्य का जीवंत प्रदर्शन आकर्षण के केंद्र रहे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की रचनात्मक क्षमता को निखारने के लिए विद्यालय द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। मौके पर कीर्ति सिंह ने कहा कि आज सबसे बड़ी समस्या ग्लोबल वार्मिंग से पृथ्वी को बचाना है। विद्यालय की प्राचार्या सह निदेशिका डॉ मनीषा तिवारी ने कहा कि विद्यालय लगातार सर्वश्रेष्ठ शिक्षा प्रदान करने और विद्यार्थियों की कल्पनाशील क्षमताओं को विकसित करने का प्रयास करता है।

## लगातार तीसरे दिन हड़ताल पर डटे रहे आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मी

**स्वास्थ्य सेवाएं हुई प्रभावित**

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** बोकारो जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उपकेंद्रों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी राइडर के अधीन कार्यरत स्वास्थ्यकर्मी आठ माह से लंबित मानदेय भुगतान की मांग को लेकर लगातार तीसरे दिन भी हड़ताल पर डटे रहे जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो गई है। ओपीडी इमरजेंसी डिलीवरी साफ-सफाई कार्यों पर असर पड़ा है। कसमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बैठे आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मियों का समर्थन देने गर्री मुखिया गीता देवी समाजसेवी धनलाल कपरदार कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रामप्रकाश महाराज झामुमो नेता सिकंदर कपरदार एवं धनंजय स्वर्णकार आदि पंहुचे।

## बीएसएल कर्मियों ने अपनी दक्षता के दम पर जीता सेल कॉरपोरेट एक्सीलेंस अवार्ड

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के कर्मियों ने अपनी दक्षता का दमखम दिखाते हुए निष्पादन वर्ष 2023-24 के लिए सेल कॉर्पोरेट एक्सीलेंस अवार्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और सर्वोत्कृष्ट एकीकृत इस्पात संयंत्र का खिताब जीतने का गौरव हासिल किया है। सेल कॉर्पोरेट ऑफिस द्वारा दिया जाने वाला यह वार्षिक पुरस्कार संगठन के विभिन्न संयंत्रों द्वारा किए गए प्रदर्शन के 14 प्रमुख मापदंडों के आधार पर दिया जाता है। डीआई बीरेंद्र कुमार तिवारी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में उत्पादकता, व्यापारिक लाभ, उत्पादन की गुणवत्ता, पर्यावरणीय नियमों का पालन, नवाचार की प्रक्रिया, दीर्घकालिक व्यापारिक रणनीतियां, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, भविष्योन्मुख व्यापारिक रणनीति, भावी विस्तारीकरण योजना की गति, उत्पाद श्रृंखला संवर्धन जैसे 14 महत्वपूर्ण सभी मापदंडों में बीएसएल को सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु यह प्रतिष्ठित एवं सम्मानजनक पुरस्कार पहली बार दिया जा रहा है। बीएसएल के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार आगामी 24 मार्च को यह पुरस्कार एक नई दिल्ली में एक भव्य समारोह में सेल के सभी निदेशकों और उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश द्वारा बीएसएल को प्रदान किया जाएगा। सेल कॉर्पोरेट एक्सीलेंस अवार्ड के व्यक्तिगत श्रेणियों में भी बीएसएल कर्मियों ने अपनी उत्कृष्टता का परिचय दिया है। योगेश प्रसाद साहू को कार्यक्षेत्र में लागत प्रबंधन व समुचित संसाधन उपयोग हेतु-कॉस्ट चैंपियन का दीप कुमार सक्सेना को संयंत्र की कार्यप्रणाली में सुधार हेतु रचनात्मक उपायों के लिए-इनोवेशन एक्सपर्ट का अभिषेक साहू को शारीरिक लाचारी के बावजूद कार्य-स्थल पर उदाहरण प्रस्तुत करने के लिए 'रोल मॉडल (दिव्यांगजन)' श्रेणी में परिचय भट्टाचार्जी को संयंत्र के डिजिटलीकरण में महत्वपूर्ण योगदान के लिए- डिजिटल मास्टरमाइंड के रूप में तथा कुशल नेतृत्व व कार्यक्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए हिना परवीन को विमेन ट्रैल ब्लेजर श्रेणी में उत्कृष्टता पुरस्कार से नवाजा गया। निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने पुरस्कार विजेताओं और समस्त बोकारो इस्पात परिवार को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

## खबर एक नजर में

### रामनवमी की तैयारी को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** जारंगडीह - हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जारंगडीह 16 नंबर मे जोरशोर से रामनवमी मनाने को लेकर बीते देर शाम 16 नंबर स्थित महावीर मंदिर परिसर में स्थानीय लोगों व रामनवमी कमिटि की एक अहम बैठक सम्पन्न हुई जिसमे बीते साल की आय व्यय के हिसाब किताब आदि के अलावे इस बात पर चर्चा हुई कि किस तरह शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी का अखाड़ा निकाला जाये साथ ही रामनवमी मे होने वाले खर्च की राशि को किस तरह चंदा मे माध्यम से अर्जित किया जाये। जबकि इस बैठक में कोई भी नया कमेटी नही बनाया गया बल्कि सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इस बार भी पुराने कमेटी के नेतृत्व में ही रामनवमी भव्य तरीके से मनाया जायेगा। वही कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन भुईंयाँ उपाध्यक्ष गोविंद, कोषाध्यक्ष बॉबी उपकोषाध्यक्ष पवन कुमार सचिव अरमान कुमार, उपसचिव आसू कुमार आदि को नियुक्त किया गया है जबकि इस बैठक में उपरोक्त लोगो के अलावे सुधीर लाल, जैकी गोप, बासु सोनार, अरुण भुईंयाँ, पुतन चौहान, आजाद भुईंयाँ, सुदेश भूईया, कृष्णा चौहान, जुगनू भुईंयाँ के अलावे दर्जनों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### 21 और 22 फरवरी को 46 मोतियाबिंद मरीजों का किया जायेगा ऑपरेशन

**बेरमो।** सीसीएल के केंद्रीय हॉस्पिटल ढ़ोरी में सीएसआर के तहत गुरुवार को निशुल्क मोतियाबिंद जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन जीएम रंजय सिंहा और सीएमओ डॉक्टर संजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 75 लोगों की जांच की गई। शिविर में चिकित्सा के दौरान 46 मोतियाबिंद के मरीज मिले। जिसका आपरेशन 21 और 22 फरवरी को किया जायेगा। मरीजों को दवाई,भोजन व रहने की व्यवस्था दी जा रही है।

### कथारा ओपी थाना प्रभारी राजेश प्रजापति को असनापानी के युवाओ ने किया सम्मानित

**बेरमो /गोमिया।** बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल के गोमिया प्रखंड अंतर्गत कथारा मोड़ मे जाम से निजात , सी पी पी पावर प्लांट में चोरी रोकना, अवैध कोयला, शराब, गांजा, तम्बाकू के साथ ही साथ विभिन्न अपराध को रोकने के अलावे समाज मे लगातार बेहतर कार्य कर अच्छे संदेश देने के साथ ही साथ विभिन्न मामले का उद्भेदन और कार्रवाई को देखते हुए युवा समाजसेवी, ने कथारा ओपी प्रभारी को बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

## पेज एक का शेष

### स्वास्थ्य विभाग में ...

**चंपई ने झामुमो को धोखा दिया :** स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि चंपई सोरेन ने झामुमो को धोखा दिया। पीठ पर वार किया। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी, स्मृति ईरानी का सर्टिफिके ट सार्वजनिक किया जाना चाहिए। इसके पहले भाजपा के मनोज यादव ने कहा कि इरफान अंसारी विदेश से डॉक्टरी पढ़ कर आये हैं। उन्हें यहां असली डॉक्टर होने का सबूत देना चाहिए। इस पर श्री अंसारी ने कहा- मैं एमबीबीएस की डिग्री लेकर आया हूं। उस डिग्री को एमसीआइ क्लीयरेंस देती है। मैं इसे सार्वजनिक कर सकता हूं। लेकिन पीएम मोदी, निशिकांत दूबे और स्मृति इरानी का सर्टिफिकेट भी सार्वजिक किया जाये। इसके बाद भाजपा विधायकों ने इस पर एतराज जताया और सदन से वॉक आउट किया।

### गरज के साथ...

23 मार्च तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में गर्जन के साथ तेज हवा चलने को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम में बदलाव और बारिश के कारण राजधानी गर्मी से राहत मिली है। 22 मार्च को गढ़वा, पलामू, लातेहार, छत्र और लोहरदगा के कुछ इलाकों में गर्जन और 30-40 कि गति से हवा चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी23 मार्च को किया गया है।

**पहले ही आशंका जतायी थी :** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने गुरुवार के दोपहर 3:00 बजे झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा के लिए अलर्ट जारी किया था। गरज के साथ बारिश, तेज हवाएं और ओलावृष्टि को ले कर लोगों को सतर्क किया गया था। आईएमडी के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी से आने वाली नम हवाओं और एक कम दबाव के क्षेत्र के प्रभाव से यह मौसमी बदलाव देखने को मिल रहा है।

**संथाल में अधिक असर :** मौसम के बदलाव का संथाल परगना के जामताड़ा, देवघर और अन्य इलाकों में अधिक असर रहा। अचानक मौसम ने करवट ली है, सुबह से ही गरज के साथ हल्की बारिश होती रही। बारश से झारखंड में मौसम सुहाना हो गया है। संथाल के इलाकों में सुबह से ही गरज के साथ हल्की बारिश भी शुरू हो गयी। सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक करने वाले, स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को परेशानी झेलनी पड़ी।

### झारखंड के सीइओ ...

**पड़ोसी देश श्रीलंका का है नंबर :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की कंप्लेंट के बाद साइबर क्राइम ब्रांच मामले की जांच कर रही है। अब तक जो जानकारी मिली है जिस नंबर से ठगी का प्रयास किया गया था वह श्रीलंका का नंबर है। हालांकि साइबर अपराधी कई तरह के एप का प्रयोग कर विदेशी नंबरों को दशार्ते हैं। फिलहाल साइबर क्राइम ब्रांच पूरे मामले की पड़ताल कर रही है। के रवि कुमार ने साइबर अपराधियों के द्वारा भेजे गये मैसेज का स्क्रीन शॉट भी साइबर थाना को उपलब्ध करवाया गया है।

### छोड़ा न, तोहरा ...

इन लोगों के बोलने का कोई मतलब नहीं है। आप लोगों ने तो आजतक कोई काम किया ही नहीं। आप लोग बोलकर पब्लिशिटी पाना चाहते हैं। लेकिन लोग सबकुछ समझ रहे हैं। किसी को बचाया नहीं।

**नीतीश को भाजपावाले उकसा रहे हैं : राबड़ी**

इधर सदन के बाहर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए राबड़ी देवी ने कहा कि पूरे बिहार में आए दिन बलात्कार, हत्या की घटनाएं हो रही हैं। सरकार से अपराध कंट्रोल नहीं हो रहा है। कागज पर कहता है कि सब हो रहा है लेकिन कहीं कुछ नहीं हो रहा। बिहार में महाजंगलराज है। भाजपा के लोग नीतीश कुमार को उकसा रहे हैं

**परिषद में हंगामा, नारेबाजी :**विधान परिषद की कार्रवाई शुरू होते ही राजद और विपक्षी दलों के विधायक सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए खड़े हो गए और सदन के वेल में आ गये। राबड़ी देवी अपने स्थान पर खड़ी हो गयीं और सरकार पर गंभीर आरोप लगाने लगीं। हंगामा देख सीएम नीतीश कुमार भी खड़े हो गये। उन्होंने आपराधिक कांडों की जांच करवा कर कठोर कार्रवाई काआश्वासन दिया। कोमल हत्याकांड पर कहा कि किसी की हत्या हुई है तो निश्चित रूप से कार्रवाई होगी। आप लोग बैठ जाइये और सदन चलने दीजिए। जवाब से विपक्षी सदस्य संतुष्ट नहीं हुए हंगामा जारी रखा तो नीतीश कुमार ने मोर्चा खोल दिया।

**सभी अपना मोबाईल छिपाने लगे :**मुख्यमंत्री की सख्त चेतावनी के बाद विधानसभा में मौजूद कई विधायकों में हड़कंप मच गया। कुछ सदस्य जल्दी-जल्दी अपने मोबाइल फोन छिपाने लगे, तो कुछ ने मोबाइल का उपयोग बंद कर दिया। सीएम की इस नाराजगी के बाद यह साफ हो गया कि आने वाले दिनों में विधानसभा में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर पूरी तरह से पाबंदी लग सकती है। दरअसल, एक विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदाय यादव मोबाइल में आंकड़े देखकर अपनी बात रख रहे थे। इसी दौरान मंत्री लेसी सिंह जवाब दे रही थीं, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जैसे ही यह देखा, वे खुद खड़े हो गये और कड़ा ऐतराज जताया।

स्पीड न्यूज

## ईद पर रिलीज होगी सलमान खान की फिल्म सिकंदर



**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की फिल्म सिकंदर 30 मार्च को ईद के अवसर पर रिलीज होगी। सलमान खान और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म सिकंदर काफी चर्चा में है। इस फिल्म का निर्देशन ए. आर. मुरुगदॉस ने किया है जबकि साजिद नाडियाडवाला ने इसे प्रोड्यूस किया है। सलमान खान ने अपने सोशल मीडिया पर 'सिकंदर' का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया। सिकंदर 30 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

## ट्रंप व जेलेंस्की आंशिक युद्ध विराम पर सहमत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके यूक्रेनी समकक्ष वोलोडिमिर जेलेंस्की ने बुधवार को एक फोन कॉल में रूस और यूक्रेन के बीच ऊर्जा के विरुद्ध आंशिक युद्ध विराम पर सहमति व्यक्त की। व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। यह फोन कॉल ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा मंगलवार को अपनी फोन वार्ता में इस बात पर सहमत होने के एक दिन बाद की गई कि यूक्रेन में शांति ऊर्जा और बुनियादी ढाँचे के युद्ध विराम से शुरू होगी। रिजर्व बैंक ने इंद्रनील भट्टाचार्य को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया

## रिजर्व बैंक के ईडी बने इंद्रनील भट्टाचार्य

नयी दिल्ली ।आरबीआई ने इंद्रनील भट्टाचार्य को कार्यकारी निदेशक (ईडी) नियुक्त किया है। कार्यकारी निदेशक के रूप में भट्टाचार्य आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग का कार्यभार संभालेंगे। भट्टाचार्य की नियुक्ति 19 मार्च से प्रभावी होगी। आरबीआई ने गुरुवार को बताया कि कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी पदोन्नति से पहले भट्टाचार्य आरबीआई के मौद्रिक नीति विभाग में सलाहकार के रूप में कार्यरत थे। केंद्रीय बैंक ने कहा कि उनकी शोध रुचि मुख्य रूप से मौद्रिक सिद्धांत और नीति, वित्तीय बाजार, बाजार सूक्ष्म संरचना और राजकोषीय नीति में है।

## बीएमडब्ल्यू के वाहन 3 फीसदी तक होंगे महंगे

नयी दिल्ली। रेनॉल्ट इंडिया के बाद बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने भी अप्रैल से बीएमडब्ल्यू और मिनी कारों की कीमतों में तीन फीसदी तक की बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इस साल दूसरी बार कीमतों में बढ़ोतरी करने जा रहा है। नई कीमतें एक अप्रैल, 2025 से प्रभावी होंगी। कीमत में बढ़ोतरी का असर बीएमडब्ल्यू 7 सीरीज लॉन्ग व्हीलबेस और बीएमडब्ल्यू 1, 3 और 5 सहित कई मॉडल जैसी लग्जरी पेशकशों पर भी पड़ेगा।

## खनौरी बार्डर पर बेरिकेडिंग हटा

**जींद।** पंजाब के खनोरी बॉर्डर पर सुबह 9 बजे से बेरिकेडिंग हटाने का जो काम चल रहा था, वह पूरा हो गया है। हरियाणा की सीमा पूरी तरह से साफ कर दिया गया है। हालांकि पंजाब की तरफ से हाईवे पर अभी भी ट्रैक्टर खड़े हैं। जिस कारण यातायात का आवागमन शुरू नहीं किया गया है। शुक्रवार सुबह तक रास्ता पूरी तरह से साफ हो जाएगा। उसके बाद वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा। पिछले 13 महीने से यहां पर किसानों द्वारा आंदोलन के साथ धरना दिया जा रहा था। इस कारण दिल्ली पटियाला नेशनल हाईवे बंद था।

# सेना को मिलेंगी वर्ल्ड क्लास स्वदेशी तोपें

## 54 हजार करोड़ के रक्षा सौदे की केंद्र ने दी मंजूरी

एजेंसी

- हॉवित्जर के निर्माण में घरेलू क्षमता को मिलेगा बढ़ावा
- 50 किलोमीटर की दूरी पर लक्ष्य को भेद सकती है तोप



**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने तीनों सेनाओं की मारक क्षमता बढ़ाने के लिए 54 हजार करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को आज मंजूरी दे दी जिसमें सेना के टैंकों के लिए अधिक शक्तिशाली ईंजन, नौसेना के लिए पनडुब्बी रोधी टॉरपीडो और वायु सेना के लिए निगरानी प्रणाली अवाक्स की खरीद शामिल है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में रक्षा अधिग्रहण परिषद की गुरूवार को ह्ुई बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। परिषद ने बैठक में 54,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के आठ पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों को आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की।

इन सौदों में सेना के लिए टी-90 टैंकों के मौजूदा 1000 एचपी इंजन को अपग्रेड करने के लिए 1350 एचपी इंजन की खरीद के लिए स्वीकृति प्रदान की गयी है। इससे इन टैंकों की युद्धक्षेत्र में गतिशीलता बढेगी, खासकर अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में, क्योंकि इससे शक्ति-भार अनुपात में वृद्धि होगी। भारतीय नौसेना के लिए, वरुणास्त्र टॉरपीडो (लड़ाकू) की खरीद के लिए भी मंजूरी दी गयी है। स्वदेशी उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) हासिल करने के लिए करीब 7,000 करोड़ रुपये के सौदे को मंजूरी दी है। यह सौदा 307 हॉवित्जर के लिए है, जिनकी मारक क्षमता 45-48 किलोमीटर तक है। इस सौदे में सेना की 15 आर्टिलरी रेजिमेंटों को हथियार पहुंचाने वाले 327 गन टोइंग वाहन भी शामिल हैं। इस अनुबंध पर अगले सप्ताह सौदे पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है, जिससे भारी भरकम हॉवित्जर के निर्माण में घरेलू क्षमता को बढ़ावा मिलेगा।

सेना ने चीन और पाकिस्तान के साथ सीमाओं पर तैनाती के लिए 307 उन्नत टोड आर्टिलरी गन सिस्टम (एटीएजीएस) खरीदने का प्रस्ताव लगभग दो साल पहले रक्षा मंत्रालय को भेजा था। स्वदेशी हॉवित्जर के लिए यह पहला ऑर्डर होगा, जो लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर लक्ष्य को मार सकती है। परीक्षणों के दौरान टैंक के आकार और लक्ष्यों पर दिन-रात की फायरिंग, पांच राउंड बस्ट के लिए परीक्षण, लगभग तीन मिनट में 15 राउंड की रैपिड-फायर दर और हर घंटे 60 राउंड की निरंतर फायरिंग क्षमता आंकी गई है। इस दौरान रेगिस्तान में रेत के टीलों पर नेविगेशन के साथ और 70 सड़कों पर हाई-स्पीड ट्रायल हुए हैं। डीआरडीओ की पुणे स्थित प्रयोगशाला आयुध अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (एआरडीई) में एटीएजीएस को डिजाइन और विकसित किया गया है।

## सैनिकों के मानसिक हेल्थ की देखभाल करेगा निम्हांस



**नयी दिल्ली।** अब देश के रक्षा कर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की दिशा में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निम्हांस) सहयोग करेगा। इसके लिए सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) ने गुरुवार को अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता तीनों सेनाओं के जवानों, उनके परिवारों तथा आश्रितों की मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने पर केंद्रित होगा।

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा की महानिदेशक सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन और निम्हांस की निदेशक डॉ. प्रतिमा मूर्ति ने नई दिल्ली में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

एएफएमएस और निम्हांस के बीच यह सहयोग मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने, चिकित्सा कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित करने और सैनिकों, नाविकों, वायुसैनिकों, उनके परिवारों तथा आश्रितों के मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने के लिए अभिनव कार्यक्रम विकसित करने पर केंद्रित होगा।




नयी दिल्ली में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पीलीभीत टाइगर रिजर्व के वन्य जीवों और उनके संरक्षण पर केंद्रित पुस्तक भेंट करते केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद।

# बिहार को मिले विशेष राज्य का दर्जा

## बिहार सरकार ने 16वें वित्त आयोग से की मांग

खबर मन्त्र संवाददाता

- विभिन्न क्षेत्रों के लिए तत्काल वित्तीय सहायता के लिए एक लाख करोड़ रुपये मिले
- केंद्रीय करों में राज्यों के शेयर को 50 % किया जाए
- सेस व सरचार्ज को विभाज्य पूल में शामिल किया जाए
- राज्यों के बीच केंद्रीय करों के शेयर बंटवारे में गरीबी को भी आधार बनाया जाए
- जनसंख्या घनत्व को संसाधन हस्तांतरण के फॉर्मूले में प्राथमिकता दे



**पटना।** बिहार सरकार ने 16वें वित्त आयोग के सामने कई मांगों की सूची दी। इसमें बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के साथ ही 1 लाख करोड़ रुपये के तात्कालिक अनुदान की मांग की गई है। बिहार ने केंद्रीय करों की हिस्सेदारी में राज्यों का हिस्सा भी बढ़ाने की मांग की है। 16वें वित्त आयोग के सदस्य तीन दिवसीय बिहार दौरे पर हैं। पटना में आयोजित आयोग की बैठक में गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल हुए। बिहार ने टैक्स के बंटवारे में बहुआयामी गरीबी सूचकांक के आधार को भी एक मानक बनाने का आग्रह 16 वें वित्त आयोग से किया है। पटना आयोजित बैठक में आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा बिहार ने विशेष राज्य का दर्जा भी मांगा है, लेकिन यह विचार करने योग्य प्रश्न नहीं है। नीतीश कुमार भी गुरुवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में आयोजित 16वें वित्त आयोग की बैठक में शाामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि बिहार में 3 दिवसीय भ्रमण पर 16वें वित्त आयोग का आगमन हुआ है। इस अवसर पर वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया सहित सभी सदस्यगणों का उन्होंने स्वागत किया। नीतीश ने आयोग के सदस्यों से कहा कि आप सभी काफी अनुभवी एवं योग्य हैं और बिहार को आपसे काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा कि यह गौरव की बात है कि आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर के कुलाधिपति भी हैं। इसलिए वे बिहार की सामाजिक एवं आर्थिक पृष्ठभूमि से परिचित हैं।

## डिजिटल अरेस्ट कर वृद्ध महिला से 20 करोड़ ठगी

एजेंसी

- दक्षिण मुंबई में 86 वर्षीय महिला से जालसाजों ने सीबीआइ अधिकारी बनकर की ठगी, तीन गिरफ्तार

**मुंबई ।** दक्षिण मुंबई में रहने वाली 86 वर्षीय एक महिला ने डिजिटल गिरफ्तारी दौरान दो महीने में 20 करोड़ रुपये से अधिक गंवा दिये। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जालसाजों में से एक ने महिला से पैसे ऐंठने के लिए खुद को सीबीआई अधिकारी बताया था। पुलिस के अनुसार, 26 दिसंबर 2024 से इस साल तीन मार्च के बीच अंजाम दिये गए इस अपराध के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपियों ने पीड़िता को दो महीने तक घर पर ही रहने को मजबूर किया और हर तीन घंटे में फोन कर प्रतिदिन उसकी लोकेशन जानते रहे। उन्होंने बताया कि साइबर पुलिस ने उन बैंक खातों की पहचान करके महिला के 77 लाख रुपये के निकालने पर रोक लगाई, जिनमें धन हस्तांतरित किया गया था। महिला के घर पर काम करने वाली घरेलू सहायिका ने उसके व्यवहार में बदलाव आने की जानकारी उसकी बेटी को दी। महिला केवल खाना खाने के लिए ही कमरे से बाहर निकलती थी।

## इजराइल का गाजा में हमला, 70 की मौत

**गाजा पट्टी।** इजराइल ने गाजा पट्टी में सक्रिय आतंकी समूह हमास को तहस-नहस करने के इरादे से युद्ध विराम टूटने के बाद पहली बार बुधवार को जमीनी हमला किया। इस हमले में कम से कम 70 लोग मारे गए। इजराइली सेना ने कहा कि उसने गाजा में हमास के ठिकानों पर धावा बोला। इस लड़ाई में महत्वपूर्ण जगहों पर उसने कब्जा कर लिया।इससे एक दिन पहले इजराइल ने बमबारी की थी। बमबारी में कम से कम 400 लोगों की जान गई। इजराइल ने जमीनी लड़ाई गाजा पर बमबारी करने के एक दिन बाद शुरू की है। इसी के साथ हमास के साथ युद्ध विराम टूट गया। इजराइल ने हमास पर बंधकों को रिहा करने से इनकार करने और मध्यस्थों के प्रस्तावों को अस्वीकार करने का आरोप लगाया।

## अमेरिकी वस्तुओं पर भारत भी कम करेगा टैरिफ : ट्रंप



**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी वस्तुओं पर भारत अपने शुल्क को कम करेगा। हालांकि ट्रंप ने इसके साथ ही दो अप्रैल से भारत पर भी अमेरिकी शुल्क लगाने की अपनी धमकी को दोहराया। अमेरिकी समाचार वेबसाइट ब्रेइटबार्ट न्यूज के साथ साक्षात्कार में ट्रंप ने भारत के साथ अमेरिका के संबंधों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ पिछले महीने हुई वार्ता के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा कि भारत के साथ उनके बेहद अच्छे संबंध हैं। वेबसाइट ने ट्रंप के हवाले से कहा कि लेकिन भारत के साथ मेरी एकमात्र समस्या यह है कि वह दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक हैं। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि वे संभवतः उन शुल्कों को काफी हद तक कम करने जा रहे हैं, लेकिन दो अप्रैल से हम उनसे वही शुल्क वसूलेंगे जो वे हमसे वसूलते हैं। भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप-आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने विशेष रूप से चीन का उल्लेख नहीं किया, लेकिन कहा कि यह अद्भुत देशों का समूह है जो व्यापार पर हमें नुकसान पहुंचाने वाले अन्य देशों का मुकाबला करने के लिए एक साथ आ रहे हैं।

## बिहार : स्वास्थ्य विभाग में 66108 पदों पर होगी बहाली : मंगल पांडे

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने घोषणा की है कि राज्य में इस वर्ष स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न श्रेणी के 38733 पदों पर नियमित नियुक्तियां होंगी। इन नियमित पदों के अलावा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत पूर्व से कार्यरत आशा एवं आशा फैसिलिटेटर के अलावा 27375 ग्रामीण और शहरी आशा का चयन भी होगा। मंत्री गुरुवार को विधानसभा में स्वास्थ्य विभाग के 20 हजार 35 करोड़ 80 लाख के बजट पर हुई चर्चा के बाद सरकार का पक्ष रख रहे थे।

**औरंगाबाद समेत सात जिलों में खुलेंगे मेडिकल कॉलेज :** मंत्री ने सदन को बताया कि सात जिलों औरंगाबाद, अररिया, जहानाबाद, बांका, , कैमूर, खगड़िया और नवादा में नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे। इसकी स्वीकृति दी जा चुकी है।

**बेगूसराय, नवादा में कैंसर अस्पताल खुलेंगे :** उन्होंने कहा कि बेगूसराय और नवादा में कैंसर अस्पताल खुलेंग, जिसका प्रस्ताव स्वीकृत किया जा चुका है। साथ ही बिहार कैंसर एवं शोध सोसाइटी की स्थापना होगी। मेडिकल कॉलेज अस्पतालों को पीपीपी के आधार पर स्थापित करने और संचालित करने के लिए नीति बनेगी।

# पांच सप्ताह बाद सेंसेक्स 76 हजार के पार

एजेंसी

- फेड के ब्याज दर कटौती अनुमान को बरकरार रखने से शेयर बाजार में उछाल
- सेंसेक्स 899 अंक छलांग लगाकर 76,348 पर पहुंचा
- निफ्टी 283 अंक मजबूत होकर 23190 पर हुआ बंद



**मुंबई।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के इस वर्ष ब्याज दरों में दो बार कटौती के अनुमान को बरकरार रखने से अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में गिरावट की बदौलत स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से गुरुवार को शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन उछाल रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 899.01 अंक अर्थात 1.19 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब पांच सप्ताह बाद 76 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 76,348.06 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले 13 मार्च को यह 76,138.97 अंक पर रहा था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 283.05 अंक यानी 1.24 प्रतिशत मजबूत होकर 23 हजाार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 23,190.65 अंक पर बंद हुआ।

दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी तेजी रही। मिडकैप 0.61 प्रतिशत चढ़कर 41,359.70 अंक और स्मॉलकैप 0.73 प्रतिशत उछलकर 46,344.59 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4146 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2410 में लिवाली जबकि 1606 में बिकवाली हुई वहीं 130 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

इस बीच डॉलर इंडेक्स 103.36 पर स्थिर रहा, जिससे भारत जैसे उभरते बाजारों में सकारात्मक धारणा को बढ़ावा मिला। इससे स्थानीय स्तर पर जमकर लिवाली हुई और बीएसई के सभी 21 समूह चढ़ गए। इस दौरान कमोडिटीज 0.61, सीडी 0.97, ऊर्जा 1.42, एफएमसीजी 1.12, वित्तीय सेवाएं 0.62, हेल्थकेयर 1.20, इंडस्ट्रियल्स 0.59, आईटी 1.28, दूरसंचार 1.94, यूटिलिटीज 0.28, ऑटो 1.39, बैंकिंग 0.64, कैपिटल गुड्स 0.86, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.05, धातु 0.95, तेल एवं गैस 1.56, रियल्टी 1.11, टेक 1.89, सर्विसेज 1.11 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.23 प्रतिशत मजबूत रहे। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 468 अंक की तेजी के साथ 75,917.11 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 75,684.58 अंक के निचले स्तर पर आ गया। वहीं, इसके बाद शुरू हुई लिवाली की बदौलत यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 76,456.25 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 75,449.05 अंक के मुकाबले 1.19 प्रतिशत मजबूत होकर 76,348.06 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी भी 129 अंक चढ़कर 23,036.60 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,973.95 अंक के निचले जबकि 23,216.70 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 22,907.60 अंक की तुलना में 1.24 प्रतिशत उछलकर 23,190.65 पर रहा।

इस दौरान अल्ट्रासिम्को, बजाज फाइनेंस और इंडसइंड बैंक 1.23 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में तेजी रही। भारती एयरटेल 4.17, टाइटन 3.82, टीसीएस 1.88, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.86, इंफोसिस 1.74, नेस्ले इंडिया 1.68, रिलायंस 1.67, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.56, एचडीएफसी बैंक 1.34, सन फार्मा 1.24, टाटा मोटर्स 1.21, एचसीएल टेक 1.12 और पावरग्रिड के शेयरों में ने 1.08 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

